RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 243
नई दिल्ली, मंगलवार, 12 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



अर्जुन बबूता ने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता
स्पोर्ट्स-12

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए भाजपा हुई मुखर

- उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसंख्या नियंत्रण के साथ असंतुलन पर सचेत रहने की सलाह
- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कही सभी को जागरूक बनने तो केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने की कड़ा कानून बनाने की मांग
- नगालैंड भाजपा अध्यक्ष ने लोगों से अकेला रहने और सिंगल मूवमेंट में शामिल होने की अपील की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लखनऊ

**जनसंख्या** नियंत्रण के लिए भारतीय जनता पार्टी ने फिर मुखर होकर आवाज उठाई है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2023 तक चीन को पछाड़ सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन साथ ही जनसंख्या असंतुलन भी नहीं होना चाहिए। नगालैंड के मंत्री तेमजेन इम्ना अलोंग ने लोगों से अकेला रहने और सिंगल मूवमेंट में शामिल होकर जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूक होने की अपील की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ उनकी पार्टी का नहीं, बल्कि भारत के हर जागरूक नागरिक का है।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के सामने आने के बाद भाजपा ने सोमवार को कहा कि राजनीतिक दलों को जनसंख्या वृद्धि के मुद्दे पर सही कदम उठाने के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए, क्योंकि इससे सभी का भविष्य जुड़ा हुआ है। भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह मुद्दा केवल उनकी पार्टी का नहीं है, बल्कि भारत के हर जागरूक नागरिक का है। त्रिवेदी ने हालांकि जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए कुछ समूहों द्वारा कानून बनाने के लिए की जा रही मांग का उल्लेख नहीं किया, लेकिन इस तरह के विधाई उपायों के मुखर समर्थक रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक कड़े कानून का समर्थन किया। सिंह ने एक ट्वीट में कहा कि बढ़ती आबादी का दानव देश को विश्व गुरु बनने से रोक रहा है। जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए सख्त कानून की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि हमें इस मुद्दे को धर्म या जाति के चश्मे से नहीं, बल्कि देश के नजरिए से देखना चाहिए।



बेंगलुरु में सोमवार को जनसंख्या दिवस पर पोस्टर लिए आशा कार्यकर्ता

### आबादी में अगले साल ही चीन को पछाड़ देगा भारत

**संयुक्त** राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग द्वारा विश्व जनसंख्या संभावनाएं 2022, जनसंख्या विभाग की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत वर्ष 2023 तक दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन को पीछे छोड़ देगा। भारत में 2050 में 1.668 बिलियन आबादी होने का अनुमान है। उस समय चीन में 1.317 अरब लोग होंगे। इस समय चीन की जनसंख्या 1.426 बिलियन और भारत की जनसंख्या 1.412 बिलियन है। वर्ष 2022 में दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी एशिया रहे, जिनमें 2.3 बिलियन लोग हैं। यह वैश्विक आबादी का 29 प्रतिशत है। ( शेष पेज 8 )

जनसंख्या के मुद्दे पर हमेशा ही मुखर होकर बोलने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए कहा कि जब हम परिवार नियोजन या जनसंख्या स्थिरीकरण की बात करते हैं तो हमें ध्यान में रखना होगा कि जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़े, लेकिन जनसांख्यिकी असंतुलन की स्थिति भी न पैदा होने पाए। योगी ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि जनसंख्या वृद्धि की गति या किसी समुदाय का प्रतिशत अधिक हो और हम मूल निवासियों की आबादी को स्थिर करने के लिए जागरूकता या प्रवर्तन के माध्यम से कार्य कर रहे हों। उन्होंने कहा कि इसका धार्मिक जनसांख्यिकी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वहां अराजकता और अव्यवस्था शुरू हो जाती है। इसलिए जब हम जनसंख्या स्थिरीकरण के बारे में बात करते हैं तो यह सभी के लिए और जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के ऊपर एक समान होना चाहिए।

आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जहां वर्तमान जनसंख्या 24 करोड़ से अधिक है और आने वाले कुछ वर्षों में यह 25 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकता है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है और आशा बहनें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत समिति सहित अन्य प्रतिनिधिगण एवं शिक्षकगण स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को और बेहतरीन तरीके से आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने की सलाह भी दी। नागालैंड भाजपा के अध्यक्ष और वर्तमान में उच्च शिक्षा व आदिवासी मामलों के मंत्री तेमजेन इम्ना अलोंग (42) ने जनसंख्या वृद्धि के मुद्दे पर ट्वीट कर कहा कि आइए हम समझदार बनें। वह स्वयं कुंवारे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी तरह कुंवारे रहें या जनसंख्या नियंत्रण के लिए उपलब्ध विकल्पों का उपयोग करें या सिंगल मूवमेंट में शामिल होकर भविष्य को सुरक्षित करने में मदद कर सकते हैं।

# सांसदों के स्वागत को तैयार हो रहा नया संसद भवन





नई दिल्ली में नए संसद भवन पर बने राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह (बाएं) का अनावरण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन की छत पर बने राष्ट्रीय प्रतीक चार शेरों वाली कांस्य प्रतिमा का सोमवार को अनावरण किया। यह प्रतीक 9,500 किलोग्राम वजनी है और इसकी ऊंचाई 6.5 मीटर है। यह इस साल के आखिर में नए संसद भवन में कामकाज शुरू होने से पूर्व पहला बड़ा मील का पत्थर है। अधिकारियों के अनुसार, संसद का शीतकालीन सत्र नए भवन में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार नए संसद भवन की छत पर राष्ट्रीय प्रतीक को स्थापित करने की प्रक्रिया क्ले मॉडलिंग और कंप्यूटर ग्राफिक्स से लेकर कांस्य की ढलाई और पॉलिश तक आठ विभिन्न स्तरों से गुजरी है। इसे सहारा देने के लिए इसके आसपास करीब 6,500 किलोग्राम के इस्पात के एक ढांचे का निर्माण किया गया है। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश और शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह भी उपस्थित थे। ( शेष पेज 8 )

### विपक्ष ने की राष्ट्रीय प्रतीक अनावरण की आलोचना

**विपक्षी** दलों ने नए संसद भवन में राष्ट्रीय प्रतीक का अनावरण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की और उन पर शक्ति के पृथक्करण के संवैधानिक सिद्धांत को पलटने, विपक्षी नेताओं की अनुपस्थिति और संसद भवन परिसर में धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन जैसे आरोप लगाए। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट किया, संविधान संसद, सरकार और न्यायपालिका के अधिकारों को पृथक करता है। सरकार का प्रमुख होने के नाते, प्रधानमंत्री को नए संसद भवन में राष्ट्रीय प्रतीक का अनावरण नहीं करना चाहिए था। माकपा के पोलित ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री का यह कदम भारतीय संविधान का स्पष्ट उल्लंघन है। ( शेष पेज 8 )

# उद्धव खेमे के विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

- न्यायालय ने कहा- अयोग्य ठहराने की याचिका पर अभी कोई फैसला नहीं हो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उद्धव** ठाकरे की अगुवाई वाले खेमे के शिवसेना विधायकों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के नव-निर्वाचित अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से कहा कि ठाकरे नीत धड़े के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका पर कोई फैसला नहीं लिया जाए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे ने विश्वास मत और विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के दौरान पार्टी व्हिप का उल्लंघन किए जाने के आधार पर यह मांग की थी। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के बागी विधायकों के महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने के बाद, ठाकरे गुट ने शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की हैं। ( शेष पेज 8 )



### द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में शिवसेना के कई सांसद

**महाराष्ट्र** में शिवसेना के 18 लोकसभा सदस्यों में से 13 ने सोमवार को राष्ट्रपति चुनाव पर एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया और उनमें से अधिकतर ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का सुझाव दिया। यह जानकारी शिवसेना नेता गजानन कीर्तिकर ने दी। हालांकि, शिवसेना सांसद एवं मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने दावा किया कि लोकसभा में पार्टी के 18 सदस्यों में से 15 ने उपनगरीय बांद्रा में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री में हुई बैठक में भाग लिया। उन्होंने इस संबंध में कोई ब्योरा नहीं दिया।

## गोवा कांग्रेस के 'लापता' पांच विधायक विधानसभा सत्र में शामिल हुए

**पणजी (भाषा)।** गोवा में विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस के जिन पांच विधायकों से संपर्क नहीं हो पा रहा था, वे सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए और कहा कि विपक्षी दल में कोई समस्या नहीं है। पार्टी के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को कहा था कि राज्य में कांग्रेस के 11 विधायकों में से पांच... माइकल लोबो, दिगंबर कामत, केदार नाइक, राजेश फलदेसाई और डिलायला लोबो से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस ने लोबो को 40 सदस्यीय विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा दिया है। कांग्रेस के गोवा मामलों के प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने आरोप लगाया था कि लोबो और कामत कांग्रेस में फूट डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर साजिश रच रहे हैं। लोबो ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि पार्टी में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, कोई दिक्कत नहीं है। मुझे नहीं पता कि समस्या क्या है। कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट हैं। हम रविवार को दक्षिण गोवा में एक बैठक में गए थे। ( शेष पेज 8 )

# पलानीस्वामी बने अन्नाद्रमुक के अंतरिम महासचिव

- पनीरसेल्वम पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित

**भाषा।** चेन्नई

**अन्नाद्रमुक** ने सोमवार को तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल में दोहरे नेतृत्व के मॉडल को खत्म करने के लिए एडप्पाडी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) को अपना अंतरिम महासचिव चुना और ओ पनीरसेल्वम (ओपीएस) को पार्टी हितों के खिलाफ काम करने के आरोप में इसकी प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। अन्नाद्रमुक की आम परिषद की एक बैठक में 68 वर्षीय पलानीस्वामी को पार्टी का सर्वोच्च नेता चुना गया और मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिद्वंद्वी गुट की बैठक पर रोक लगाने का आग्रह करने वाली पनीरसेल्वम की याचिका को खारिज किए जाने के तुरंत बाद एक लंबे आंतरिक सत्ता संघर्ष के बीच उन्हें (पलानीस्वामी) पार्टी संचालन के लिए पूर्ण अधिकार दे दिए गए। एकल न्यायाधीश ने कहा कि अदालतें निश्चित रूप से पार्टी के निजी मामलों में हस्तक्षेप करने से परहेज करेंगी।



प्रसन्न मुद्रा में पलानीस्वामी

आम परिषद की एक विवाह मंडप में बैठक से पहले, पलानीस्वामी (ईपीएस) और पनीरसेल्वम (ओपीएस) के समर्थकों के बीच अन्नाद्रमुक मुख्यालय और उसके आस-पास हिंसा हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने परिसरों को सील कर दिया। झड़प में कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। अन्नाद्रमुक, जिसने क्रमश: पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी के कब्जे वाले समन्वयक और संयुक्त समन्वयक के पूर्व शीर्ष दो पदों को खत्म करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया, ने पांच दिसंबर, 2016 को अपनी प्रमुख जयललिता की मृत्यु के बाद एकता बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है। जवाबी कदम में, पनीरसेल्वम ने पलानीस्वामी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। पलानीस्वामी और 71 वर्षीय पनीरसेल्वम दोनों पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पनीरसेल्वम दिवंगत जयललिता के भरोसेमंद वफादार थे। अन्नाद्रमुक ने औपचारिक रूप से एक महासचिव का चुनाव करने के लिए चार महीने में संगठनात्मक चुनाव कराने का भी संकल्प लिया। इसने कई उपनियमों में संशोधन किया है जिसमें पार्टी के शीर्ष पद के लिए लड़ने के वास्ते नए मानदंड और पूर्वापेक्षाएँ शामिल हैं।

न्यायमूर्ति कृष्णन रामास्वामी ने फैसला सुनाया जिसने ईपीएस गुट को अन्नाद्रमुक की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली इकाई आम परिषद की बैठक आयोजित करने की अनुमति दे दी। अदालत ने पनीरसेल्वम के बार-बार अदालत का रुख करने को लेकर नाराजगी भी जाहिर की। न्यायाधीश ने कहा कि वर्तमान मामले में, आवेदक अपने बचाव के लिए अदालतों को उपकरण के रूप में उपयोग करने की कोशिश में अदालतों के दरवाजे खटखटा रहे हैं, ( शेष पेज 8 )

# सजा पूरी होने पर सलेम को छोड़ने के लिए केंद्र बाध्यः सुप्रीम कोर्ट

**1993 मुंबई बम धमाके**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा कि केंद्र पुर्तगाल के समक्ष जताई गई अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करने और 1993 के मुंबई बम धमाकों के मामले में गैंगस्टर अबू सलेम की 25 साल की सजा पूरी होने पर उसे रिहा करने के लिए बाध्य है। सलेम ने कहा था कि 2002 में उसके प्रत्यर्पण के लिए भारत द्वारा पुर्तगाल को दिए गए एक आश्वासन के अनुसार उसकी सजा 25 साल से अधिक नहीं हो सकती है। उसने कहा था कि यह आश्वासन पुर्तगाल को तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी द्वारा दिया गया था।

न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत शक्ति के प्रयोग और सजा पूरी होने को लेकर राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के तहत भारत के राष्ट्रपति को सलाह देने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा, आवश्यक कागजात 25 वर्ष पूरे होने के एक महीने के अंदर आगे बढ़ाए जाएं। वास्तव में, सरकार 25 साल पूरे होने पर एक महीने की समयावधि के भीतर सीआरपीसी के तहत छूट के अधिकार का प्रयोग कर सकती है। केंद्र ने शीर्ष अदालत से कहा था कि भारत संघ द्वारा 17 दिसंबर, 2002 के अपने आश्वासन का सम्मान किए जाने का सवाल तभी उठेगा जब 25 साल की अवधि समाप्त हो जाएगी जो कि 10 नवंबर, 2030 है। विशेष टाडा अदालत ने 1995 में मुंबई के बिल्डर प्रदीप जैन और उनके चालक मेहंदी हसन की हत्या किए जाने के एक अन्य मामले में 25 फरवरी 2015 को सलेम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मुंबई में 1993 के सिलसिलेवार बम धमाकों के दोषियों में से एक सलेम को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर, 2005 को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था।



अबू सलेम की फाइल फोटो

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,395 | ↓ 87 | |
| निफ्टी | 16,216 | ↓ 5 | |
| सोना | 50,677 | ↓ 102 | /10g |
| चांदी | 57,180 | ↑ 49 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जेईई मेन में 14 उम्मीदवारों ने 100 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन का परिणाम घोषित कर दिया है जिसमें 14 उम्मीदवारों ने 100 पर्सेंटाइल अंक हासिल किए है। सर्वाधिक स्कोर प्राप्त करने वालों में तेलंगाना से चार और आंध्र के तीन छात्र हैं। इनमें तेलंगाना से जस्ती यश्वनाथ वी वी एस, रूपेश बियानी, अनिकेत चट्टोपाध्याय और धीरज कुरुकुंदा हैं। वहीं, आंध्र से कोयायाना सुहास, पी रवि किशोर और पोलीशेट्टी कार्तिकेय है। जेईई-मेन में जिन अन्य छात्रों ने 100 स्कोर प्राप्त किया है, उनमें सार्थक माहेश्वरी (हरियाणा), कुशाग्र श्रीवास्तव (झारखंड), मृणाल गर्ग (पंजाब), स्नेहा पारीक (असम), नव्या (राजस्थान), बोया हरसेन सात्विक (कर्नाटक) और सौमित्र गर्ग (उत्तर प्रदेश) से है।

# प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी से 21 को पेश होने के लिए कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अखबार नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए 21 जुलाई को एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा है। ईडी द्वारा सोनिया गांधी (75) को 23 जून के लिए दूसरा समन जारी किया गया था, लेकिन वह उस तारीख पर पेश नहीं हो सकीं, क्योंकि कोविड-19 और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर पर आराम करने की सलाह दी थी। अधिकारियों ने कहा कि गांधी ने समन को चार सप्ताह के लिए स्थगित करने का आग्रह किया था, इसलिए उन्हें 21 जुलाई को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष को पूर्व में 8 जून को पेशी के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उन्हें 23 जून के लिए समन जारी किया गया था। ईडी ने सोनिया के बेटे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से इस मामले में पांच दिनों तक कई सत्र में 50 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। यह जांच कांग्रेस द्वारा प्रवर्तित यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है, जो नेशनल हेराल्ड अखबार का मालिक है। सोनिया, राहुल से पूछताछ की कार्वाई पिछले साल के अंत में ईडी द्वारा धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत एक नया मामला दर्ज करने के बाद शुरू की गई। इससे पहले, एक निचली अदालत ने 2013 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी द्वारा दायर एक निजी आपराधिक शिकायत के आधार पर यंग इंडियन के खिलाफ आयकर विभाग की जांच का संज्ञान लिया था।

## भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंका में भारतीय सैनिक भेजने के समाचारों का खंडन किया


**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने उन खबरों का फिर से खंडन किया है, जिनमें कहा गया है कि नई दिल्ली द्वारा कोलंबो में भारतीय सैनिक भेजे जाएंगे। इससे पहले, मई में भी भारतीय उच्चायोग ने मीडिया के एक वर्ग में आई ऐसी ही खबरों को खारिज किया था। गौरतलब है कि श्रीलंका में आर्थिक संकट के बीच हजारों गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के आधिकारिक आवास पर धावा बोल दिया और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के घर को आग लगा दी। राष्ट्रपति राजपक्षे ने शनिवार को घोषणा की कि वह इस्तीफा देंगे। प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे ने भी कहा कि नई सरकार बनने के बाद वह पद छोड़ देंगे। भारतीय उच्चायोग ने देर रात एक ट्वीट में कहा, उच्चायोग मीडिया और सोशल मीडिया के एक वर्ग में, भारत द्वारा अपनी सेना श्रीलंका भेजे जाने को लेकर आ रहीं खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करना चाहता है।

# दिल्ली में महंगी हुई बिजली, बढ़ा पीपीएसी चार्ज

- पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट को मंजूरी मिलने के बाद बिजली बिल में 2 से 6 फीसदी की बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उमस** भरी गर्मी से परेशान दिल्ली वालों को अब बिजली बिल से भी जोर का झटका लगा है। इस महीने जब लोगों के बिजली बिल आ रहे हैं तो उसे देखकर लोगों को जोर का करंट लग रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग इलाकों में बिजली वितरण कंपनियों ने बिजली बिल पर लगने वाले पावर परचेज एडजेस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) में 2 से 6 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। इसका नतीजा यह है कि अब लोगों के बिल भी बढ़ कर आए हैं। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी)की मंजूरी के बाद कोयले और गैस जैसे ईंधन की कीमतों में वृद्धि के कारण यह बढ़ोतरी की है।




प्रतीकात्मक चित्र

इस संबंध में डीईआरसी की कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिली। पीपीएसी बाजार संचालित ईंधन लागत में भिन्नता के कारण डिस्कॉम को क्षतिपूर्ति करने के लिए एक अधिभार है। अधिकारियों ने कहा कि यह कुल ऊर्जा लागत और बिजली बिल के फिक्स्ड चार्ज घटक पर अधिभार के रूप में लागू होता है। सूत्र के अनुसार डीईआरसी की मंजूरी के मुताबिक, दिल्ली में पीपीएसी में 11 जून से चार फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में प्रतिमाह 200 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने पर उपभोक्ताओं को शून्य बिल आता है। अधिकांश निम्न व निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों का यहां गर्मी के अलावा अन्य महीनों में उतने ही बिल यूनिट की खपत होती है। जिससे उनका बिल नहीं आता है। गर्मियों में पंखे, एसी व कूलर आदि की वजह से बिजली की खपत अधिक होती है। इस वजह से लोग मानकर चलते हैं कि साल के कुछ महीनों तक बिजली की खपत अधिक होगी और इस तरह वह सब्सिडी के दायरे से बाहर आ जाएंगे। बिल भी उन्हें देना पड़ेगा। लेकिन इस बार गत वर्ष के मुकाबले बिल अधिक आने का कारण उन्हें समझ में नहीं आ रहा था। जब बिल ध्यान से देखा तो बिल में पीपीएसी शुल्क के नाम पर अतिरिक्त पैसे जुड़ा हुआ है। दिल्ली सरकार ने भी सीधे बिजली के बिल ना बढ़ाकर अन्य चार्ज बढ़ा दिए हैं।

पावर सेक्टर से जुड़े लोगों के मुताबिक केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने नवंबर 2021 की गाइडलाइंस में सभी राज्यों को पीपीएसी की व्यवस्था लागू करने को कहा था। यह व्यवस्था इसलिए की गई थी ताकि बिजली उत्पादन केंद्रों को वक्त पर भुगतान किया जा सके। ( शेष पेज 8 )

# ग्रेनो प्राधिकरण बदलेगा 75 बस स्टैंड की सूरत, मिलेगी इतिहास और संस्कृति की जानकारी



● यात्रियों के लिए धीमी आवाज में म्यूजिक भी बजाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर को और खूबसूरत बनाने की तैयारियां कर रहा है। जिसके लिए प्राधिकरण ने अब बस स्टैंडों के सौंदर्यकरण करने का निर्णय लिया है।

शहर के 75 बस स्टैंड की सूरत बदलने बदली जाएगी। इनको स्मार्ट बनाने के लिए प्राधिकरण ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। जिसके लिए इसी सप्ताह रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल आरएफपी निकाला जाएगा। साथी यह काम बिल्ट ऑपरेटर एंड ट्रांसफर आधार पर करने की तैयारी है। प्राधिकरण द्वारा लोगों को बस स्टैंड पर कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

फिलहाल, ग्रेटर नोएडा में 75 बस स्टैंड है। जिनकी हालत हालत खराब हो चुकी है। जिसे देखते हुए प्राधिकरण ने अब इनके सुंदर बनाने और यहां पर कई सुविधाएं उपलब्ध कराने का फैसला किया है। इन बस स्टैंडों को स्मार्ट तरीके से विकसित किया जाएगा। ताकि लोगों को यहां पर कोई असुविधा महसूस ना हो। बस स्टैंड पर एलईडी लाइट लगाई जाएंगी और यात्रियों के लिए धीमी आवाज में म्यूजिक भी बजाया जाएगा। इसके अलावा यहां पर किसी एक जनपद का इतिहास और संस्कृति के बारे में बताया जाएगा।

वहीं, हाल ही में प्राधिकरण ने सिटी बस परियोजना को और बेहतर बनाने की तैयारी शुरू की है। जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा निजी ऑपरेटर के साथ अनुबंधन किया जाएगा। ताकि शहर में बसों की संख्या बढ़ सके और रूट भी बढ़ाई जा सके। इस परियोजना में प्राधिकरण ने सेक्टर वासियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

फिलहाल सिटी बस परियोजना से सेक्टर जुड़े हुए नहीं हैं। ऐसे में प्राधिकरण का पहला कार्य होगा कि सिटी बस परियोजनाओं को सेक्टर से जोड़ा जाए। ताकि लोगों उनके वही बस मिल जाए। ऐसे में उन्हें बस पकड़ने के लिए ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## अब खाली बोतल के बदले बस स्टैंड पर मिलेगी कॉफी और चाय

*सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बस स्टैंड्स पर प्लास्टिक बोतल क्रश करने के लिए मशीन लगाएगी। जिसमें बोतल डालने पर एक सिक्का निकलेगा, जिसे कियोस्क पर लगी मशीन में डालने पर कॉफी या चाय पी सकते हैं। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया है कि लोग बोतलों का इस्तेमाल कर के इधर उधर कही भी डाल देते हैं। इस सब पर काबू करने के लिए प्राधिकरण बस स्टेंडो पर क्रश मशीन लगवाएगा। इससे लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूक किया जाएगा।*


प्रपत्र 'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
खदिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन,

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्वतः कर्णी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 20 06 2012 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, जयपुर |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U50100RJ2012PTC072555 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | केबिन 1, प्रथम तल, सी 84, जनपथ लाल कोठी स्कीम, नई विधान सभा के पीछे, जयपुर, राजस्थान 302015, भारत<br>प्रधान कार्यालय : खसरा 196, 197, खेवट खतौनी नंबर 16, किला नंबर 21, 22, सोहना पाली रोड, फरीदाबाद – 121004<br>(पूर्व पंजीकृत पता : बीजी 222, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली 110042, दिल्ली, भारत) |
| 6 | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 28–04–2022 |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 12 07 2022 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | विस्तृत विवरण cirp.grd@gmail.com पर ई मेल भेज कर प्राप्त किया जा सकता है। |
| 9 | धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | आईबीसी की धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड आईबीबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं तथा निम्नवर्णित लिंक से भी प्राप्त किए जा सकते हैं : https://drive.google.com/file/d/1Db_IZcyoMwGOXoYsG1CyO-poCrJKO8vn/view?usp=sharing |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 27–07–2022 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 06 08 2022 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 11 08 2022 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 21–08–2022 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 11 08 2022 |
| 15 | समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि | अनंतिम/अंतिम सूची में शामिल संभावित समाधान आवेदक(कों) को मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध ई मेल द्वारा क्रमांक 21 के अंतर्गत दी गई ई मेल के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। उपरोक्त इन आवेदकों द्वारा गोपनीयता का वचनपत्र प्रस्तुत करने के पश्चात उपलब्ध कराए जाएंगे। |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 10 09 2022 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | सीलबंद लिफाफे में भौतिक प्रति, पेनड्राइव में सिक्योरिटी इनेबल्ड सॉफ्ट कॉपी |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 10 10 2022 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | प्रशांत अग्रवाल, इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल<br>पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-001/IP-P00053/2017-2018/10127 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | प्रशांत अग्रवाल, इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल<br>पता : एफ–106, प्रथम तल, सुमेर कॉम्प्लेक्स, गौतम मार्ग, बागड़िया भवन के पीछे, सी स्कीम, जयपुर 302001, राजस्थान<br>ई मेल आईडी : ippagrawal@gmail.com |
| 21 | पता और ई मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | प्रशांत अग्रवाल, अंतरिम समाधान प्रोफेशनल<br>पता : एफ 106, प्रथम तल, सुमेर कॉम्प्लेक्स, गौतम मार्ग, बागड़िया भवन के पीछे, सी स्कीम, जयपुर 302001, राजस्थान<br>ई मेल आईडी :cirp.grd@gmail.com/ ippagrawal@gmail.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | वही जैसाकि क्रमांक 21 पर वर्णित है |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | 12 07 2022 |

विनियम 36 क (3) (क) के अनुसार, अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु विस्तृत आमंत्रण के लिए अधोहस्ताक्षरी से क्रमांक 21 पर वर्णित विवरण के माध्यम से अनुरोध किया जा सकता है।

वास्ते जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड
(सीआईआरपी के अधीन)
प्रशांत अग्रवाल
(अंतरिम समाधान प्रोफेशनल)
पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-001/IP-P00053/2017-2018/10127
एएफए नंबर एए1/10127/02/301122/103273 दिनांक 30 11 2022 तक वैध
पता : एफ 106, प्रथम तल, सुमेर कॉम्प्लेक्स, गौतम मार्ग, बागड़िया भवन के पीछे, सी स्कीम, जयपुर 302001
तिथि : 26 06 2022
स्थान : जयपुर

संशोधित प्रपत्र–'जी' (द्वितीय)
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
[दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन]

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | स्टेलर इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 12–08–1980 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | आरओसी – दिल्ली |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U67120DL1980PTC010758 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 16/121–122, जैन भवन, फैज रोड, डब्ल्यूईए करोल बाग, नई दिल्ली–110005 |
| 6 | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 24–02–2022 |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 11–07–2022 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | ग्राह्यता मानदंड :<br>क) न्यूनतम शुद्ध मूल्य भारतीय रूपए 10,00,000 (दस लाख) वित्तीय वर्ष 2020 –2021 अथवा तदुपरांत हेतु नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार ;<br>ख) आस्ति पुनर्गठन कम्पनी के मामले में, प्रबंधनाधीन न्यूनतम आस्ति भारतीय रूपए 100,00,00,000/–(रूपए एक सौ करोड़ मात्र) वित्तीय वर्ष 2020 –2021 अथवा तदुपरांत हेतु नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार ;<br>ग) यदि कोई कम्पनी, जिसमें होल्डिंग कम्पनी, सब्सिडियरी कम्पनी अथवा ग्रुप कम्पनी शामिल है, 12 से कम माह में एनपीए के रूप में राशि धारक है, तो उक्त कम्पनी, जिसमें होल्डिंग कम्पनी, सब्सिडियरी कम्पनी अथवा ग्रुप कम्पनी शामिल है, समाधान योजना प्रस्तुत करने के लिए अग्राह्य होगी।<br>घ) वित्तीय वर्ष 2020–2021 अथवा तदुपरांत हेतु नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण तथा/अथवा आय कर रिटर्न तथा/अथवा जीएसटी रिटर्न्स (यदि लागू है) दाखिल करने में कम्पनी की ओर से कोई चूक नहीं की गई है। अन्य विवरण निम्नलिखित को ई–मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है – nazim@mnkassociates.com cirp.stellarinvestments@gmail.com http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php पर उपलब्ध हैं |
| 9 | धारा 29के के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | (आईबीबीआई की आधिकारिक वेबसाइट–लीगल फ्रेमवर्क–अपडेटेड कोड)। विवरण निम्नलिखित को ई–मेल भेजकर भी प्राप्त किया जा सकता है – nazim@mnkassociates.com cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 26–07–2022 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 05–08–2022 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 10–08–2022 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 20–08–2022 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 10–08–2022 |
| 15 | समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि | विवरण निम्नलिखित को ई–मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है – nazim@mnkassociates.com cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 09–09–2022 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | ई–मेल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा nazim@mnkassociates.com cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 09–10–2022 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | नाम–मोहम्मद नाजिम खान<br>पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00076/2017-18/10207 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | नाम : मोहम्मद नाजिम खान,<br>पता : जी–41, ग्राउण्ड फ्लोर, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008<br>ई–मेल : nazim@mnkassociates.com cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 21 | पता और ई–मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | पता : जी–41, ग्राउण्ड फ्लोर, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008<br>ई–मेल : nazim@mnkassociates.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | विवरण निम्नलिखित को ई–मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है – nazim@mnkassociates.com |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | 11–07–2022 |

हस्ता/–
मोहम्मद नाजिम खान
समाधान प्रोफेशनल
स्टेलर इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
आईबीबीआई पंजी. सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00076/2017-18/10207
तिथि : 10–07–2022
स्थान : दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

व्यापक रूप से जनता की जानकारी के लिए। मैं कृष्ण शानू की पत्नी गीता देवी अपने अच्छे स्वास्थ्य और मन की स्वस्थता में घोषणा करता हूं कि मेरे 4 बच्चे हैं, मेरे बड़े बेटे राजू कुमार को छोड़ कर मेरे सभी बच्चे मेरे प्रति वफादार और आज्ञाकारी हैं। राजू कुमार और उनकी पत्नी श्रीमती चांदनी देवी मुझ पर बहुत कठोर रही हैं और मेरे साथ शारीरिक रूप से हिंसक रही हैं, इसलिए परिस्थितियों को समझने और परिणाम से पूरी तरह अवगत होने के बाद मैंने आज से अपने बेटे और उसकी पत्नी को पूरी तरह से त्याग दिया। मेरी किसी भी चल और अचल संपत्ति में उनका कोई अधिकार, हक या हित नहीं होगा। समाज में उसके आचरण के लिए मुझे जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।

मिशाल विज (ऐडवोकेट)
चैम्बर नं0–298, लॉयर्स चैम्बर ब्लॉक–II
दिल्ली हाई कोर्ट, नई दिल्ली–110003

PUBLIC NOTICE

It is to inform the general public that I, Syed Asif Hussain S/o late Syed Qamrul Hussain R/o Kashana E Nehal, Lodikatra, Patna 800008, inform that my father aged 66 passed away on 22-04-2016. I am the main applicant and hereby request Supertech to transfer the ownership of the booked Unit No. Flat # 1101 (R018N21101) in Tower/ Block N2/N2 at the Project Eco Village -1 of SUPERTECH LIMITED is situated at Plot-08, Sector-1 Greater Noida 201303. in my name (Syed Asif Hussain) and the name of my spouse Shagufta Jahan. If anybody has any objections he/she may contact Supertech Limited, E-Square, C-2, Sector-96, Noida within 15 days of this not being published by Mr. Syed Asif Hussain S/o Late Syed Qamrul Hussain.

Sushil Kumar Singh
(Advocate)

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती नितिनजीत पत्नी श्री हरजिंदर सिंह, निवासी फ्लैट नं. 389, द्वितीय तल, वीर आवास अपार्टमेंट, सेक्टर-18ए, द्वारका, नई दिल्ली-110075 श्रीमती मुनेश देवी निवासी स्वर्गीय एल/एनके राजेंद्र सिंह, निवासी गांव और पोस्ट- खेकरा (पुलिस स्टेशन के पास), जिला- बागपत, उत्तर प्रदेश से फ्लैट नं. 389, द्वितीय तल, वीर आवास अपार्टमेंट, सेक्टर-18ए, द्वारका, नई दिल्ली-110075 खरीदने जा रही है, जिसके पास उक्त फ्लैट का स्वामित्व और कब्जा है और यदि किसी व्यक्ति को उक्त फ्लैट नं. 389, द्वितीय तल, वीर आवास अपार्टमेंट, सेक्टर-18ए, द्वारका, नई दिल्ली-110075 के क्रय/विक्रय/ हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से सात दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति/सूचना दे सकता/सकती है।

हस्ता०
मिलिंद एम० भारद्वाज,
एडवोकेट व लीगल कंसल्टेंट्स,
807, पटियाला हाउस कोर्ट,
नई दिल्ली -110001.
मोबाइल नम्बर: 9818331266
ईमेल ID: milindmadhab@yahoo.co.in
दिनांकः 11.07.2022

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारी मुवक्किल श्रीमती मुनेश देवी निवासी स्वर्गीय एल/एनके राजेंद्र सिंह निवासी गांव और पोस्ट- खेकरा (पुलिस स्टेशन के पास), जिला- बागपत, उत्तर प्रदेश विजय वीर आवास योजना के तहत आवंटित डीडीए फ्लैट संख्या 389, कैट-ए, द्वितीय तल, सेक्टर-18ए, द्वारका, नई दिल्ली की मालिक व उक्त फ़्लैट का क़ब्ज़ा प्राप्त हैं और वह उस फ्लैट को श्रीमती नितिनजीत पत्नी श्री हरजिंदर सिंह, निवासी फ्लैट नं. 389, द्वितीय तल, वीर आवास अपार्टमेंट, सेक्टर-18ए०, द्वारका, नई दिल्ली-110075 को बेचना चाह रही हैं और यदि किसी व्यक्ति को इस संपत्ति 389, द्वितीय तल, वीर आवास अपार्टमेंट, सेक्टर-18ए०, द्वारका, नई दिल्ली-110075 की बिक्री/हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति/सूचना दे सकता/सकती है।

हस्ता०
मिलिंद एम० भारद्वाज,
एडवोकेट व लीगल कंसल्टेंट्स,
807, पटियाला हाउस कोर्ट,
नई दिल्ली -110001.
मोबाइल नम्बर: 9818331266
ईमेल ID: milindmadhab@yahoo.co.in
दिनांकः 11.07.2022


# प्राधिकरण की गाड़ी ई-कचरे को घर से उठाएगी



## एक कॉल पर मुफ्त में उठाया जाएगा मलबा

**नोएडा।** अब घर से निकले मलबे का क्या करें इसकी चिंता छोड़ दीजिए। क्योंकि इस मलबे को अब आप एक कॉल कर मुफ्त में ही उठा सकेंगे। जिसके बाद इसको रिसाइकल कर कर्वस्टोन, इंटरलॉकिंग टाइल और सीसी ब्लॉक और अन्य सामग्री का निर्माण किया जाएगा। जिसका जिम्मा नोएडा प्राधिकरण द्वारा एक कंपनी को दिया गया है। यह कंपनी स्वयं आकर सारे मलबे को उठाकर प्लांट तक ले जाएगी और वहां पर उसे रीसायकल करेगी। नोएडा प्राधिकरण द्वारा मलबे को हटाने के लिए टोल फ्री नंबर 18008919657 जारी किया गया है। नंबर पर कॉल करते ही 24 घंटे के अंदर कंपनी के कर्मचारी आकर मलबे को उठाकर ले जाएंगे। जिसके लिए शहर में 14 कलेक्शन सेंटर भी बनाए गए हैं। पहले कर्मचारी मलबे को उठाकर कलेक्शन सेंटर का खिलाएंगे।

● प्राधिकरण ने दो प्राइवेट कंपनियों को सौंपा काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण लगातार मुहिम चला रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर सेक्टरों में कचरा उठाने वाली गाड़ियों को अलग से लगाया गया है। प्राधिकरण की ओर से शहर में ई .वेस्ट कचरा लेने डोर-टू-डोर प्राधिकरण की गाड़ियां पहुंचेगी।

नोएडा प्राधिकरण ने अपने टोल फ्री 18004190431, 18002031460 नंबर भी जारी कर दिए है। वाहन लोगों के घर घर जाकर इलेक्ट्रॉनिक कचरे को उठाएगा और फिर उसका निस्तारण करेगा। यह काम प्राधिकरण ने दो प्राइवेट कंपनियों को ई-वेस्ट कलेक्शन का काम सौंपा है। नोएडा के काफी रिहायशी इलाकों में यह इलेक्ट्रॉनिक कचरे की गाड़ी घर-घर जाएगी और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को इकट्ठा कर अपने साथ ले जाएगी, जिसके बाद इलेक्ट्रॉनिक कचरे का निस्तारण हो जाएगा। जो इलेक्ट्रॉनिक कचरे का निस्तारण करेंगे।

यह पूरा कार्य नोएडा प्राधिकरण के अफसरों की देखरेख में होगा। इस कार्य के पीछे प्राधिकरण का मकसद ई काचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण और पर्यावरण को संरक्षित करना है।

ई-कचरा कलेक्शन वैन, वजन के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीन, फायर सेफ्टी किट, विशेष प्रकार के ऑयल आब्जर्वर उपकरण कचरा प्रबंधन के वाहन में लगा दिए गए है, जिससे कि ऑयल को तुरंत सुखा लिया जाए। दरअसल, इस कार्य के पीछे प्राधिकरण का मकसद ई काचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण और पर्यावरण को संरक्षित करना है। प्राधिकरण के पीजीएम राजीव त्यागी ने बताया किए हमने दो एजेंसियों को नियुक्त किया है। ये एजेंसी नोएडा की अलग-अलग जगह डोर-टू-डोर जाकर ई-कचरा को कलेक्ट करेंगी। ई-कचरा में विभन्न तरीके के खराब उपकरण जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, घड़ी, एसी और टीवी इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक चीजें जिनका समुचित निस्तारण न करने से पर्यावरण को हानि पहुंचती है। साथ ही साथ इन उपकरणों का दुरुपयोग करने की भी संभावना बनी रहती है। हालांकि हमने दो एजेंसियों को नियुक्त किया हैए जिन्होंने अपनी पूरी तैयारियां कर ली हैं। आपको बता दें किए 1 जून से 9 जुलाई तक 2468 किलोग्राम ई-कचरा उठाया गया है। जो जनवरी से लेकर अब तक एकत्रित किए गए ई-कचरे का 40 प्रतिशत है।


U GRO यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड
CAPITAL
चतुर्थ तल, टावर 3, इक्विनोक्स बिजनेस पार्क, एलबीएस रोड, कुर्ला, मुम्बई–400070

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 और 9 के परंतुक के तहत अचल आस्ति(यों) ("प्रतिभूत आस्ति(यों)") की बिक्री के लिए 30 दिन का ई–नीलामी बिक्री नोटिस

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड ("प्रत्याभूत लेनदार") के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित प्रतिभूत आस्ति(यां), जिसका कब्जा प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, निम्नवर्णित कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) द्वारा प्रत्याभूत लेनदार को देय बकाया राशि उसकी वसूली तक भावी ब्याज और अन्य खर्चों सहित की वसूली के लिए नीचे वर्णित तिथि और समय पर जैसी है जो है" तथा "जैसी है जहां है", तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, धरोहर राशि जमा (ईएमडी) का विवरण भी नीचे वर्णित किया गया है :

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का विवरण | मांग सूचना का विवरण | नीलामी का विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1. जैडएनके ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड<br>2. संजीव विग<br>3. सुनीता विग<br>4. प्राइम सोल्स<br>ऋण खाता संख्या :<br>110001एसईसी0036078 | मांग सूचना की तिथि<br>16–05–2022 | सुरक्षित मूल्य | रू. 3,00,00,000/– |
| | | ईएमडी | रू. 30,00,000/– |
| | | ईएमडी जमा की अंतिम तिथि | 11–08–2022 |
| | बकाया राशि :<br>रू. 3,05,99,673/–<br>13–05–2022 तक | नीलामी की तिथि | 16–08–2022 |
| | | नीलामी का समय | पूर्वा. 11 बजे से अप. 01 बजे तक |
| | | वृद्धि मूल्य | रू. 5,00,000/– |

प्रतिभूत आस्ति(यों) का वर्णन :
सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 3 एवं 4, एचआईजी ड्यूपलेक्स फ्लैट, प्रगतिशील अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर 39, सेक्टर–9, रोहिणी, दिल्ली–110085

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड/प्रत्याभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.ugrocapital.com में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें अथवा अधोहस्ताक्षरी से authorised.officer@ugrocapital.com पर सम्पर्क करें।

हस्ता./– नीरज मिश्रा
(प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 12–07–2022


## 15वें वित्त आयोग की बैठक टली, 29 करोड़ के टेंडर रद्द

**गाजियाबाद।** 15 वें वित्त आयोग की प्रस्तावित जिस बैठक के लिए नगर निगम पिछले कई दिनों से तैयारी में लगा था वह टल गई है। इसी बैठक को लेकर अपनी जवाब देही को देखते हुए करीब 29 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के टेंडर को कैंसल कर दिया था। बैठक टलने के पीछे मेयर आशा शर्मा के अभी पूरी तरह से स्वस्थ्य नहीं होना एक कारण बताया जा रहा है। दरअसल निगम को पिछले वित्त वर्ष में 15 वें वित्त आयोग निधि से निर्माण कार्य के लिए करीब 121 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। नगर निगम के निर्माण विभाग ने इस पैसे के सापेक्ष करीब 150 करोड़ रुपये के टेंडर छोड़ दिए। यानि जो पैसा नगर निगम को मिला था उससे भी करीब 29 करोड़ रुपये के अधिक के टेंडर छोड़े गए। नगर निगम का निर्माण विभाग निशाने पर आ गया था।

# शराब पार्टी करते दस विदेशी नागरिक गिरफ्तार, पुलिस वीजा जांच में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी पुलिस ने सेक्टर ओमिक्रोन 1 में छापा मार अवैध रूप से गंजा और शराब की पार्टी करते दस नाइजीरियन को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस को भारी मात्रा में विदेशी शराब और अवैध गांजा बरामद हुआ है।

जानकारी के मुताबिक दादरी पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर ओमिक्रोन 1 के एक फ्लैट में विदेशी नागरिकों द्वारा अवैध नशीली पदार्थो के साथ पार्टी कर रहे है। सूचना मिलते ही थाना दादरी पुलिस मौके पर पहुंची और पार्टी कर रहे दस नाइजीरिया के नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस को भारी संख्या में विदेशी शराब और अवैध गांजा बरामद हुआ है। वहीं, दादरी थाना इंचार्ज ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों नके अवैध शराब का जखीरा जमा कर रखा था और उनका सेवन करने की बात भी कबूली है। सभी विदेशी नागरिकों का प्रप्रत्र और वीजा की जांच की जा रही है।




कामा होल्डिंग्स लिमिटेड
(CIN L92190DL2000PLC104779)
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार,
यूनिट नंबर, 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर विहार प्लेस, नोएडा लिंक रोड ,
मयूर विहार फेज 1 एक्सटेंशन, दिल्ली–110091
टेली. नं. : (+91–11) 49482870, (+91–124) 4354400, फैक्स : (+91–11) 49482900, (+91–124) 4354500
ईमेल : info@kamaholdings.com] वेबसाईट : www.kamaholdings.com
KAMA Holdings

कामा होल्डिंग्स लिमिटेड की बाईसवीं वार्षिक साधारण सभा के संबंध में सूचना

कम्पनी की 22वीं वार्षिक साधारण सभा ("एजीएम") शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे आईएसटी, कमपनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों तथा सूचीयन विनियमावली और सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, सर्कुलर नंबर 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 के साथ पठित सर्कुलर नंबर 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के साथ पठित सर्कुलर नंबर 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 तथा सर्कुलर नंबर 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 (सामूहिक रूप से "एमसीए सर्कुलर्स" के रूप में संदर्भित) और सेबी सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021 तथा 13 मई, 2022 (सामूहिक रूप से "सेबी सर्कुलर्स" के रूप में संदर्भित) तथा कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी अन्य लागू सर्कुलर्स के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम आह्वान की सूचना में वर्णित व्यवसाय निष्पादित किए जाएंगे। सदस्यगण www.evoting.nsdl.com पर वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकेंगे। वीसी सुविधा के माध्यम से भाग ले रहे सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के उद्देश्यार्थ की जाएगी।

संबद्ध सर्कुलर्स के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट तथा एजीएम सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रति कम्पनी के उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट(पार्टिसिपैंट्स) के पास पंजीकृत है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.kamaholdings.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और ई–वोटिंग एजेन्सी, एनएसडीएल की वेबसाइट https://evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, वे सूचना और ई–वोटिंग अनुदेशों की सॉफ्ट कॉपी प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल पता और मोबाइल नंबर का अस्थायी पंजीकरण कम्पनी के रजिस्ट्रार के पास लिंक : https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx पर क्लिक करके करवा सकते हैं। किसी संदेह की स्थिति में, सदस्य info@kamaholdings.com को अथवा Einward.ris@kfintech.com को मेल अपने फोलियो नंबर, पूर्ण पता, ई–मेल पता, जो पंजीकृत किया जाना है, के उल्लेखयुक्त अनुरोध के साथ पैन और सदस्य के पंजीकृत पता के समर्थन में किसी दस्तावेज (जैसेकि ड्राइविंग लाइसेन्स, पासपोर्ट, बैंक विवरण, आधार) की स्कैन की गई स्व–सत्यापित प्रति के साथ भेजें।

सदस्यगण, यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित हैं, तो अपना विवरण डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास, और यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, तो कम्पनी के रजिस्ट्रार के पास अद्यतन करवा सकते हैं।
रिमोटली वोटिंग ("रिमोट ई–वोटिंग") की विधि एजीएम की सूचना में दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोटिंग हेतु सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी।

सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम में जुड़ने हेतु अनुदेश, रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विधि सावधानी के साथ पढ़ लें।
सदस्यों से अनुरोध है कि अपना पूर्ण बैंक विवरण – यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित हैं, तो डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास और यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, तो (i) हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति, जिसमें सदस्य का नाम, फोलियो नंबर, बैंक विवरण (बैंक खाता नंबर, बैंक और शाखा का नाम और पता, आईएफएससी, एमआईसीआर विवरण दिया गया हो, (ii) पैन कार्ड की गई स्व–सत्यापित प्रति तथा (iii) निरस्त चैक पन्ना einward.ris@kfintech.com पर जमा करके पंजीकृत/अद्यतन करवा सकते हैं।

वास्ते कामा होल्डिंग्स लिमिटेड
एकता माहेश्वरी
पूर्ण–कालिक निदेशक, सीएफओ एव कम्पनी सचिव
तिथि : 11–07–2022
स्थान : गुरूग्राम


## निर्माणाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-85 में निर्माणाधीन इमारत की दूसरी मंजिल पर काम कर रहा मजदूर अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। वह पिलर में निकले सरियो के बीच फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इमारत की दूसरी मंजिल पर 40 वर्षीय गुलराम काम कर रहा था। उसका नियंत्रण बिगड़ गया और वह दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। वह नीचे बनाए जा रहे पिलर में से निकल रहे सरियों में जा फंसा। सरिया उसके शरीर के पार हो गया।

# आइसक्रीम का पैसा मांगने पर दंबगों ने दुकानदार को पीटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लाजपत नगर में कुछ दबंगों ने रात के समय आइसक्रीम वाले से खूब आइसक्रीम खाई। जब दुकानदार ने पैसे वापस मांगे तो दबंगों ने वापस दुकानदार से दबंगई दिखाते हुए रुपए छीन लिये। पीड़ित ने मामले की शिकायत साहिबाबाद थाने में की है।

गाजियाबाद की लाजपत नगर म्यूजिक शिवशक्ति विहार में मोहित अपनी परिवार के साथ रहता है। मोहित के पिता खाने पीने के सामान का ठेला लगाते हैं। मोहित ने बताया कि वह दुकान बंद कर घर वापस लौट रहा था, तभी 5 लड़के उसके पास आए और आइसक्रीम देने के लिए बोलने लगे। दबंगों ने तरह-तरह की आइसक्रीम खाई। मोहित के आइसक्रीम के पैसे मांगने पर दबंगों ने उसके साथ मारपीट की।

दबंगों ने उल्टे मोहित की जेब में रखे 1500 रुपए भी छीन लिए। मोहित ने शोर मचा दिया। आरोपी मौके से भागने लगे, लेकिन मोहित ने एक आरोपी को दबोच लिया।

# आठ साल की बच्ची को बंदरों ने काटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● नोएडा-गाजियाबाद की सोसाइटियों में बढ़ रहा बंदरों का आंतक



क्रॉसिंग रिपब्लिक की प्रोव्यू लेबोनी सोसाइटी में रात खेल रही एक आठ साल की बच्ची पर बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया। बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

क्रॉसिंग रिपब्लिक की प्रोव्यू लेबोनी सोसाइटी के टॉवर-आई में रहने वाले अमित सिंह ने बताया कि उनकी आठ साल की बेटी कृतिका 8 साल रात 10 बजे ग्राउंड फ्लोर पर खेल रही थी। इस दौरान सोसाइटी की गैलरी में बंदर आ गए। बंदरों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान उनकी बेटी कृतिका ग्राउंड फ्लोर पर खेल रही थी। वह सीढियों से नीचे उतरकर आर थी। इसी दौरान गैलरी में मौजूद बंदर ने उसपर हमला कर दिया। उसके चिल्लाने पर बंदर ने उसे काट लिया। वहां मौजूद कई लोगों ने बंदरों को भगाया और बच्ची के पकड़ा। उसके बाद वह अपनी बच्ची को तुरंत अस्पताल लेकर गए। यहां उसके प्राथमिक उपचार के साथ टिटनेस का इंजेक्शन लगवाया गया।

अब उसे एंटीरैबीज इंजेक्शन लगवाने पड़ेंगे। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष उज्जवल मिश्रा का कहना है कि क्रॉसिंग रिपब्लिक की ज्यादातर सोसाइटी में बंदरों का आतंक है। जब इसकी शिकायत नगर निगम में लेकर जाते हैं तो वहां के अधिकारी वन विभाग में भेज देते हैं। जब वन विभाग में जाते हैं तो वहां के अधिकारी नगर निगम में भेज देते हैं। दो विभागों के बीच यहां के लोग फंसे हुए हैं, यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि वह सोसाइटी में कई बार लोगों को बंदर काट चुके हैं।

बंदरों से डर कर वह कई बार घरेलू सहायिकाएं भी काम पर आना बंद कर चुकी हैं। लोग भी घरों ने निकलने से पहले चेक करते हैं कि कहीं कोई बंदर तो नहीं है।

पिछले एक साल में क्रॉसिंग रिपब्लिक की ज्यादातर सोसाइटी में 150 से ज्यादा लोगों को बंदर अपना शिकार बना चुके हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एमसीडी की संपत्ति कर नीति में बदलाव का ऐलान

## एलजी ने कचरा प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र में आरडब्ल्यूए को भागीदार बनाते हुए सह-भागिता योजना शुरू की



● सहभागिता पहल का मकसद आरडब्ल्यूए को प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम के संपत्ति कर ढांचे में बड़े नीतिगत बदलावों का ऐलान किया है। साथ ही सह-भागिता नामक एक योजना शुरू की है।

यह योजना रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को कर संग्रहण और अपशिष्ट प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र में भागीदार बनाएगी है। यह नई समान नीति संपत्ति कर संरचना लंबे समय से लंबित युक्तिकरण को संबोधित करती है। संपत्ति कर संरचना में अतिरिक्त छूट, रियायतों के लिए अपशिष्ट पृथक्करण, विकेंद्रीकृत प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग को धुरी बनाया गया है।

यह नीति सहभागिता नामक एक नई पहल के साथ आई है जो सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों सहित संपत्ति कर संग्रह और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को जोड़ती है। सहभागिता पहल का मकसद रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को प्रोत्साहित कर के कर संग्रह में दक्षता और अनुपालन में सुधार करना है। 90 फीसदी कर संग्रह दक्षता प्राप्त करने पर आरडब्ल्यूए अपने क्षेत्रों में कर संग्रह के 10 फीसदी या 1 लाख रुपये की सीमा तक के विकास कार्य की सिफारिश कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि संबंधित कॉलोनी स्रोत पर 100 फीसदी अपशिष्ट पृथक्करण लागू करती है, कॉलोनी में गीले कचरे का संयोजन करती है।



पुन:चक्रीय सूखे कचरे का पुन:चक्रण करती है और बचे हुए सूखे कचरे को दिल्ली नगर निगम या उसकी अधिकृत एजेंसियों को सौंप दें तो भुगतान किए गए कर के 5 फीसदी का अतिरिक्त प्रोत्साहन उपलब्ध होगा।

यह संपत्ति कर नीति पहले के तीनों नगर निगमों के विभिन्न दृष्टिकोणों में एकरूपता लाती है। उपराज्यपाल ने भरोसा जताया कि लंबे समय से प्रतीक्षित इन सुधारों से बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भागीदारी आएगी और यह सुनिश्चित होगा कि नागरिक दिल्ली नगर निगम में हितधारक बनें। इससे एक ओर जहां दिल्ली वालों को बेहतर सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी वहीं दूसरी ओर लोगों की सक्रिय सहभागिता से नगर निगम के राजस्व में भी वृद्धि हो सकेगी।

# राजधानी के विभिन्न इलाकों में बारिश, गर्मी से मिली राहत

● कई जगहों पर जलभराव होने से यातायात हुआ प्रभावित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में सोमवार को दोपहर में अच्छी बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से बहु-प्रतीक्षित राहत मिली। हालांकि बारिश के कारण कुछ स्थानों पर पानी भर गया जिससे यातायात बाधित हुआ। दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्वीट कर यात्रियों को लगातार स्थिति की जानकारी दी और उन्हें उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने का सुझाव दिया।

यातायात पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि न्यू रोहतक रोड पर आनंद पर्वत टी-प्वाइंट के पास पानी भरने के कारण दोनों ओर यातायात प्रभावित है। कृपया उस हिस्से में जाने से बचें। उसने एक अन्य ट्वीट में कहा कि नजफगढ़ फिरनी रोड पर पानी भरने के कारण यातायात प्रभावित है। उसने लोगों को उस हिस्से में जाने से बचने की अपील की। नगरवासियों के लिए सुबह उमस भरी रही और साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता दर 75 प्रतिशत रही। लेकिन दोपहर के बाद आसमान में बादल छाने लगे और फिर बारिश शुरू हो गई।

मानसून 30 जून को ही दिल्ली पहुंचा गया था लेकिन उसके बाद से राष्ट्रीय राजधानी में अपेक्षित बारिश नहीं हुई। दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला के अनुसार पिछले 10 दिनों में सिर्फ 2.6 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने रविवार को कहा था कि दिल्ली में सोमवार और मंगलवार को बारिश होने का अनुमान नहीं है। सोमवार को सुबह न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के लिए सामान्य है। अधिकतम तापमान के 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अपराह्न चार बजे पर संतोषजनक (83) श्रेणी में दर्ज किया गया। गौरतलब है कि शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है।

# चोरी के दौरान युवक को सुरक्षा गार्ड ने गोली मारी, मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शाहदरा में लोहे की रॉड चोरी करने की कोशिश कर रहे एक 18 वर्षीय युवक पर सुरक्षा गार्ड द्वारा कथित तौर पर गोली चलाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा गार्ड राजेंद्र (48) को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि लोहे की रॉड चुराने के इरादे से एनएसए कॉलोनी निवासी आशीष अपने दोस्त कुणाल (18) के साथ सीबीडी मैदान गया था, जहां दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना का काम चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) आर. साथियासुंदरम ने बताया कि आनंद विहार थाने को आशीष को हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराए जाने की सूचना मिली थी। उक्त घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल भी आई थी। कुणाल ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि वह और पीड़ित लोहे की छड़ चोरी करने के लिए उस स्थान पर गए थे, तभी सुरक्षा गार्ड ने आशीष पर गोली चला दी जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। उपायुक्त ने बताया कि चिकित्सकों ने पीड़ित को मृतघोषित कर दिया। हमने आनंद विहार पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया है और पीड़ित पर गोली चलाने वाले सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मिलती रहेगी मुफ्त बिजली : मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली वालों को जो राहत दी जा रही है। वह आगे भी जारी रहेगी। जिन लोगों को मुफ्त बिजली मिल रही है, उनको आगे भी मुफ्त बिजली मिलती रहेगी।

201 से 400 यूनिट तक की बिजली का चार्ज हाफ है। वो भी जारी रहेगा। आगे जो भी होगा, लेकिन लोगों को दी जा रही राहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिल्ली की तीनों निजी बिजली कंपनियों बीएसईएस यमुना, बीएसईएस राजधानी और टाटा पावर दिल्ली वितरण कंपनी को पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट के रूप में बिजली दरों में बढ़ोतरी की मंजूरी मिल गई है। यह बढ़ोतरी राजधानी के अलग-अलग इलाकों में 2 से 6 फीसदी की होगी। बिजली की बढ़ी हुई दर 10 जून से लागू होगी और 31 अगस्त तक यह आर्डर प्रभावी रहेगा।

### केजरीवाल की लापरवाही की सजा लोग भुगत रहे हैं : आदेश

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार द्वारा बिजली दर को बढ़ाने के फैसले को लोगों के साथ धोखा बताते हुए कहा कि पिछले सात सालों से दिल्ली में केजरीवाल की सरकार है, लेकिन इन सात सालों में उन्होंने बिजली की सप्लाई बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए हैं, उसका जवाब भी उन्हें देना चाहिए। तीसरी बार सत्ता में आने के बावजूद केजरीवाल ने बिजली को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया और ना ही कोई रुप-रेखा तैयार की है। पहले मुफ्त बिजली का लॉलीपोल देकर दिल्ली को खोखला कर दिया और जब इसकी पोल खुलने लगी तो उन्होंने इसका पूरा बोझ 6 फीसदी बिजली दर बढ़ाकर जनता पर बोझ डाल दिया।

# दक्षिणी दिल्ली की 15 सड़कों की होगी मरम्मत

पायनियर समाचार सेवा। नइ दिल्ली

● सिसोदिया ने 23.24 करोड़ के परियोजनाओं को दी मंजूरी

राजधानी की सड़कों को बेहतर बनाने की कवायद दिल्ली सरकार तेजी कर दी है। लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें जाम से न जूझना पड़े इसके लिए समय-समय पर जरुरत के अनुसार लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत का कार्य करता है।

इस दिशा में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को कालका जी, ग्रेटर कैलाश, मालवीय नगर व कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र की 15 सड़कों के मरम्मत से संबंधित कार्यों के लिए 23.24 करोड़ रूपये लागत की परियोजनाओं को मंजूरी दी। चयनित इन सड़कों की कुल लम्बाई 18.19 किलोमीटर है।

इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के तहत परियोजनाओं में तेजी लाने की श्रृंखला जारी रखते हुए सरकार ने की सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों पर तेज गति से काम करना शुरू कर दिया है।

### प्रस्तावित मार्ग

हंसराज सेठी मार्ग, बाबा फतेह सिंह मार्ग, महाराजा अग्रसेन मार्ग, कांशी राम टक्कर मार्ग, हंसराज गुप्ता मार्ग, बीआरटी से हंसराज गुप्ता मार्ग, बी-76 से बी-111, ग्रेटर कैलाश-1, एशियाई गेम्स विलेज रोड, एनआईएफटी रोड, सुभाष चोपड़ा रोड, अगस्त क्रांति मार्ग, बिपिन चंद्रा मार्ग, गुरुद्वारा रोड, ईपीडीपी रोड, डीडीए मार्केट रोड

# दो महिलाओं का शव दिल्ली पहुंचा, परिवार वालों से मिले सीएम



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अमरनाथ हादसा**

● परिवार को दस-दस लाख रुपए की आर्थिक मदद देगी सरकार

अमरनाथ यात्रा के दौरान बादल फटने से हुए हादसे में दक्षिणपुरी की रहने वाली दो महिलाओं की भी मौत हो गई है। हादसे के बाद दोनों लापता थी, लेकिन शनिवार शाम को उनका शव मिल गया।

देर रात इनकी मौत की सूचना परिवार वालों को दी गई जिसके बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की रहने वाली बीरमती और प्रकाशी का अमरनाथ यात्रा के दौरान बादल फटने से मौत हो गई थी। दिल्ली सरकार दोनों परिवार को दस-दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता देगी। साथ ही, उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा का इंतजाम करेंगे।

इसके अलावा, जो भी मदद हो सकेगी, वह करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अमरनाथ यात्रा पर गए दिल्ली के किसी निवासी की भी तीर्थ यात्री का मौत हुई और उन्हें उसकी जानकारी मिलती है, तो उसके परिवार को भी 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद देंगे।

# कोविड के 280 नए मामले आए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को कोविड-19 के 280 नए मामले सामने आए और संक्रमण दर 4.21 फीसदी रही। वहीं पिछले 24 घंटे में संक्रमण से किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन में कहा गया है कि नए मामलों के साथ दिल्ली में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 19,41,015 हो गई है और मृतक संख्या 26,284 पर बनी रही।

राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को कोविड-19 के 433 मामले आए थे तथा दो मरीजों की मौत हुई थी। बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली में उपचाराधीन रोगियों की संख्या एक दिन पहले की संख्या 2,146 से घटकर 1,942 हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी ने ओमीक्रोन के बीए.4 और बीए.5 स्वरूप से संक्रमण के कुछ मामलों की सूचना मिली है, जो अत्यधिक संक्रामक हैं। हालांकि, विशेषज्ञों ने लोगों से नहीं घबराने को कहा है क्योंकि ए स्वरूप गंभीर संक्रमण का कारण नहीं बनते हैं।

महामारी की तीसरी लहर के दौरान 13 जनवरी को दिल्ली में दैनिक कोविड मामलों की संख्या 28,867 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। दिल्ली में 14 जनवरी को संक्रमण दर 30.6 फीसदी दर्ज की गई थी, जो महामारी की तीसरी लहर के दौरान सबसे अधिक थी।

### इस साल डेंगू के 153 मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में इस साल अब तक डेंगू के 150 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें जुलाई में दर्ज दस मामले शामिल हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दो जुलाई तक दिल्ली में डेंगू के 143 मामले दर्ज किए जा चुके थे और नौ जुलाई को यह संख्या बढ़कर 153 हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में जनवरी में डेंगू के 23, फरवरी में 16, मार्च में 22, अप्रैल में 20, मई में 30 और जून में 32 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि जुलाई माह में नौ तारीख तक दस मरीज सामने आ चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया है।

# तिरंगे की रोशनी में नहायेंगे ऐतिहासिक स्मारक



प्रस्तावित बारादरी गार्डन

● दिल्ली सरकार अपने अंतर्गत आने वाली ऐतिहासिक धरोहरों का करवा रही है संरक्षण : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर तिरंगे की रोशनी में जगमगाएंगे ऐतिहासिक स्मारक। ये इमारतें बिरजी खान का मकबरा, आर.के.पुरम सेक्टर-3, बारादारी, कुदेसिया बाग, बारा लाओ का गुम्बद, वसंत उद्यान, गोल गुम्बद, लोदी रोड फ्लाईओवर, पेक का मकबरा और मुकरबा चौक शामिल है। इन जगहों पर 15 अगस्त तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

दिल्ली सरकार अपने अंतर्गत आने वाली ऐतिहासिक इमारतों को संरक्षित करते हुए पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। इस दिशा में सोमवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कामों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्मारकों की स्थिति की समीक्षा के बाद, यह निर्णय लिया गया कि उपमुख्यमंत्री जल्द ही उनका दौरा करेंगे और ऐतिहासिक स्थलों पर चल रहे संरक्षण कार्यों की समीक्षा करेंगे।

सिसोदिया ने कहा कि ऐतिहासिक इमारतें हमारी धरोहर है। इन्हें संरक्षित करना बेहद जरुरी है। लंबे समय तक उपेक्षित रहने के कारण इन्हें काफी नुकसान हुआ है। ज्यादातर ऐतिहासिक इमारतें भारतीय पुरात्विक सर्वेक्षण विभाग के अंतर्गत आते है लेकिन ऐतिहासिक महत्त्व की बहुत सी ऐसी इमारतें भी है जो दिल्ली सरकार के अंतर्गत आती है। दिल्ली सरकार के अंतर्गत ऐसी कुल 71 इमारतें है जिनके पुनर्विकास का कार्य किया जा रहा है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम–परिर्वतन

मैंने अपना नाम विवान मदान से बदलकर अनय मदान पुत्र श्री नरेश मदान, निवासी बी–13, अशोक नगर, गाजियाबाद रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

PD(90125)C

PUBLIC NOTICE

I, Syed Asif Hussain S/o Syed Qamrul Hussain R/o Kashana-E-Nehal, Lodikatra, Patna 800008, Bihar, India have purchased a property bearing Unit No. Flat # 1101 (R018N21101) Tower/ Block N2/N2 Project Eco Village-1, address Plot-08, Sector -1 Greater Noida 201303, I have lost the original allotment letter of the above-said property, I have requested M/s SUPERTECH LIMITED, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have an objection, he/she may contact to **M/s Supertech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.**

KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
PUBLIC NOTICE

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of18 (Eighteen)years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** piece or parcel of commercial property being Shop/Office/Unit admeasuring 31727 Sq. Ft. Carpet Area/ built-up area and 56,500 Sq. Ft. Super Area on 22ndfloor of Tower B of the building situate lying at WTT, C-1, Sector-16, GautamBudh Nagar, NOIDA-201301 Uttar Pradesh. | ET Infra Developers Pvt. Ltd. having its registered office at W-111A, Greater Kailash, Part-1, New Delhi-110048, acting through its Authorized Signatory Mr.PunitGoel, Son of Mr. Subhash Chand Goel. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई–400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., 2/62, 1 से 4, सदर बाजार दिल्ली कैंट, दिल्ली–110010

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LAFDB00040284489/गुरदीप सिंह/एचएन–3658, गली नंबर 10, ब्लॉक–ए, एसजीएम नगर, फरीदाबाद – 121001 | मारूति/सैन्ट्रो/ एचआर51बीएक्स2711 | 31–01–2022 रू. 3,10,310/– | 31–10–2020 |
| 2. | LADEL00040765288/फैशल/27/388 त्रिलोक पुरी, ब्लॉक 27, चिल्ला सरोदा खादर चिल्ला, दिल्ली – 110091 | मारूति/स्विफ्ट/ डीएल2सीबीए6365 | 31–01–2022 रू. 3,16,567/– | 14–07–2021 |
| 3. | LADEL00035185556/नम्रता सिंह/जी–22/239 तृतीय तल, सेक्टर–7, रोहिणी, दिल्ली–110085 | मारूति/स्विफ्ट डिजायर/ डीएल1सीवी7447 | 31–01–2022 रू. 3,81,616.4/– | 16–03–2021 |
| 4. | LAGHZ00037170970/शन्नो/एच नंबर 74, अपरकोट मेन बाजार, लोनी देहात, गाजियाबाद –201102 | ह्युंडई/आई–10 ग्रैंड/ यूपी14डीपी6387 | 31–01–2022 रू. 2,52,795.9/– | 13–04–2021 |
| 5. | LAFDB00037819103/संतोष कुमार मिश्रा पुत्र गंगा घर मिश्रा, डी–ब्लॉक गली नंबर 4, शिव मंदिर जगमाल एन्क्लेव रोशन नगर अगवानपुर, सेक्टर–91, फरीदाबाद – 121013 | मारूति/सेलेरियो/ एचआर51बीयू0931 | 31–01–2022 रू. 3,54,508/– | 31–01–2021 |
| 6. | LADEL00036685385/पुनीत भल्ला/आरजैड–53 बी आरजैड–ब्लॉक, न्यू उत्तम नगर, दिल्ली–110059 | मारूति/स्विफ्ट/ डीएल8सीएएस5479 | 21–02–2022 रू. 3,53,446.09/– | 31–01–2021 |
| 7. | LADEL00036924647/गगनदीप सिंह/डब्ल्यूजैड–22 एफ/एफ, पृथ्वी पार्क एमबीएस नगर, विकास पुरी, दिल्ली– 110018 | ह्युंडई/आई–10 मैग्ना/ डीएल8सीएटी2420 | 21–02–2022 रू. 3,37,446.5/– | 31–01–2021 |
| 8. | LAGUR00034459655/दीपक मढवाल/एच. नंबर डी–88, द्वितीय तल, सिंगलटन अपार्टमेंट्स, साउथ सिटी–II, सोहना रोड, फरीदाबाद–121001 | मारूति/सियाज/ एचआर26सीडब्ल्यू7508 | 21–02–2022 रू. 3,17,697.7/– | 31–01–2021 |
| 9. | LAGHZ00035573563/राहुल कुमार/59 ए एलआईजी फ्लैट तुलसी निकेतन भोपुरा, साहिबाबाद, पसोंडा, गाजियाबाद–201005 | शेव्रोले/सेल/ यूपी14जीटी0413 | 21–02–2022 रू. 3,17,933.5/– | 31–01–2021 |
| 10 | LANOD00035775461/अफसाना मलिक/एच. नंबर बी–45, दादरी रोड, शिव नगर कालोनी, सलारपुर खादर, सेक्टर–102, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201304 | रीनोल्ट/लॉजी/ यूपी16ईटी4850 | 21–02–2022 रू. 4,13,808.6/– | 31–01–2021 |
| 11 | LADEL00041302896/विनोद कुमार/ए–46, रोड नंबर 4, गली नंबर 12, महीपालपुर, आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली–110037 | मारूति/ईको/ एचआर26ईएफ0839 | 21–02–2022 रू. 4,28,387/– | 31–01–2021 |
| 12 | LADEL00036478465/रोहित गुप्ता/डी–25 गणेश नगर, पांडव नगर, कॉम्प्लेक्स शकरपुर बरामद ईस्ट, दिल्ली–110092 | मारूति/वैगन आर/ डीएल6सीक्यू8789 | 21–02–2022 रू. 3,04,090.7/– | 31–01–2021 |
| 13 | LADEL00036765258/प्रवीण कुमार/एच. नंबर 43, जी/एफ, हरिजन बस्ती, सेक्टर–7, द्वारका बागडोला, साउथ वेस्ट दिल्ली–110077 | मारूति/ऑल्टो/ डीएल9सीएपी1650 | 21–02–2022 रू. 2,42,204.8/– | 31–01–2021 |
| 14 | LADEL00037835766/संदीप सैन/मकान नंबर 252, पाना बारसान टीकरी कलां, दिल्ली–110041 | मारूति/सेलेरियो/ डीएल3सीसीपी7581 | 21–02–2022 रू. 4,03,962/– | 16–02–2022 |
| 15 | LADEL00037328502/आकाश गुप्ता/एक्स/899 मेन रोड चांद मोहल्ला, गांधी नगर, एस.ओ. ईस्ट, दिल्ली– 110031 | महिन्द्रा/केयूवी 100/ डीएल7सीक्यू3291 | 21–02–2022 रू. 3,40,067/– | 30–06–2020 |
| 16 | LADEL00037365294/अवध किशोर कुमार/74, हुमायूं पुर, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली–110029 | मारूति/स्विफ्ट डिजायर/ डीएल1जैडबी8544 | 21–02–2022 रू. 2,86,795/– | 31–01–2021 |
| 17 | LAGHZ00037381389/सौरभ कुमार/7/139, राज नगर, गाजियाबाद–201001 | मारूति/वैगन आर/ यूपी13एटी9866 | 21–02–2022 रू. 2,76,585/– | 31–01–2021 |
| 18 | LAFDB00037428408/ज्वाला सिंह/2703, वार्ड नंबर 09, निकट सुभाष चौक नंगला एन्क्लेव पार्ट–2, सेक्टर–22, फरीदाबाद – 121005 | ह्युंडई/ईओएन/ एचआर51बीटी7414 | 21–02–2022 रू. 2,49,296/– | 31–01–2021 |
| 19 | LADEL00037520240/साबिर अली/एच. नंबर 27 केएच नंबर 27/11/4, गली नंबर 10, बृजपुरी एक्सटेंशन, दिल्ली–110051 | मारूति/स्विफ्ट/ डीएल2सीएवाई9526 | 21–02–2022 रू. 4,18,210/– | 31–08–2020 |
| 20 | LADEL00037720526/धर्मेन्द्र कुमार/मकान नंबर सी–41, पुलिस कालोनी, माडल टाउन–III, दिल्ली–110009 | मारूति/ऑल्टो/ डीएल1सीजैड9364 | 21–02–2022 रू. 3,21,637/– | 31–10–2020 |
| 21 | LADEL00037727792/मोहम्मद फराज/एच. नंबर 12–ए 7 के गली नंबर 7 ए, विजय मोहल्ला मौजपुर भजन, दिल्ली–110053 | ह्युंडई/एक्सेंट/ डीएल1जैडसी1899 | 21–02–2022 रू. 4,24,288/– | 31–01–2021 |
| 22 | LAGHZ00037788282/कमल गोस्वामी/802, सेवा नगर, गाजियाबाद–201001 | डाटसन/डाटसन/ यूपी14डीयू3827 | 21–02–2022 रू. 2,79,057.2/– | 31–01–2021 |
| 23 | LADEL00038336494/नवीन कुमार तंवर/डब्ल्यूजैड–585 बी, नारायणा ग्राम साउथ वेस्ट, दिल्ली–110028 | डाटसन/डाटसन गो प्लस/ डीएल8सीएएक्स0209 | 21–02–2022 रू. 4,30,580/– | 31–01–2021 |
| 24 | LADEL00038472373/अर्चना कनोजिया/दुकान नंबर 18, सेंट्रल मार्किट, प्रथम तल, दक्षिण पुरी, डा. अम्बेडकर नगर साउथ दिल्ली पुष्प भवन, दिल्ली–110062 | मारूति/सेलेरियो/ डीएल3सीसीक्यू4613 | 21–02–2022 रू. 3,92,066/– | 30–06–2020 |
| 25 | LADEL00038504328/मोहम्मद जाहिद/सी–317, हरि नगर पार्ट–2, सौरभ विहार जैतपुर, दिल्ली–110044 | ह्युंडई/ईओएन/ डीएल3सीसीक्यू4803 | 21–02–2022 रू. 2,84,356/– | 30–06–2020 |
| 26 | LADEL00041443708/राम शंकर/सी 197, अम्बेडकर प्लेस, बापरोला विहार, गली नंबर 40, दिल्ली–110043 | मारूति ईको/ डीएल5सीआर4357 | 21–02–2022 रू. 3,38,250/– | 31–01–2021 |
| 27 | LAGHZ00039374454/जसबीर/पोस्ट डासना, सादत नगर इकला, गाजियाबाद–201001 | मारूति/ईको/ यूपी14ईबी0845 | 21–02–2022 रू. 3,92,1733/– | 31–08–2020 |
| 28 | LADEL00038713454/गजेन/एच नंबर 24, गली नंबर 2, बिहारीपुर ग्राम, करावल नगर, दिल्ली–110094 | डाटसन/रेडी–गो/ डीएल8सीएवाई3734 | 21–02–2022 रू. 3,36,366/– | 31–12–2020 |
| 29 | LADEL00041288739/उषा देवी/मकान नंबर 120, ककरोला हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, ककरोला, दिल्ली–110078 | मारूति/स्विफ्ट/ डीएल2सीबीबी0721 | 21–02–2022 रू. 3,05,014/– | 31–01–2021 |
| 30 | LUFDB00041017179/ललित कुमार/डीसी 240, रति राम मार्ग, डबुआ कालोनी, फरीदाबाद – 121001 | मारूति/ऑल्टो/ एचआर51बीएन5196 | 21–02–2022 रू. 3,49,148/– | 31–01–2021 |
| 31 | LADEL00041162586/कैलाश बारोडिया/के 36 विजय विहार फेज–2, देवी जनरल स्टोर, रोहिणी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, रोहिणी, सेक्टर–4, दिल्ली–110085 | मारूति/ऑल्टो 800/ डीएल8सीएजैड1472 | 21–02–2022 रू. 3,90,118/– | 31–01–2021 |
| 32 | LUDEL00041471820/भारती शर्मा/70/3, अशोक नगर, तिलक नगर, दिल्ली–110018 | मारूति/स्विफ्ट/ डीएल13सीए7060 | 21–02–2022 रू. 2,48,913/– | 13–07–2021 |
| 33 | LADEL00041448661/इंदरजीत सिंह/बी–116, गली नंबर 9, निकट नव ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, पहला पुश्ता, न्यू उस्मान पुर, दिल्ली–110053 | मारूति/ऑल्टो/ डीएल2सीबीबी0983 | 21–02–2022 रू. 3,84,104/– | 31–01–2021 |
| 34 | LAGHZ00042251616/दीप्ति गुप्ता/2 डी 1512 एन एच 24, गोल्फ लिंक एस कार्डी ग्रीन्स, गाजियाबाद–201001 गाजियाबाद–201001 | ह्युंडई/ग्रैंड आई 10/ एनआईओएस/यूपी14ईएन3691 | 21–02–2022 रू. 5,47,846/– | 04–08–2021 |
| 35 | LADEL00040903833/विकास गुप्ता/एच. नंबर 906, ओमैक्स ग्रैंड वुड्स, सेक्टर–93 बी, ओमैक्स ग्रैंड टावर विक्टोरिया, फेज–2, नोएडा–201304 | रीनोल्ट/ट्राइबार/ डीएल8सीबीए0673 | 21–02–2022 रू. 3,98,307/– | 11–01–2021 |

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 12 जुलाई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# गुरुग्राम राजीव चौक से सोहना तक एलिवेटेड हाईवे पर वाहनों ने भरा फर्राटा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** के राजीव चौक से सोहना तक के सफर को जाममुक्त करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-248ए पर निर्मित 6 लेन एलिवेटेड हाइवे को सोमवार से आमजन के यातायात के लिए ट्रायल के तौर पर खोल दिया गया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट करके इस बाबत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि 25 किलोमीटर लंबे इस हाईवे के खुल जाने से यात्रियों को सुविधा होगी। महंगे ईंधन और समय की बचत होगी।

करीब दो हजार करोड़ रुपये की लागत से बने इस 25 किलोमीटर लंबे गुरुग्राम-सोहना राष्ट्रीय राजमार्ग पर 7 किलोमीटर के कुल एलिवेटेड सेक्शन के साथ 6 लेन का एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर विकसित किया गया है। नितिन गडकरी ने ट्वीट के माध्यम से बताया कि स्थानीय यातायात को सुगम बनाने के लिए राजमार्ग के दोनों ओर तीन तीन लेन की सर्विस रोड बनाई गई हैं। इसके साथ ही राजमार्ग का यह भाग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के माध्यम से दिल्ली और गुरुग्राम को भी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

### दो भागों में विभाजित था राजमार्ग का निर्माण कार्य

निर्माण को तय समयसीमा में पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट निर्माण को दो भागों में विभाजित किया गया था। प्रोजेक्ट वन के तहत एक जनवरी 2019 को राजीव चौक से शुरू होकर बादशाहपुर के बीच करीब 8.94 किलोमीटर के इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य मैसर्स ओरिएंटल स्ट्रक्चर इंजीनियर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया था। प्रोजेक्ट में तीन एलिवेटेड स्ट्रक्चर तैयार किए गए हैं जिनकी कुल लंबाई 4.752 किलोमीटर निर्धारित की गई है। पहला स्ट्रक्चर टीकरी के नजदीक बनाया गया है, जिसकी लंबाई 360 मीटर है। दूसरा स्ट्रक्चर फाजिलपुर चौक से बादशाहपुर के बीच बनाया गया है, जिसकी लंबाई लगभग 4.068 किलोमीटर है। इस पूरी परियोजना के साथ यह एलिवेटेड स्ट्रक्चर गुरुग्राम जिला में सबसे लम्बा एलिवेटेड रोड होगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट-1 के तहत ही बादशाहपुर में भी 324 मीटर लंबाई का तीसरा एलिवेटेड स्ट्रक्चर तैयार किया गया है।

वहीं 30 जनवरी 2019 को प्रोजेक्ट दो के तहत भोंडसी से शुरू होकर सोहना तक के भाग का निर्माण कार्य मैसर्स एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया था। इस प्रोजेक्ट के 12.718 किलोमीटर के पूरे हिस्से में 1.846 व 1.12 किलोमीटर के दो एलिवेटेड रोड, एक किलोमीटर की लंबाई के साथ एक फ्लाईओवर सहित दो अंडरपास का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए एक 750 मीटर का लाइट व्हीकल अंडरपास भी बनाया गया है।

इस पूरी परियोजना का निर्माण कार्य 30 महीने में पूरा करने का समय निर्धारित किया गया था। लेकिन कोरोना के दौरान निर्माण कार्य में आई रुकावटों के कारण इसकी समय सीमा 30 जून 2022 तक बढ़ा दी गयी थी।




गुरुग्राम राजीव चौक से सोहना तक बनाए गए एलिवेटेड हाइवे का हवाई दृश्य।

प्रोजेक्ट-2 के तहत आने वाले निर्माण क्षेत्र में 24 लेन के टोल प्लाजा का भी निर्माण किया गया है। टोल प्लाजा में दोनों तरफ 12-12 लेन बनाई गई हैं, ताकि टोल प्लाजा पर कम से कम समय मे वाहनों की आवाजाही हो सके। परियोजना के पूर्ण होने से पहले की तुलना में यात्रा का समय 60 मिनट से घटकर अब 15 से 20 मिनट का ही रह जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा और चिकित्सा हैं अहम क्षेत्रः सुधीर सिंगला



**गुरुग्राम।** यहां फिरोजगांधी कालोनी में सोमवार को विधायक सुधीर सिंगला ने सरकारी स्कूल के नए कमरों का निर्माण कार्य और क्षेत्र में सरकारी डिस्पेंसरी के निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा बहुत ही अहम क्षेत्र हैं। इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। शिक्षा से जहां बच्चों के भविष्य का निर्माण होता है और चिकित्सा से हर उम्र के व्यक्ति की सेहत दुरुस्त होती है। फिरोजगांधी कालोनी में इन दोनों का अभाव महसूस हुआ तो बिना देरी के इनका निर्माण भी शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि समय के साथ बहुत से परिवर्तन हुए हैं। देश-प्रदेश में शिक्षा का ढांचा भी बदला है। नई शिक्षा नीति एक क्रांति के रूप में हमारे सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से नई शिक्षा नीति से हमारे बच्चे अपनी पौराणिकता से रूबरू होंगे। हर स्तर का उन्हें ज्ञान दिया जाएगा। अपनी संस्कृति से जुड़े रहना और उसका ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इसलिए स्कूलों में उस स्तर पर शिक्षा दी जा रही है। इसके साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में भी प्रदेश सरकार ने अनेक कार्य किए हैं। प्रदेश में अनेक मेडिकल कालेज बनाए गए हैं, ताकि वहां पर नए चिकित्सक भी तैयार हो सकें और मरीजों को भी लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना महामारी के समय में अस्थायी अस्पताल बनाने पड़े। उससे सीख लेकर सरकार अब स्थायी अस्पतालों की संख्या बढ़ाने पर लगी है। हर जिले में बड़े अस्पतालों का निर्माण हो रहा है, ताकि वहां के मरीजों को दूर ना जाना पड़े। एम्स जैसे बड़े अस्पताल हरियाणा में बनाए जा रहे हैं। बाढ़सा में बनाए गए एम्स में हरियाणा के मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद धर्मवीर, कैप्टन जगदीश, महेंद्र उठवाल, सुभाष खटाना, चमनलाल, सुरजीत, राकेश, सुरेश, मुकेश, ताराचंद प्रजापति, मधुबाला, सुमन शर्मा, दया समेत काफी लोग मौजूद रहे।

### गुरुग्राम विवि में 1000 पौधे लगाकर संरक्षण की ली शपथ



गुरुग्राम विवि के निर्माणाधीन नए परिसर में पौधारोपण करते स्टाफ व छात्र।

**गुरुग्राम।** गांव कांकरौला के सेक्टर-87 में बन रहे गुरुग्राम विश्वविद्यालय के नए परिसर में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत गुरुग्राम विवि और सामाजिक संगठन हमारा परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जीयू के शिक्षकों और हमारा परिवार गुरुग्राम के सदस्यों ने पूरे जोश के साथ अभियान में भाग लेते हुए विश्वविद्यालय के नए परिसर में 1000 से अधिक पीपल, जामुन, बरगद और नीम के पौधे लगाएं, साथ ही सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय के नए परिसर की हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी लिया। पौधारोपण अभियान के इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-एक पौधा लगाकर उनके संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अशोक खन्ना ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना जरूरी है। वही दूसरी और कार्यक्रम में उपस्थित मीडिया अध्ययन विभाग के प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार योगी ने कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि विश्वविद्यालय परिसर की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील करते हुए कहा कि पौधारोपण जितना प्राकृतिक सौंदर्य के लिए आवश्यक है,उतना ही जीवन की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर हमारा परिवार संस्था के शिक्षक प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. विजय मेहता ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों को आगे जीवित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए आइए हम सब संकल्प लें कि हम न केवल पौधारोपण करेंगे, बल्कि इनका संरक्षण भी करेंगे। इस अवसर पर गीता, डॉ. फलक खन्ना, सह शिक्षक प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. श्वेता, उपस्थित रही।

### तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 919 पर अतीत का मोड़ व गांव सुनारी के समीप एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से 32 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनारी निवासी रफीक ने बताया कि तावडू रेवाड़ी रोड के साथ ही उनके मकान बने हुए हैं। बीते रविवार शाम के समय उसका भाई निसार सड़क के साथ बने कच्चे रास्ते से पैदल चलकर अपने खेतों की ओर जा रहा था। तभी भिवाड़ी की तरफ से बड़ी तेज गति और लापरवाही से एक टैंकर आया, जिसने निसार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही निसार की तेज रफ्तार टैंकर के अगले टायर की चपेट में आने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चालक अपनी गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक निसार के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया, वहीं मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# गुरुग्राम नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ आप का जोरदार प्रदर्शन



गुरुग्राम नगर निगम में भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम नगर निगम में भ्रष्टाचार को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। गुरुग्राम क्लब से इकट्ठे होकर प्रदर्शनकारी मोर चौक, अग्रवाल चौक होते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। वहां एडीसी विश्राम मीणा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि निगम के हर विभाग में फैले भ्रष्टाचार की वजह से गुरुग्राम का जन



सामान्य पूरी तरह से त्रस्त है। आम आदमी से जुड़ा कोई भी काम बिना रिश्वत नहीं होता है। ज्ञापन में मांग की गई कि निगम के भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

# परिषद की निष्क्रियता से बाजारों में होने लगा अतिक्रमण

### नगर परिषद और प्रशासन ने बढ़ते अतिक्रमण के प्रति बंद कर लीं आखें

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** की सड़कों से लेकर चौक-चौराहे और बाजारों में दुकानदारों ने सामान बाहर रख अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे है। जिससे आए दिन बाजारों में जाम तथा आम नागरिक और दुकानदारों के बीच विवाद होने लगे है। नगर परिषद प्रशासन बढ़ते अतिक्रमण के प्रति अपनी आखें बंद करके बैठा हुआ है।

नगर परिषद प्रशासन एक बार फिर शहर में फैलने लगा अतिक्रमण से अनभिज्ञ होने लगा है। नगर परिषद प्रशासन की इसी अनदेखी के कारण स्थानीय बाजारों से लेकर सड़क, आम रास्ते व सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों में होढ़ लगने



सोहना शहर में दुकानदारों द्वारा फिर से किया जाने लगा अतिक्रमण।

लगी है। जिसका खामियाजा आम नागरिकों से लेकर वाहन चालक और स्वयं दुकानदार व व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे पहले बाजारों में अतिक्रमण के कारण बाजारों में वाहनों को रास्ता न मिलने से जाम लगने लगे है। दुकानदार से लेकर व्यापारी, पटरी दुकानदार और रेहड़ी लगाने वालों ने सड़क, आम रास्ते व बाजारों के चौक-चौराहों पर कब्जा कर लिया है। शहर का अस्पताल मार्ग से लेकर बस स्टैंड मार्ग, गुरुग्राम-अलवर मार्ग, बाईपास चौक से चारों दिशाओं में जाने वाली सड़कें, नेहरु बाजार, बड़ा बाजार, पुराना अलवर मार्ग, पुराना लेबर चौक, फव्वारा चौक, खेल चौक आदि पर अतिक्रमण छाया हुआ है।

### हो रहे हैं आपसी झगड़े

**शहर** में फैले अतिक्रमण से स्कूटी, बाइक, कार व आपे टैम्पू चालक और दुकानदारों के बीच आए दिन झगड़े हो रहे हैं। जिसका कारण दुकानदार का दुकान से बाहर रखा सामान से किसी भी वाहन के टकराने पर झगड़ा होने लगता है। कई बार ऐसे विवाद को आपसी समति से तथा कई बार पुलिस को बुलाने से निपटाया जा रहे है।

### सोहना में 5 से 10 फुट अतिक्रमण

**शहर** की सड़कों पर दुकानदारों ने 5 से लेकर 10 फुट अपनी दुकान से बाहर सड़क, आम रास्ता व सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ है। शहर के बिजली निगम एसडीओ कार्यालय के साथ लगती नगर परिषद की दुकानों के सामने 10 फुट तक सामान, रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण किया हुआ है। इतना नहीं यहा के दुकानदार अपनी दुकान के आगे रेहड़ी या छोटे दुकानदारों से हजारों रुपये मासिक किराया की वसूली कर रहे है। परिषद अधिकारी इस संबंध में कोई जानकारी देना उचित नहीं समझ रहे है।

# बरसात शुरू होने से पहले ही सड़कों में हुए गड्ढे

### पूरे शहर की सड़कों पर बने गड्ढे दे रहे हैं हादसों को न्योता

### जलभराव से निपटने की बजाय हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बरसाती** मौसम शुरू होने से पहले ही शहरी सीमा क्षेत्र की सड़कों पर बने गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। लोक निर्माण विभाग से लेकर जनस्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद विभाग सड़कों पर हो रहा जलभराव की समस्याओं से निपटने की बजाय हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए है। पिछले करीब एक 15 दिन पहले हुई हल्की बारिश से शहरी क्षेत्र की सड़कों पर जलभराव से गड्ढे बन गए थे। यें गड्ढें दिन प्रति दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। इन गड्ढों पर वाहन डांस



सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग पर अग्रसैन चौक के पास सड़क पर गड्ढें के कारण जलभराव।

करते हुए निकलते हैं। गड्ढों में जलभराव के कारण बाइक व स्कूटी चालक गिरकर चोटिल हो रहे है।

### शहर में कहां-कहां हो रहे गड्ढे

**अंबेडकर** बाईपास चौक से इंडरी जाने वाली सड़क पर जखोपुर व तावडू जाने वाले मार्ग पर एक किलोमीटर की दूरी में चार स्थानों पर गड्ढे बने हुए हैं। इसके अलावा बालूदा मार्ग, महाराजा अग्रसैन चौक और सांप की नंगली जाने वाली मार्ग के मोड़ पर घरेलू, गंदे नाले व नालियों का पानी तथा बारिश के दिनों में जलभराव होने से सड़कों पर गड्ढों बने हुए है। जलभराव को सड़क से समाप्त करने की जिम्मेदारी लोक निर्माण से लेकर जनस्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद विभाग की है। लेकिन कोई भी विभाग अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य नहीं कर रहे है।

### गड्ढे दे रहे हैं हादसों को न्योता

**सड़कों** पर बने गड्ढे सबसे ज्यादा जखोपुर तथा तावडू जाने वाले मार्ग पर अग्रसैन चौक पर हैं। यहां बाइक, स्कूटी और ऑटो गिरने से नागरिक घायल हो रहे हैं। यहां पर पेयजल आपूर्ति की लाइन टूटी सड़क के बीचोंबीच टूटी होने के कारण जलभराव होता है। जिससे जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पिछले एक सप्ताह से बार-बार लाइन को जोड़ रहे है। लेकिन पक्का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### अधिकारी झाड़ रहे जिम्मेदारियों से पल्ला

**अधिकारी** सड़कों पर जलभराव से लेकर हो रहे गड्ढे होने के कारणों की जिम्मेदारियों लेने से इंकार करते हुए एक दूसरे विभाग को दोषी ठहरा रहे हैं। बीएण्डआर विभाग अधिकारी अजीत सिंह का कहना है कि उन्होंने नगर परिषद को सड़कों के साथ नाले बनाने की मांग की गई थी। लेकिन परिषद नाले बनाने को तैयार नहीं हो रही है। जनस्वास्थ्य विभाग जखोपुर में सड़क के साथ-साथ पाइप के माध्यम से जाने वाली सीवर लाइन के कार्य को पिछले छह माह से लटकाएं हुए है।

# डेंगू व मलेरिया से बचाव को बरतें सावधानी : सुंदर लाल

### पीएचसी भांगरोला में ग्रामीणों को किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बारिश** का मौसम शुरू होने पर मलेरिया ओर डेंगू से बचने के लिए पीएचसी भांगरोला में गांव और आसपास की सोसायटी के मौजिज लोगों के साथ बैठक हुई।

बैठक में पीएचसी की तरफ से डा. अजितेश, प्रवीन यादव, जयभगवान, राजकुमार, अजित सिंह, प्रिया, नीतू, गीता, के अलावा गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सिकन्दरपुर बढ़ा गांव के सरपंच सुन्दर लाल यादव, धर्मबीर यादव प्रधान मैप्सको कासा बेला सोसायटी, जयप्रकाश, संजय, भूपेंद्र, सुरजीत, राहुल सोनी समेत गांव व सोसायटी के अनेक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगों को मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए जागरुक किया



गुरुग्राम के पीएचसी भांगरोला में डेंगू, मलेरिया के प्रति जागरुक करते चिकित्सक व सुंदर लाल यादव।

गया। उनसे सावधानियां रखने की अपील की गई। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि ये दोनों बीमारियां मच्छरों के कारण होती हैं। इन्हें रोकने के लिए अपने घर के आसपास पानी जमा ना होने दें। खड़े हुए पानी में ही मच्छर पैदा होते हैं। हर रविवार को ड्राई-डे मनाएं यानी कूलर, फूलदान, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तनों, हौदी के सुखाकर ही पानी भरें। कूलर का उपयोग कर रहे हैं तो उसे भी अच्छी तरह से धोकर सुखाएं। पानी से भरे हुए गड्ढों में मिट्टी भर दें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें। इस तरह से उपाय करके हम इन बीमारियों और मच्छरों से बच सकते हैं।

# नॉयज ने पैन इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप की घोषणा की

### नॉयज स्मार्टवॉच का कलरफिट क्यूब प्लस एसपीओ2 एडिशन एक्सक्लूसिव रूप से समूचे भारत में उड़ान प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नॉयज,** भारत के अग्रणी ऑडियो तथा वियरेबल मैन्युफैक्चरर ने आज स्मार्टवॉच के अपने कलरफिट क्यूब प्लस एसपीओ2 एडिशन के लिए एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप की घोषणा की। ये पार्टनरशिप के तहत भारत के सबसे बड़े बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उड़ान पर नॉयज की स्मार्टवॉच की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जाएगी।

स्मार्टवॉचेस की नॉयज रेंज, उड़ान प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणी के अंतर्गत 12500 से अधिक पिन




कोड्स क्षेत्र को कवर करती हुई 1200 कस्बों और शहरों में रिटेलर्स के लिए उपलब्ध होगी। नॉयज कलरफिट क्यूब प्लस, बेस्टसेलिंग कलरफिट क्यूब एसपीओ2 वॉच का अपग्रेडेड वर्शन है। ब्रांड की यह नवीनतम किफायती स्मार्टवॉच, एक्सक्लूसिव रूप से तमाम रिटेलर्स के लिए उड़ान प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। स्मार्टवॉच का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 4999 रुपये है। जिसमें हार्ट रेट सेंसर, टच स्क्रीन डिस्प्ले, एक हफ्ते की बैटरी लाइफ, मल्टीपल स्पोर्ट्स मोड जैसे और भी कई फीचर्स शामिल हैं। यह वॉच 240*240 पिक्सल रिजॉल्यूशन और 1.4-इंच के वर्गाकार डिस्प्ले के साथ आती है, जो घुमावदार डिस्प्ले और एक टीएफटी पैनल से सुसज्जित है। स्मार्टवॉच क्लाउड-आधारित वॉच फेसेस को भी सपोर्ट करती है। कनेक्टिविटी के संदर्भ में, नॉयज कलरफिट क्यूब प्लस, नॉयजफिट ट्रैक एप्लिकेशन का उपयोग करके एंड्रॉइड और आईओएस दोनों डिवाइसेस के साथ संगत है। इसके अलावा, स्मार्टवॉच स्टेप्स काउंट, कैलोरीज़ बर्न्ट, स्लीप ट्रैकिंग, डिस्टेंस और एक्सरसाइज़ रिकॉर्ड्स जैसी सुविधाएं भी प्रदान करती है। वॉच आईपी68 वॉटरप्रूफ है और बाहरी उपयोग के लिए अनुकूल है।

इस पार्टनरशिप पर बात करते हुए, गौरव खत्री, को-फाउंडर तथा सीईओ, नॉयज ने कहा, नॉयज की स्थापना के बाद से ही यह ऐसे अभूतपूर्व प्रोडक्ट्स पेश करने के लिए प्रयासरत है, जिनकी वास्तव में उपयोगकर्ता सराहना करते हैं और इन्हें खरीदना चाहते हैं। हम ऐसा करने में इसलिए सक्षम हो सके हैं, क्योंकि हम सबसे पहले अपने कस्टमर्स के बारे में सोचते हैं।

# गैरहाजिर चिकित्सकों पर होगी कार्रवाईः एसएमओ



नागरिक अस्पताल के नवनियुक्त एसएमओ डॉक्टर दशरथ राव।

**सोहना।** नागरिक अस्पताल से करीब तीन वर्ष से गैरहाजिर चल रहे चार डॉक्टरों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। रोगियों को अच्छा उपचार देने के उद्देश्य से सभी पदों को उच्चाधिकारियों की मदद से भरा जाएगा। नागरिक अस्पताल को बिजली की हॉट पावर लाइन जोड़ने वाली कमियों को पूरा किया जाएगा।

नागरिक अस्पताल में नवनियुक्त एसएमओ डॉक्टर दशरथ राव ने बताया कि किसी भी अस्पताल में रोगियों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने में कर्मचारियों से लेकर डॉक्टरों के खाली पदों को भरा जाना जरुरी होता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर कर्मचारियों से लेकर डॉक्टरों के खाली पदों को जल्द पूरा करना होगा। अस्पताल से पिछले करीब तीन वर्ष से गैर हाजिर चल रहे डॉक्टरों के खिलाफ उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर खाली कराया जाएगा। जिससे ओपीडी और आपातकाल वार्ड को सही ढंग से चलाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल को हॉट लाइन से नहीं जोड़ा गया है। जिसके कारणों का जानने के बाद हॉट लाइन बिजली सप्लाई चालू कराई जाएगी। जिससे यहा पर ब्लैड बैंक से लेकर निक्कू वार्ड को चालू करना, ऑपरेशन थिएटर को 24 घंटा चालू करना आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। डॉक्टर राव ने बताया कि गर्मी व बरसात के मौसम में हैजा, मलेरिया, डेंगू और डायरिया जैसी जान लेवा बीमारियां पनपने का खतरा रहता है। इनसे निपटने के लिए पूरी तैयारियां जल्द से जल्द करनी होगी। स्थानीय अस्पताल को 100 बेड में परिवर्तन कराने की कार्रवाई को अमल में लाया जा सकेगा।

# किफायती हाउसिंग फाइनेंस सेगमेंट को ध्यान में रखते हुए MOHF ने अपने कदम बढ़ाए

### मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (MOHFL) ने गुरुग्राम में एक नई शाखा के साथ देश में अपनी 107वीं शाखा का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** में आज के जमाने की प्रमुख हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड ने हरियाणा के गुरुग्राम में अपनी नई शाखा के शुभारंभ की घोषणा की। इस तरह भारत में MOHFL की 107वीं शाखा का उद्घाटन होगा। MOHFL विशेष रूप से और बड़े पैमाने पर निम्न एवं मध्यम आय (LMI) वर्ग के ग्राहकों की हाउसिंग फाइनेंस से जुड़ी जरूरतों को पूरा करना चाहता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने भारत सरकार के 2022 तक सभी के लिए आवास के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य की दिशा में सार्थक योगदान देने की ओर



कदम बढ़ाए हैं। गुरुग्राम में MOHFL की यह नई शाखा ग्राहकों को 60 किमी के दायरे में घर खरीदने या बनाने के लिए किफायती होम लोन उपलब्ध कराएगी।

MOHFL ने ऑफिस नंबर 305-307, तीसरी मंजिल, जे.एम.डी. रीजेंट प्लाजा, गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के निकट, गुरुग्राम, हरियाणा में अपने कार्यालय का शुभारंभ किया है। श्री शशिकांत पांडे इस शाखा के प्रमुख होंगे, जिनसे 8586976550 पर संपर्क किया जा सकता है।

MOHFL के चीफ बिजनेस ऑफिसर, श्री मनीष सिंह, तथा स्न्ह।स्न्रु के राज्य प्रमुख, श्री आलोक श्रीवास्तव द्वारा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 21 मई, 2022 को MOHFL की कैथल शाखा का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मनीष सिंह, CBO, MOHFL ने कहा, उत्तर क्षेत्र के लिए गुरुग्राम एक महत्वपूर्ण स्थान है, और इस शाखा के संचालन की शुरुआत के साथ हम दक्षिणी हरियाणा के बाजारों का अधिक असरदार तरीके से लाभ उठा पाएंगे। हमने पहले से ही कैथल, करनाल, रोहतक और यमुनानगर में अपनी मौजूदगी दर्ज की है, और अब गुरुग्राम की इस शाखा से हम निश्चित तौर पर पूरे हरियाणा राज्य में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे। हम निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों को बिना किसी परेशानी के किफायती होम लोन उपलब्ध कराने के व्यवसाय से जुड़े हैं, इस नजरिए से देखा जाए तो हरियाणा का बाजार निश्चित तौर पर बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा, सरकार ने भी वित्त-वर्ष 2022-23 में PMAY योजना के तहत 80 लाख घरों के निर्माण को पूरा करने के लिए 48,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। किफायती आवास के क्षेत्र से जुड़े होने के नाते, हमें पूरा यकीन है कि हम 2022 तक सभी के लिए आवास के इस मिशन में बेहद अहम भूमिका निभाएंगे।

# जानलेवा साबित हो सकती है सड़क पर रखी निर्माण सामग्री

## सड़कों पर पड़े मिट्टी के ढेर से फिसल रहे हैं दो पहिया वाहन चालक

कविता। फरीदाबाद

**लोगों** को समस्याओं से निजात दिलवाने के लिए शहर में जहां एक तरफ विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। लेकिन निर्माण दौरान बरती जा रही लापरवाही विनाश का कारण बन सकती है, क्योंकि शहर में ज्यादातर स्थानों पर विकास कार्यों के बाद निर्माण सामग्री को सड़कों पर ही लापरवाही से छोड़ दिया जाता है।

ऐसा ही सेक्टर-12-11 की नवनिर्मित डिवाइडिंग रोड पर देखने को मिला। जहां हाल ही में नई बनी सड़क पर जगह जगह मिट्टी और ईटों का ढेर देखने को मिला। हालांकि अभी यहां काम चल रहा है। लेकिन जितना काम पूरा हो चुका है और जहां रोड चालू हो चुकी है। चालू सड़क के दोनों तरफ और बीच में कहीं निर्माण सामग्री पड़ी हुई है तो कहीं मलवे के ढेर लगे हुए हैं। जिस कारण यहां से आने-जाने वालों को दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा है। वहीं रात के अंधेरे में इस लापरवाही की वजह से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।



सेक्टर-12 में सड़क किनारे लगा ईंटों का ढेर।

जानकारी के मुताबिक शहर के लोगों को गड्ढों से निजात दिलवाने के लिए कई जगह सड़कों का निर्माण हो रहा है। लेकिन कई-कई महीनों बाद भी सड़कें नहीं बन पा रही हैं। जिससे लोग परेशान थे। लेकिन अब जैसे-तैसे कई महीनों के बाद सेक्टर-12-11 की डिवाइडिंग रोड बन चुकी। लेकिन यहां आज भी सड़क बनने के बाद वाहन चालक परेशान हैं, क्योंकि यहां बीच में और सड़कों के किनारे आज भी ईंटों और मिट्टी के ढेर लग रहे हैं। इससे एक तरफ जहां आवागमन प्रभावित होता है तो वहीं पर इसके कारण वाहन चालकों को भी काफी परेशानी होती है। सड़कों पर पड़े मिट्टी के ढेर से दो पहिया वाहन चालक फिसल रहे हैं, जिससे हादसों का डर बना रहता है। इस सामग्री को ठेकेदार के लोग इस तरह रख देते हैं कि सड़क से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसकी वजह से शहर की सड़कों पर जाम के हालात बन रहे हैं। लोगों को निकलने में कठिनाई हो रही है। सड़कों पर ही सामग्री डालने से कई तरह की परेशानियों से लोगों को जूझना पड़ता है।

# बड़खल झील की वोट पर मनाएंगे पीएम मोदी का जन्मदिन : गुर्जर

## बड़खल झील बनने के बाद फिर फरीदाबाद को मिलेगी पहचान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बड़खल झील का दौरा करते केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा और पदाधिकारी।

**फरीदाबाद** जिले को बड़खल झील के नाम से पहचाना जाता था। लेकिन किन्हीं कारणों से यह झील करीब 25 से 30 साल पहले सूख गई थी। झील में पानी खत्म होने से देशभर में प्रसिद्ध यह पर्यटन स्थल पूरी तरह विरान हो गया था।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा की मांग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस झील का फिर से पुर्ननिर्माण शुरू करवाया है। अगले करीब एक साल में यह झील पूरी तरह तैयार हो जाएगी। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन यह झील आम जनता के सुपुर्द की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक सीमा त्रिखा ने बड़खल पर्यटन स्थल के होटल ग्रेफाल्क में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि इस झील के पुर्ननिर्माण में करीब 78 करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिसके तहत झील को पानी से भरने के लिए करीब साढ़े 22 करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी का निर्माण करवाया जा रहा है।

सीवर के पानी को एसटीपी से साफ करने के बाद उसे झील में डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि झील दरारें आने की वजह से सूख गई थी। ऐसे में इन दरारों को भरने का काम भी तेजी के साथ किया जा रहा है। साथ ही झील के तल को पक्का करने का काम भी किया जा रहा है। ताकि पानी जमीन में जाने की बजाए झील में ही भरा रहे। उन्होंने बताया कि झील के 800 मीटर लंबे बांध की मरम्मत का काम भी जल्दी ही शुरू किया जाएगा। इसके अलावा पार्किंग और झील की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए अन्य कई तरह के काम यहां पर किये जाने हैं। बड़खल झूल को हैदराबाद और बैंगलोर के मैरिना की तर्ज पर खूबसूरत बनाया जाएगा। गौरतलब है कि बड़खल झील के नाम से जाना जाता था। बड़खल झील का नाम आते ही पुराने समय में चले जाते हैं। जब यहां पर फिल्मों की शूटिंग होती थी और उसके साथ-साथ यहां पर शनिवार रविवार को पांव रखने की जगह नहीं होती थी। लेकिन काफी वर्षों से बड़खल झील सूखी रही और इस पर किसी का भी कोई ध्यान नहीं गया। वर्ष 2014 में सीएम अनाउंसमेंट के तहत बड़खल झील पर करोड़ों रुपए की लागत से अब यहां पर बहुत ही आकर्षक टूरिस्ट पैलेस तैयार किया जा रहा है।

# बिजली कर्मचारी बनकर आए बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को लूटा

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**सेक्टर**-4आर स्थित घर पर रह रही अकेली बुजुर्ग के साथ दिनदहाड़े बिजली कर्मचारी बनकर आए दो व्यक्तियों ने लूटपाट की। एक व्यक्ति ने महिला को पकड़ लिया। वहीं दूसरे ने बुजुर्ग के सिर पर बंदूक तान दी। इस दौरान महिला अपनी बेटी से बात कर रही थी। यह सभी घटना बेटी ने फोन के जरिए सुन ली। जिसके बाद उनकी बेटी ने तुरंत पड़ोसी को दी।

पड़ोसी मौके पर पहुंचकर आरोपियों से भिड़ गया। जिस पर एक आरोपी को पड़ोसी ने पकड़ से फरार हो गया वहीं दूसरे आरोपी को पड़ोसी ने पकड़ लिया। शोर सुनकर आस पड़ोस वाले इक्ठ्ठा हो गए। थाना सेक्टर 8 पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपी से क्राइम ब्रांच 65 पूछताछ कर रही है। सेक्टर-4आर की रहने वाली जयवती शर्मा ने बताया कि वह घर पर अकेली रहती है। उसकी उम्र करीब 70 साल है। उन्होंने बताया कि सोमवार की दोपहर 2 बजे के करीब वह अपनी बेटी से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत कर रही थी। तभी दो व्यक्ति बिजली कर्मचारी बनकर उनके घर में घुस आए और बिजली का बिल दिखाने को कहा। जिस पर बुजुर्ग ने उनसे कहा कि उन्होंने बिजली का बिल भर दिया है। तभी एक व्यक्ति ने बंदूक उनके सिर पर लगा दी। वहीं दूसरे ने उनके पहने हुए जेवर उतारने के लिए कहा। उसके बाद उन्होंने कमरे में रखे अलमारी की चाबी मांगी। जिस पर बुजुर्ग ने अलमारी की चाबी दे दी। बुजुर्ग ने बताया कि व्यक्ति के द्वारा उनके कानों में पहने हुई एक जोड़ी कुंडल, एक अंगूठी, चांदी की पायल व नाक में पहनी हुई लोंग और अलमारी में रखे 10 हजार रुपये लूट कर ले गए। इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग का फोन छीन कर फेंक दिया लेकिन बुजुर्ग का फोन कटा नहीं था और बेटी ने थोड़ी बहुत घटना सुन ली। जिसके बाद उनकी बेटी ने समझदारी दिखाते हुए पड़ोस में रहने वाले अपने अंकल जयचंद को फोन किया। जिस पर पड़ोसी जयचंद तुरंत घर पहुंच गए।



घेरे में वह महिला जिससे लूटपाट हुई।

# मामूली विवाद में अगवा कर की व्यक्ति की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



शकील।

**बाईपास** रोड पर सेक्टर 19 के निकट स्थित शराब के ठेके के पास एक व्यक्ति की कार सवार कुछ लोगों से मामूली सी बात को लेकर कहासुनी हो गई। तभी कार सवार युवकों ने मारपीट करते हुए व्यति को अपनी गाड़ी में डाल लिया। आरोपी व्यक्ति को घायल कर सड़क पर फेंक कर फरार हो गए। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। थाना खेड़ीपुल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक 42 वर्षीय शकील खान नामक व्यक्ति सेक्टर-17 की प्रेम नगर बस्ती में परिवार के साथ रहता था। मृतक शकील के भतीजे नूर हसन ने बताया कि वे ऑटो चलाते थे। रविवार की रात को करीब साढ़े दस बजे वह घर से कुछ दूरी पर शराब ठेके पर गया। इसके बाद वापस नहीं आया। किसी ने फोन पर बताया कि शकील सेक्टर.17 के पुल के पास घायल हालत में पड़ा है। उन्होंने घायल को बादशाह खान अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उसे दवा देकर घर भेज दिया। इस दौरान शकील ने बताया था कि शराब ठेके पर कार सवार कुछ युवकों से उसकी कहासुनी हो गई थी। वे उसे कार में डालकर एक डेयरी पर ले गए। वहां एक कमरे में बंद कर उसके साथ मारपीट की और उसे सेक्टर-17 के पुल के पास फेंककर फरार गए। सोमवार की सुबह शकील मृत मिले।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी10 घंटे में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नीतीश अग्रवाल के द्वारा जघन्य मामलों में अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया की टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम तालिब है, जो स्थाई रूप से पलवल के गांव खेलूका का रहने वाला है। अस्थाई रूप से फरीदाबाद की आदर्श नगर कालोनी का रहने वाला है। 10 जुलाई को आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत महिला पुलिस थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी की उम्र 25 साल है आरोपी पहले भी अवैध हथियार के मामले में जेल जा चुका है। लड़की के परिजनों से प्राप्त सूचना से पता चला कि आरोपी ने लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।

# चन्दन माउथ फ्रेशनर की बेरीस रेंज प्रस्तुत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**एसटीसी** इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चन्दन माउथ फ्रेशनर द्वारा हेल्दी बेरी के 8 प्रोडक्ट्स और हेल्दी सीड्स के 6 प्रोडक्ट हाल ही में लांच किया गया है। बेरी परिवार के उत्पादनों में बेरी आंवला, बेरी फेंटसी, क्रिस्पी बेरी, जेस्टफूल बेरी, क्रेनबेरी, मैंगो बेरी, बेरी ईमली आदि का समावेश होता है। हेल्दी सीड्स के 6 उत्पादनों में 7 सीड सुपर नेचुरल मिक्स, हेल्दी माउथ फ्रेशनर, हर्बल माउथ फ्रेशनर, तिलगुटली माउथ फ्रेशनर, नेचुरल मिक्स, चिआ सीड्स का समावेश होता है। प्रत्येक टाइप में फल के रसा स्वाद का अच्छी तरह से स्वाद लिया जा सकता है। सबसे आरोग्यप्रद वस्तुओं में एक बेरीस (बोर) है। यह स्वादिस्ट होने के अलावा आरोग्यप्रद है, यह एंटी ऑक्सीडेंट है। इसमे फाइबर और विटामिन सी भरपूर होता है यह पाचन शक्ति बढ़ाता है।

एसटीसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज के. शाह ने बताया की 1966 से चन्दन माउथ फ्रेशनर से स्वास की प्रक्रिया को आरोग्यप्रद बनाया है। चन्दन मुखवास तम्बाकू मुक्त है, उच्च गुणवत्ता की सामग्री से बनता है और इसमें 100 प्रतिशत प्राकृतिक फूड कलर का उपयोग होता है। यह गुटखा और पान मसाला के विकल्प में खाया जा सकता है। यात्रियों के लिए यह छोटे पैक में उपलबद्ध है। होरेका और कॉर्पोरेट भेट उद्योग के लिए यह छोटे पैक में उपलबद्ध है। यह प्रोडक्ट प्रीमियम, कुदरती, एथनिक होने के अलावा एक वर्ष की सुरक्षा रखता है चन्दन का सूत्र है- स्वाद भी, स्वास्थ्य भी। चन्दन माउथ फ्रेशनर का मुख्य केंद्र बोरीवली में है और अत्याधुनिक उत्पादन ईकाइयां दहिसर में हैं। कंपनी की वसई में शीघ्र ही दूसरी उत्पादन इकाई स्थापित करने की योजना है। चन्दन माउथ फ्रेशनर आईएसओ-22000 सर्टिफिकेशन और यूएसएफडीए रजिस्ट्रेशन भी है इससे दुनिया भर में यह बिकता है। चन्दन की 5 प्रोडक्ट केटेगरी में 250 प्रोडक्ट रेंज है। आज मुखवास, पाचन कर्ता, पान, तंदरूस्त, मिक्सिस और कन्फेक्शनरी में सबसे भरोसेमंद ब्रांड है।

# उद्योगों में हुनरमंद युवाओं का होना जरूरी

## एक दिवसीय कार्यशाला में उद्योगपतियों के सुझाव भी किए साझा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बाटा स्थित एफ आई ए भवन में आयोजित कर्यक्रम में भाग लेते उद्योगपति।

**हरियाणा** सरकार में एसडीआईटी के महानिदेशक आरसी बिधान ने कहा कि उद्योगों में हुनरमंद युवाओं का होना जरूरी है। इसके लिए सरकार द्वारा लॉग टर्म और शार्ट टर्म स्किल डेवलपमेंट के कोर्स प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए हैं। स्कील डेवलपमेंट कोर्स के माध्यम से उद्योगों को हुनरमंद युवाओं रोजगार के लिए तैयार कर उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाना है।

हरियाणा सरकार के एसडीआईटी के महानिदेशक रमेश चंद्र विधान आज सोमवार को एफआईए के कार्यालय में विभिन्न उद्योगपतियों संस्थाओं के प्रतिनिधियों और आईटीआई विभाग के अधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों के साथ आईटीआई विभाग के अधिकारी मिलकर आपस में साझा कार्यशाला का आयोजन कर रहे हैं। ताकि उद्योगों को हुनरमंद बच्चे मिले और जिसे उद्योगों की उत्पादन क्षमता बढ़े और अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने उद्योगपतियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे हुनरमंद युवाओं के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में शार्ट ट्रम के कोर्स चलाए जा रहे हैं। जिससे उनके उद्योग के अनुरूप युवाओं को ट्रेनिंग दे देकर हुनरमंद बनाएं। ताकि वह उसके उद्योग में और बेहतर उत्पादन कर सके। उस हुनर पर रोजगार भी मिल सके। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों में भी इसी चरण पर कार्य करके वह देश आज आर्थिक और औद्योगिक रूप से संपन्न हुए हैं। इसलिए इंडस्ट्रीज अधिक से अधिक वर्कशाप लगाकर आईटीआई पास के बच्चों के शर्ट कोर्स करवा कर उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता और परिस्थितियों के अनुसार कोर्स स्थापित करवाए जा रहे हैं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कार्यशाला में आए हुए सभी अधिकारियों व उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार ने फ्लैक्सिबल स्कीम दी है। आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में इस स्कीम का उद्योगपति अधिक से अधिक फायदा उठाएं। आईटीआई पास आऊट विद्यार्थियों को अच्छी ट्रेनिंग देकर उन्हें अपने उद्योगों में रोजगार दे। यदि कोई इशू उद्योगपतियों का है तो वह आपस में सुझाव साझा करके उसे दूर करें। एसडीआईटी के अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में उद्योगों के हिसाब से आईटीआई पास बच्चों को हुनरमंद ट्रेनिंग देने का खाका तैयार किया जा रहा है।

## पुलिस पर हमला करने वाले गांजा तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने गांजा सप्लायर को पुलिस टीम पर हमला कर भगाने के मामले में फरार चल रहे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गौरव, महिपाल और गौरव उर्फ भोला उत्तर प्रदेश के नोएडा जिले के गांव कामनगर के रहने वाले हैं।

पुलिस प्रवक्ता बताया कि तीनों आरोपियों को फरीदाबाद के सेक्टर 12 से थाना भूपानी के 302 आईपीसी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी सत्यदेव को थाना तिगांव के अवैध नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिस ने पूछताछ में बताया कि उसे आरोपी अशोक गांजा सप्लाई करता है। पुलिस टीम ने आरोपी सत्यदेव से फोन करके अशोक से गांजा मंगवाया था। आरोपी अशोक गांजा लेकर थाना भुपानी एरिया में आया था जहां से उसे पुलिस टीम ने काबू किया था, लेकिन उसके साथी गौरव ,महिपाल और गौरव उर्फ भोला पुलिस टीम पर हमला करके भगा ले गए थे।

# 24 घंटे बाद भी नहीं मिला नहर में डूबा युवक



नहर में डूबे बच्चे के बचाव का कार्य करती पुलिस टीम व मौके पर मौजूद परिजन।

**फरीदाबाद।** रविवार की दोपहर को दोस्तों के संग आगरा नहर में नहाने गया 14 वर्षीय रोहित पैर फिसलने से डूब गया। वह खेड़ीपुर के पास आगरा नहर किनारे बनी झुग्गी में रहता था। रोहित के डुबने पर दोस्तों ने शोर मचाया। लोगों की भीड एकत्रित हो गई और पुलिस को सूचना दे दी। लेकिन 24 घंटे बाद भी रोहित की तलाश नहीं हो पाई।

**यह है पूरा मामला :** खेड़ीपुल के पास आगरा नहर में नहाते वक्त 14 वर्षीय रोहित डूब गया। वह पास ही झुग्गी में रहता था। रविवार दोपहर वह दोस्तों के साथ आगरा नहर में नहाने गया था। वह खेड़ीपुल के नीचे बने छठ घाट पर नहा रहा था। इस दौरान सीढ़ी से उसका पांव फिसल गया। वह नहर में गिर गया। पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो लोग वहां जुट गए। मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दमकल विभाग के कर्मचारियों को साथ लेकर मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से रोहित की तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। आज 24 घंटे बीत चुके है बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया है। परिवार वालो का आरोप है की पुलिस प्रशाशन ने पूरी तरीके से ढील दी है। परिवार वाले ही खुद बच्चे को खोजने में लगे हुए थे, लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया। कल से बच्चे को पलवल के नहर तक ढूंढ चुके है और बच्चा नहीं मिल पाया है। आज पुलिस से जब गुहार लगाई तो उन्होंने अपनी एनडीआरएफ की टीम भेजी और ढूंढ़ने का प्रयास शुरू किया।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वामी ने अमेरिका में बजाया हरियाणा का डंका




**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि ढिगावा मंडी के शामियान ढाणी भिवानी के शंकर लाल स्वामी ने स्टैंप टाउन (अमेरिका) में 5000 मीटर दौड में रजत पदक जीतकर भारत देश के साथ हरियाणा राज्य का नाम रोशन किया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि शंकर लाल स्वामी ने 2 जुलाई को साउंड रनिंग सनसैट टूर (लास एंजलिस) अमेरिका में 3000 मीटर स्टेपल चेज इवेंट में 8 मिनट 45 मिनट और 82 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक जीता था। स्टैंप टाउन ट्विलाइट पोर्टलैंड आर्गन (अमेरिका) में 5000 मीटर दौड में 14 मिनट 12 सेकेण्ड और 48 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक विजेता बनकर भारत देश का नाम रोशन किया। शंकर लाल स्वामी के कोच जयवीर धनखड़ बास सतनाली ने फोन पर बताया कि एथलीट शंकर लाल की माता गृहणी है और पिता साधारण किसान हैं।

## कंपनी में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-25 स्थित विक्टोरा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्यातिथि रोटरी ब्लड बैंक फरीदाबाद चेयरमैन एचएल भूटानी के पुत्र नीरज भूटानी व विशिष्ठ अतिथि रोटरी क्लब के असिस्टेंट गर्वनर संजय दुआ और ब्लड बैंक उपाध्यक्ष दीपक प्रसाद, सतवीर सिंह बांगा और प्लांट हेड मनुकांत शर्मा, राजेश शर्मा विक्टोरा अध्यक्ष व चंचलजीत उपाध्यक्ष रहे। ब्लड कैंप रोटरी क्लब ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा व सेक्रेट्री अजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जिसमें सभी वर्कर और स्टाफ बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है। कैंप में बीके अस्पताल की टीम भी उपस्थित रही। रक्तदान शिविर में सतवीर बांगा एमडी विक्टोरा ग्रुप, प्लांट हेड मनुकांत शर्मा, चंचलजीत, रोटरी फरीदाबाद ईस्ट अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा, सचिव अजय गुप्ता, असिस्टेंट गवर्नर संजय दुआ, नीरज भूटानी, दीपक प्रसाद, सचिन मडोतिया, जीके चौहान, रामलखन सिंह, दीपक बंसल, दीपिका, सीमा, लता, प्रशांत, अंकिता, अमन कौशिक, अरविंद, विकास उपस्थित रहे।

## एक व्यक्ति का रक्तदान तीन जरूरतमंदों के काम आता : तोमर



**फरीदाबाद।** पर्वतीय कालोनी स्थित केडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल परिसर में नवप्रयास सेवा संगठन द्वारा 70 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 48 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री डा. आरएन सिंह द्वारा किया गया। शिविर में प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति की अध्यक्ष नीरा तोमर, जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष, भगवान सिंह, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, भाजपा नंगला मंडल अध्यक्ष कविन्द्र फागना, निर्वतमान पार्षद महेन्द्र सरपंच, भाजपा युवा मोर्चा नंगला मंडल अध्यक्ष आदेश यादव ने शिरकत की। भाजपा नेता एवं शिक्षाविद् अजय यादव ने फूलों का बुक्का देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर दिखेगी आजादी के अमृत महोत्सव की झलक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 76वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिस भी विभाग को जो दायित्व दिया गया उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। सभी विभागों के अधिकारी और अन्य अधिकारी स्वतंत्रता दिवस के लिए मिले दायित्व को गंभीरता से लें। डीसी जितेन्द्र यादव आज सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभाग वार ड्यूटिया सुनिश्चित कर रहे थे। डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि आगामी 09, 11, 12 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रमों और परेड की सलामी तथा मार्च पास्ट की रिहर्सल पुलिस लाइन ग्राउंड में की जाएगी और 13 अगस्त को फुल ड्रेस स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में मार्च पास्ट में परेड की सलामी के लिए और स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए रिहर्सल शुरू की जाएगी।

## कन्हैया लाल की हत्या के विरोध में निकाला रोष मार्च




**फरीदाबाद।** राजस्थान में जेहादी मानसिकता वाले लोगों द्वारा एक निर्दोष हिंदू कन्हैया लाल की सरेआम हत्या और बाद में आतंक फैलाने के लिए वीडियो जारी करने के विरोध एवं हिंदू एकता के समर्थन में सोमवार को फरीदाबाद के हिंदू संगठनों ने रोष प्रकट किया। जिसके बाद शहर में रोष मार्च निकालकर सरकार से ऐसी जेहादी मानसिकता को सख्ती से कुचलने की मांग की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र भडाना (लाला) ने कहा कि देश में एक समुदाय तो धार्मिक उन्माद में हत्याएं कर रहा है। जिम्मेदार ओहदों पर आसीन लोग इन हत्याओं के लिए हिंदुओं को ही जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

## पौधारोपण के लिए किए पौधे वितरण

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर व सुकृति सीजेएम डीएलएसए फरीदाबाद के निर्देशन में संजय गुप्ता, अर्चना गोयल पैनल अधिवक्ताओं ने जिला वन विभाग फरीदाबाद की नर्सरी से पौधारोपण के लिए पौधे वितरण किए। इस पौधारोपण प्रोग्राम में शहर के जाने-माने एनजीओ संचालक, संस्थाएं, शामिल हुई। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश सुकृति सीजेएम डीएलएसए के हाथों से किया गया। न्यायाधीश से इस वर्ष संजय गुप्ता पैनल एडवोकेट को फरीदाबाद जिले में 15000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है।

## नियोजित परिवार से ही जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगेगी

**फरीदाबाद।** विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में एनएच-तीन स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस तथा गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में डिबेट और पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि के कारण देश के समक्ष उत्पन्न हो रही समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय की छात्राओं रिद्धिमा, मुस्कान पांडे, निर्मला, हेमलता, मनीषा, मेनका, अंजली, भावना, सिया, चंचल, हिमांशी और गायत्री शालू ने जनसंख्या विस्फोट से हो रही। आर्थिक, सामाजिक और सामयिक हानियों से अवगत करवाया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 2022 का विषय 8 बिलियन का संसार तथा सभी के लिए एक लचीले भविष्य की ओर और अवसरों का दोहन सभी के लिए अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना है।

## गोटाबाया की विदाई

### आर्थिक संकट का परिणाम

**कोलम्बो** में हिंसक प्रदर्शन फूटने के बाद संसद के अध्यक्ष ने बताया है कि राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे 13 जुलाई को इस्तीफा दे देंगे। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को राजधानी में राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास पर धावा बोल दिया तथा प्रधानमंत्री रनिल विक्रमसिंघे के आवास को आग लगा दी। विक्रमसिंघे ने भी अपने इस्तीफे की इच्छा जताई है ताकि सर्वदलीय सरकार का गठन हो सके। लेकिन इससे द्वीप देश में सामान्य स्थिति बहाल नहीं हुई है। श्रीलंका के सेना प्रमुख शावेन्द्र सिल्वा ने रविवार को लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि 'वर्तमान संकट के शांतिपूर्ण समाधान का अवसर पैदा हो गया है।' लेकिन व्यवस्था ठीक करने में कुछ समय लगेगा क्योंकि संकट बहुत गहरा तथा व्यापक है और कुछ इस्तीफों तथा ईमानदार अपीलों से इसका समाधान संभव नहीं है। पिछले वर्षों में राजपक्षे परिवार न केवल शक्तिशाली हुआ है, हालांकि यह असामान्य बात नहीं है और भारत समेत अनेक देशों में ऐसा होता रहा है। लेकिन पिछले वर्षों में उसने लगभग सरकार पर कब्जा कर लिया है। दुनिया का ऐसा कौन देश होगा जहां दो भाइयों में एक राष्ट्रपति और दूसरा प्रधानमंत्री हो तथा एक और भाई वित्त मंत्री हो? इसके अलावा उन्होंने कर्ज के जाल में फंस कर भी घोर नासमझी का परिचय दिया। यह जाल चीन ने 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव' के नाम से बिछाया था। श्रीलंका को विशाल दिखावटी ढांचागत परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।



इसमें भारत के निकट गहरे समुद्र का हंबनटोटा बंदरगाह भी है जो भारतीय भू-रणनीतिक विचारकों के लिए चिन्ता का विषय है। यह चिन्ता खासकर 2017 में उस समय बढ़ गई, जब इसे चीन की सरकारी स्वामित्व वाली एक कंपनी को 99 साल के पट्टे पर दे दिया गया। लेकिन इसके बावजूद भारत ने विशाल हृदयता का परिचय देते हुए संकट के समय श्रीलंका की हर संभव सहायता की है।

कोविड वैश्विक महामारी ने स्थिति और खराब कर दी, खासकर इसलिए कि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था काफी सीमा तक पर्यटन पर निर्भर है। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका पर्यटन व पर्यटन-संबंधी गतिविधियों पर निर्भर है। राष्ट्रपति गोटाबाया व उनके भाई प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने उस समय संकट को विभीषिका में बदल दिया, जब उससे निपटा जा सकता था। उन्होंने 29 अप्रैल, 2021 से रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगा कर आर्गेनिक खेती थोप दी। इस निर्णय से पर्यावरणवादी एक्टिविस्ट बहुत खुश हुए। भारतीय पर्यावरणविद वंदना शिवा ने पिछले साल जून में एक वर्चुअल सम्मेलन में कहा था, 'यह निर्णय निश्चित रूप से किसानों को ज्यादा समृद्ध होने में सहायता करेगा। आर्गेनिक उर्वरकों के प्रयोग से कृषि उत्पाद पोषकों से समृद्ध होंगे, जबकि भूमि की उर्वरता भी बढ़ेगी।' उन्होंने यह भी कहा था कि 'जब परिस्थितिकी तंत्र की जैव-विविधता सुधरेगी तब फसलों में भी सुधार आएगा तथा फसलें खर-पतवार व अनेक रोगों की प्रतिरोधी हो जाएंगी।' लेकिन जो हुआ वह उनके तथा उनके समर्थकों के अनुमानों के विपरीत था। कृषि उत्पादों में भारी गिरावट आई। व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद यह प्रतिबंध वापस ले लिया गया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था तथा पूरे देश में धान की उपज में एक तिहाई कमी आ चुकी थी। एक और महत्वपूर्ण फसल चाय पर इसका और बुरा असर पड़ा। श्रीलंका की समस्याओं और राजपक्षे परिवार के पतन को मुसीबतें आमंत्रित करने के शास्त्रीय मामले की तरह देखा जा सकता है। यदि 'पर्यावरण अतिवादियों' के विचारों पर गंभीरता से अमल किया जाए तो इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# गरीबों तक लाभ पहुंचाना जरूरी

### गरीबी उन्मूलन योजनाओं वाले क्षेत्रों में अच्छे, ईमानदार, गरीब-समर्थक और सक्रिय अधिकारी तैनात करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।



**संग्राम मिश्र**
(लेखक, वरिष्ठ आईएएस हैं)

गरीबी को भयानक विभीषिका माना जाता है क्योंकि इससे किसी व्यक्ति की प्रगति थमने के साथ ही किसी देश का विकास भी बाधित होता है। गरीबी को दूर करने के लिए उसके कारणों की अच्छी तरह पहचान तथा उनको संबोधित करना जरूरी हो जाता है। इसके लिए गंभीर व निरंतर कार्रवाई की जरूरत होती है। गरीबी से पीड़ित लोगों की पहचान के अनेक औजार हैं जिनकी शुरुआत गरीबी रेखा की एक काल्पनिक लाइन से होती है।

दांडेकर और रथ ने जोर दिया है कि गरीबी रेखा एक काल्पनिक लाइन है क्योंकि यह किसी व्यक्ति की प्रति दिन की आमदनी को ही महत्व देती है तथा एक मानक से कम आय वाले लोगों को गरीबी रेखा के नीचे-बीपीएल माना जाता है। भारत में स्वतंत्रता के बाद से इस प्रकार गरीबी रेखा निर्धारित करने के लिए तय की जाने वाली आमदनी अनेक परिवर्तनों से होकर गुजरी है। देश की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत में गरीबी के आंकलन के लिए अनेक समितियों का गठन किया गया। इनमें हालिया वर्षों में गठित कुछ कमेटियों द्वारा निकाले नतीजों तथा संस्तुतियों पर गंभीर व व्यापक चर्चा हुई है। इनमें 1979 में गठित अलघ कमेटी, 1993 में गठित लकड़वाल कमेटी, 2005 में गठित तेंदुलकर कमेटी तथा एनसी सक्सेना कमेटी व रंगराजन कमेटी प्रमुख हैं। इन सब कमेटियों ने गरीबी की स्थितियों व उसके आंलन के तरीकों पर अपना विस्तृत विश्लेषण पेश किया है। तेंदुलकर कमेटी चाहती थी कि मूल्य निर्धारण प्रक्रिया के स्पेटियल व टेंपोरल मुद्दों को संबोधित किया जाए और वह इस निर्धारण के लिए एक निश्चित समय निर्धारित करना चाहती थी। इसका अर्थ था कि एक निश्चित समय के पश्चात आंकलन दोबारा किया जाए।

सक्सेना कमेटी ने बीपीएल दर्जे की समीक्षा कर गरीबों को गरीबी कल्याण योजनाओं की व्यवस्था में व्यवस्थित रूप से समावेशन और पृथक्करण का सुझाव दिया था। उसने कहा था कि बेघरबार लोगों, बंधुआ मजदूरों तथा वंचितों को स्वत: ही बीपीएल श्रेणी में शामिल किया जाए तथा



आयकर दाताओं को स्वत: ही इससे निकाल दिया जाए। इसके साथ ही सक्सेना कमेटी ने सुझाव दिया था कि यदि परिवार के किसी सदस्य को 10,000 रुपये वेतन मिलता हो अथवा उसके पास मेकेनाइज्ड फार्म या खेती के उपकरण हों तो ऐसे व्यक्ति को गरीबी रेखा के नीचे न माना जाए।

2014 में गठित रंगराजन कमेटी की रिपोर्ट ने गरीब व शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग गरीबी रेखा की पैरवी की थी। उसने गरीबी रेखा को ग्रामीण गरीबों के लिए 972 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 1,407 रुपये प्रति माह प्रति व्यक्ति गरीबी का मानक तय किया था। रंगराजन कमेटी ने यह भी माना था कि बीपीएल के अंतर्गत आने वाली जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 29.5 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि गरीबी रेखा का संबंध वंचना से है और इसे आय व उपभोग के स्तर से तय किया जाता है।

विश्व बैंक ने स्पष्ट रूप से गरीबी को 'बेहतरी से वंचना' के रूप में परिभाषित किया है। इसमें अनेक आयाम शामिल हैं जिनमें 'कम आय तथा गरिमापूर्ण जीवन के लिए मूलभूत वस्तुएं व सेवाएं न खरीद पाना' प्रमुख है। इस प्रकार गरीबी को केवल आर्थिक वंचना तक सीमित करने को एक-आयामी अवधारणा कहा जा सकता है। इस अवधारणा से पैराडाइम परिवर्तन करते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने 'गरीबी' की अवधारणा के बहुआयामी स्वरूप को स्वीकार किया। उन्होंने गरीबी को समुचित भौतिक संपत्ति व आय न होना बताया जो किसी व्यक्ति की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए काफी न हो। उनके अनुसार गरीबी की अवधारणा में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक आयाम भी शामिल होने चाहिए। अमर्त्य सेन ने संपूर्ण गरीबी, यानी मूलभूत आवश्यकतायें पूरी करने के ए साधनों के पूर्ण अभाव तथा तुलनात्मक गरीबी के रूप में वर्गीकृत किया। यहां बाद वाली अवधारणा का अर्थ परिवार की आमदनी का एक औसत आमदनी से कम होना है। उदाहरण के लिए, तुलनात्मक गरीबी को औसत आमदनी से 50 प्रतिशत कम आमदनी पर माना जा सकता है।

अमर्त्य सेन ने जोर दिया कि परंपरागत गरीबी को व्यक्तिगत आय स्तर के आधार पर परिभाषित किया गया है। लेकिन सार्थक व मूल्यवान जीवन जीने के लिए बेहतर दृष्टिकोण किसी व्यक्ति की क्षमता में वंचना के रूप में गरीबी को परिभाषित करना है। इस क्षमता के बिना कोई बेहतर जीवन नहीं जी सकता है। इस प्रकार उन्होंने आमदनी व प्रगति के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन पर जोर दिया। इसका अर्थ ऐसी व्यवस्था है जहां गरीबी व संबंधित मुद्दों के आंकलन के लिए व्यक्तिगत योग्यता, क्षमता तथा अधिकार की स्वतंत्रता पर जोर दिया जाता हो। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अभिजीत बनर्जी तथा डफ्लो ने अपनी पुस्तक 'पुवर इकोनोमिक्स-रिथिंकिंग पावर्टी एंड वेज़ टु इंड इट', अर्थात अर्थशास्त्र में गरीबी व उसे समाप्त करने के तरीकों पर पुनर्विचार में लिखा, 'अब तक हमें इस बात की कोई गारंटी नहीं मिली है कि गरीबी उन्मूलन हो सकता है।

यदि हम स्वीकार कर लेते हैं कि समय हमारे साथ है, तब दुनिया भर के लाखों अच्छे इरादों वाले लोगों को आपस में हाथ मिला कर अनेक विचारों की खोज करनी चाहिए। ये अंतत: हमें ऐसी दुनिया में ले जांएगे जहां किसी को रोज केवल 99 प्रतिशत पर न जीना पड़े।


अच्छे इरादे वाले इन लोगों में निर्वाचित अधिकारी, नौकरशाह, शिक्षक, एनजीओ कार्यकर्ता, अकादमीशियन तथा उद्यमी शामिल हैं।' गरीबी से निपटने के तरीकों पर विचार करने के पहले हमें गरीबी को तीन श्रेणियों में बांटना चाहिए। प्राथमिक गरीबी का अर्थ मूलभूत आवश्यकतायें पूरी करने योग्य समुचित आय न होना है, द्वितीयक गरीबी का अर्थ मूलभूत आवयकतायें पूरी करने के लिए आमदनी का कम होना है तथा निरंतर गरीबी का अर्थ ऐसी भयानक गरीबी है जिससे निपटने के कोई तरीके नहीं हैं। ऐसे में लाखों रुपयों का सवाल यह है कि गरीबी का उन्मूलन कैसे किया जाए तथा लोगों की जीवन स्थितियों में उल्लेखनीय सुधार कैसे लाया जाए?

गरीबी उन्मूलन का व्यावहारिक दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि लक्षित समूहों तक लाभ कैसे पहुंचें। हालांकि, सरकार की अनेक योजनायें अच्छी व खोजी भावना से लागू की जाती हैं, पर उनके लाभ लक्षित समूहों तक नहीं पहुंचते हैं। इसका इलाज अच्छे, ईमानदार, गरीब-समर्थक तथा सक्रिय अधिकारियों की सही जगह पर तैनाती है ताकि गरीबी-विरोधी योजनाओं का क्रियान्वयन व निगरानी एकदम सटीक तरीके से हो सके। गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की लगातार निगरानी करना जरूरी है। इसके लिए एक उच्च-स्तरीय समिति बनाई जानी चाहिए जिसकी अध्यक्षता विकास कमिश्नर करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार व लापरवाही के मामलों से कठोरता से निपटा जाना चाहिए। नीतियों का समुचित मूल्यांकन, निगरानी तथा नीतियों का सही क्रियान्वयन ही जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचा सकता है। इन सारे प्रयासों से ही यह सुनिश्चित हो सकता है कि योजनाओं के लाभ वास्तव में गरीबों तक पहुंचें और उनके जीवनस्तर में समुचित सुधार आए।

नीति निर्माताओं को हमेशा इस बारे में भ्रम बना रहता है कि योजनाओं का अनुसरण व उनको लागू करने का उचित निर्णय कैसे लिया जाए? नीति-निर्माताओं के लिए यह सवाल एक पहेली की तरह बन गया है कि प्रगति या समान वितरण में किस चीज को प्राथमिकता दी जानी चाहिए? ऐसे द्वंद्व व भ्रमित करने वाले मामलों में हमेशा समझदारी भरा दृष्टिकोण मध्यम मार्ग पर चलना है। इसका अर्थ है कि प्रगति की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमें समान वितरण पर भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। इसके लिए अति संवेदनशीलता व विरोधाभासों में फंसने से बचना होगा।

देश की सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी वृद्धि दर तथा अन्य संबंधित आयामों में वृद्धि के लिए सभी संभावित कदम उठाए जाने चाहिए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समतापूर्ण वितरण भी लागू किया जाए।

# ज़िद के कारण गई जॉनसन की सत्ता



**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

वह बार-बार झूठ बोलते हैं, और उनमें स्पष्टतया अपने झूठ पर ईमानदारीपूर्वक तत्काल विश्वास करने की सोशियोपैथ योग्यता है। इसका अर्थ ऐसा व्यक्ति होता है जो स्वयं अपने द्वारा बोले वाले झूठ को सच मानने लगता है। ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा, ''डूबते जहाज ने चूहे को छोड़ दिया है'' क्योंकि सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी ने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को पार्टी के नेता के रूप में इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। उन्होंने एक झूठ को बहुत ज्यादा बार बोला था, कि उनकी अपनी पार्टी का धैर्य आखिरकार टूट गया। उन्हें चकित करने के और भी कई कारण थे। उनकी लगभग सभी राजनीतिक परियोजनाएं, 'ब्रेक्सिट करने' से लेकर 'देश को समान स्तर पर लाने' तक, नारे बनकर रह गयी थीं और वह यूरोपीय संघ के साथ एक नया आर्थिक युद्ध शुरू करने की तैयारी कर रहे थे जो संयोग से उत्तरी आयरलैंड में युद्ध की पुन: शुरुआत करता। .

लेकिन अंतत: जिस चीज ने उन्हें सत्ता से नीचे लाया, वह अर्थव्यवस्था, या ब्रेक्सिट, या प्रदर्शन करने में उनकी अन्य विफलताएं नहीं थी जैसा कि प्रचार किया गया था। वह थी, लगातार, सहजभाव से मूर्खतापूर्ण झूठ बोलना। उनकी पार्टी ने सबसे पहले उनके झूठ की जय-जयकार की, क्योंकि उन्होंने 2019 के चुनाव में उन्हें शानदार जीत दिलाई थी। 2020 में वे तब भी उन पर हंसे, क्योंकि वह एक चतुर वक्ता थे। और वह तब भी वफादारों को अपने साथ जोड़ सकते थे जब उन्होंने 2021 में पूर्ण-स्तरीय 'संस्कृति-युद्ध' शुरू किया था।

लेकिन पेकाडिलोस बड़ा हो गया (लॉकडाउन के दौरान नियमित बूजी पार्टियों पर, बोरिस सहित नंबर 10 डाउनिंग स्ट्रीट के कर्मचारियों पर पुलिस ने चौतरफा जुर्माना लगाया), और चुटकुले कम चुटीले साबित हुए। 2022 तक यह व्यावहारिक रूप से एक घोटाला था, जो कमजोर था, और जूनियर मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के बीच इस्तीफे की मामूली चाल की शुरुआत हुई।

एक तिनका जिसने ऊंट की कमर तोड़ने दी, वो था, पिछले महीने जॉनसन का इंकार कि उन्हें राजनीतिक सहयोगी और कथित यौन अपराधी क्रिस पिंचर को वरिष्ठ सरकारी नौकरियों में नियुक्त नहीं करने के लिए बार-बार चेतावनी दी गई थी। यह खास जॉनसन मार्का झूठ था, इस तथ्य की परवाह किए बिना कि जिन लोगों ने वास्तव में उन्हें चेतावनी दी थी, वे मुंह खोलने के लिए बाध्य हुए। उन्होंने वैसा ही किया, और वह आखिरी तिनका साबित हुआ। जॉनसन के मंत्रिमंडल में दो सबसे वरिष्ठ मंत्रियों, ऋषि सनक और साजिद जाविद ने



मंगलवार दोपहर को इस्तीफा दे दिया, और जाविद का इस्तीफा पत्र विशेष तौर पर निर्मम था। '' मैं अब, पूर्ण समझ के साथ, इस सरकार में काम करना जारी नहीं रख सकता ... नेता के रूप में आपने जो स्वर निर्धारित किया है, और जिन मूल्यों का आप प्रतिनिधित्व करते हैं, वे आपके सहयोगियों, आपकी पार्टी और अंतत: देश पर प्रतिबिंबित होते हैं ... आपके नेतृत्व में यह स्थिति नहीं बदलेगी – और इसलिए आपने मेरा विश्वास खो दिया है।'' इससे अपनी बात कहने वालों की एक बाढ़ सी आ गयी। मंगलवार शाम को यूगोव जनमत सर्वेक्षण में 69 प्रतिशत ब्रिटेनवासी कह रहे थे कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। केवल 18 प्रतिशत ने सोचा कि उन्हें पद पर बने रहना चाहिए। पिछले चुनाव में कंजर्वेटिव को वोट देने वाले अधिकांश लोगों ने भी सोचा था कि जॉनसन को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। बुधवार शाम तक 42 कैबिनेट मंत्रियों, कनिष्ठ मंत्रियों और अन्य सरकारी अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को लंच के समय जॉनसन अपने बंकर (नंबर दस) से बाहर आए। उन्होंने घोषणा की कि वह कंजरवेटिव पार्टी के नेता के रूप में इस्तीफा दे रहे हैं, कि गेट के बाहर भीड़ की ओर से जयकारे लगने शुरू हो गए।

लेकिन अपनी सारी भूलों व झूठों के लिए उनकी ओर से माफी का एक शब्द भी नहीं : उनकी त्रासदी संसद के कंजर्वेटिव सदस्यों के 'झुंड' आचरण की गलती थी। और फिर उन्होंने यह कह दिया कि वह तबतक प्रधान मंत्री के रूप में बने रहेंगे जब तक कि एक नया पार्टी नेता नहीं चुना जाता, शरद ऋतु में किसी समय। जो कि अभी भी कुर्सी से चिपके रहने का मोह दिखाता है। जॉनसन को जबरन और फटकार खाते नंबर 10 डाउनिंग स्ट्रीट से निकलना पड़ सकता है, लेकिन वह अपने उपाय पर टिके हुए हैं – इसलिए अब धर्मार्थ होने का समय आ गया है। जॉनसन झूठ बोलते हैं, लेकिन वह आलसी,असभ्य, लापरवाह झूठे हैं। उन्हें इस तथ्य से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि अन्य लोगों को व्यक्तिगत अनुभव से पता चल जाएगा कि वह झूठ बोल रहे हैं। चिको मार्क्स के यादगार शब्दों में, ''आप किस पर विश्वास करने वाले हैं? मैं या आपकी अपनी आंखें। '' यह एक सोशियोपैथ व्यवहार है। यह उन लोगों को संदर्भित करता है जो आमतौर पर पुरुष, बुद्धिमान व आकर्षक होते हैं। उनके महिलाओं के साथ क्रमवार संबंध रहे हैं और वे अपने पीछे कई बच्चे छोड़ गए हैं। वे एकांतवादी और जोड़-तोड़ करने वाले हैं – और अक्सर, प्रेरक झूट्ठे।

जॉनसन एक को अलावा हर बॉक्स पर टिक करते हैं। वह बार-बार झूठ बोलते हैं, और उनमें स्पष्ट रूप से सोशियोपैथ क्षमता है कि वह अपने झूठ को कहते ही ईमानदारी से उस पर विश्वास कर लेते हैं। लेकिन उनका झूठ अक्सर दिनों, घंटों या यहां तक कि बोलते ही असलियत उजागर कर जाता है, वह उस संभावना की गणना करने की जहमत नहीं उठाते, जिस पर वह विश्वास करेंगे। वह एक अयोग्य झूठे हैं। एक सही या गलत कार्य, वो है जिसने अब उन्हें नीचे लाया है, लेकिन वह सचमुच कुछ नहीं कर सकते। उन्हें दोष देने का कोई मतलब नहीं है- लेकिन उनके समर्थकों को वास्तव में उन्हें वोट नहीं देना चाहिए था, और अब वे इसे समझते हैं। बाकी सब अज्ञात है। जॉनसन एक नयी कैबिनेट ('डूबते जहाज में शामिल होने वाले चूहे') को नियुक्त करने में लगे हैं, जबकि कंजरवेटिव पार्टी का बड़ा हिस्सा सोचता है कि उन्हें तुरंत कार्यालय से कैसे बाहर निकाला जाए। पार्टी के नेता और प्रधान मंत्री के रूप में उनके उत्तराधिकारी के रूप में संभावित दावेदारों में से अधिकांश ने अभी तक घोषणा नहीं की है, और ऑड्स-मेकर्स को पता नहीं है कि ऑड्स क्या हैं।

## आप की बात

### खेलों में महिलायें

**पुरुषों** व महिलाओं को खेल प्रतियोगिताओं में समान वेतन देने से महिलायें अधिक संख्या में खेल को अपना व्यवसाय बनायेंगी। इस दिशा में न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है । यह स्वागत योग्य कदम है और पूरे विश्व में लैंगिक समानता का उदाहरण होगा। लेकिन यह जीत आसानी से नहीं आई है। लैंगिक आधार पर वेतन अंतर को पाटने में बाधाएं विभिन्न खेल क्षेत्रों से आती रही हैं। क्रिकेट में पुरुषों और महिलाओं के बीच वेतन अंतर को कम करने के लिए कोई भी कदम, अक्सर आलोचना का पात्र बनते हैं, विशेष रूप से भारत में। तर्क दिया जाता है कि महिलाओं के खेल के लिए कम आयोजक व दर्शक होते हैं इसलिए इनके आयोजन से कमाई नही होती है। लेकिन उन कारकों पर ध्यान नहीं दिया जाता जो महिलाओं द्वारा खेले जाने वाले मैच को कम आयोजक और प्रशंसक होने और कम कमाई होने का भी कारण हैं। परंतु अब समय की मांग है कि ऐसी बाधाओं को दूर किया जाए और महिलाओं की खेल तक व्यवस्थित पहुंच में सुधार किया जाए। भारत में प्रमुख उदाहरण साइना नेहवाल और पीवी सिंधु की सफलता है।

–**परमवीर,** मेरठ

### पुलिस की छवि

**कुछ** महीनों से अपने आकाओं के राजनीतिक तुष्टीकरण के लिए पुलिस नए-नए तरीके इजाद कर रही है। अन्य राज्यों में पुलिस कार्रवाई को लेकर सीआरपीसी के प्रावधान पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। यह अस्पष्टता सुप्रीम कोर्ट ही दूर कर सकता है। यह भी ध्यान देने की बात है कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशानिर्देश के बावजूद एक ही मामले में अलग-अलग राज्यों में एफआईआर दर्ज कराने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इससे ना सिर्फसंविधान और कानून का उल्लंघन हो रहा है, वरन जनता के बीच पुलिस की छवि भी धूमिल हो रही है। अपने राजनीतिक आकाओं के निर्देशों के पालन के लिए पुलिस अपनी सीमा रेखा लांघ रही है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट को एक स्पष्ट गाइडलाइन बनाना चाहिए। कायदे से तो 1 जिले से दूसरे जिले में जाने पर भी पुलिस स्थानीय पुलिस को साथ लेकर ही कोई कार्यवाही करती है। मगर यहां तो एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाकर किसी को भी उठा लेना, पुलिस का नहीं अपराधियों का काम होता है। बेशक पुलिस सत्तारूढ़ दलों के नियंत्रण में रहती है। यदि वह चाटुकारिता छोड़कर कानून-कायदे से काम करे तो जनता में उसकी छवि उज्ज्वल होगी।

–**सुभाष बुढ़ावन वाला**, रतलाम


### बढ़ती कट्टरता

**भारत** में धार्मिक उन्माद दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। इसे नियंत्रण में लाने की सख्त आवश्यकता है। इससे राष्ट्रीय एकता में दरार पड़ रही है, जो बहुत गंभीर समस्या है। सभी को याद रखना चाहिए कि भारत में रहने वाले हर नागरिक की पहचान भारतीय है, चाहे वह किसी भी धर्म का अनुयाई हो। 'सर्वधर्म समभाव' तो भारत की रगों मे है! सबसे पहले धार्मिक कट्टरता पैदा करने वाले संस्थानों पर संविधान के प्रावधानों के तहत लगाम कसनी होगी। जो भी तंजीम, उलमा अपने धर्म में कट्टरता भर रहा है उसे कानून के दायरों में लाना चाहिए। भाजपा की नूपुर शर्मा के खिलाफ कार्यवाही उस समुदाय के लिए उदाहरण है, जिसे भारतीय संविधान पर भरोसा नहीं है। नूपुर शर्मा को धमकियां, कन्हैयालाल का कत्ल संविधान का उल्लंघन था और हिंसा को प्रेरित करना घृणित काम था। किसी कारण से नाराज लोगों को भी कानून अपने हाथ मे न लेते हुए भारतीय संविधान पर भरोसा रखना चाहिए व कट्टरता से बचना चाहिए।

– **विभुति बुपक्या**, खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर शांति व प्रगति की राह पर आगे बढ़ा है।

– **अमित शाह**
गृह मंत्री



**न** केवल मुझे, बल्कि पूरे यूक्रेनी समुदाय की बोरिस जॉनसन से हमदर्दी है।

– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**भारत** में किसी भी क्षेत्र की किसी कंपनी को कानूनों का पालन करना पड़ेगा। यह सबकी जिम्मेदारी है।

– **अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय आईटी मंत्री

# कानून बनाकर रोका चीनी मिलों का फंड डायवर्जन: योगी

## सहकारी चीनी मिल समितियों के किसानों को अंश प्रमाण-पत्र वितरित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गन्ना किसानों की बकाया धनराशि को अब दबाये रखना चीनी मिलों के लिए आसान नहीं होगा। चीनी मिलों के संचालन से होने वाली आय का डायवर्जन रोकने के लिये कड़ा कानून बनाया है। उन्होंने कहा है कि कानून के बनने से चीनी मिल के संचालन से प्राप्त धनराशि को किसी अन्य उद्यम में लगाने पर अंकुश लग सकेगा और इस धनराशि का गन्ना किसान के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान हो सकेगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के 50 लाख 10 हजार अंशधारक कृषक सदस्यों को अंश प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार गन्ना किसानों को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। गन्ना विभाग द्वारा किये गये सुधारों का लाभ गन्ना किसानों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि नये सत्र से पहले सम्पूर्ण बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान गन्ना किसानों को कराया जाए। उन्होंने कहा कि चीनी मिल को लाभ होने की स्थिति में किसानों को बोनस भी मिलना चाहिए। इससे किसान कह सकेगा कि चीनी मिल उसकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सहकारिता आन्दोलन को आगे बढ़ाने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है। जनता के परिश्रम का लाभ व्यक्ति ही नहीं समुदाय और समाज को प्राप्त हो, यह सहकारिता आन्दोलन का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में आने के बाद हमारी सरकार ने पहला फैसला 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों के फसली ऋण माफ करने का लिया। किसानों की उपज की खरीद के लिए प्रोक्योरमेंट की प्रभावी व्यवस्था बनाकर रिकॉर्ड मात्रा में धान और गेहूं की खरीद की गयी। फसलों के विविधीकरण के लिए कार्यक्रम संचालित किये गये। खाण्डसारी उद्योग को लाइसेंस देने के साथ ही चीनी मिलों के पुनरोद्धार करने की कार्यवाही की गयी। रमाला में नयी चीनी मिल लगवायी गयी। मुण्डेरवा में नयी चीनी मिल लगायी गयी। साथ ही डिस्टलरी, कोजेन प्लाण्ट लगाने की कार्यवाही आगे बढ़ रही है। भारत सरकार ने डीजल और पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल ब्लेण्ड करने का निर्णय लिया है। आने वाले समय में एक भी चीनी मिल घाटे में नहीं होगी और कोई भी चीनी मिल बन्द नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बॉयो फ्यूल के इण्टीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स की व्यवस्था बनायी जा रही है। अब किसानों को गेहूं, धान आदि की पराली जलाने की जरूरत नहीं होगी। इनका इस्तेमाल बॉयो फ्यूल बनाने में किया जाएगा। इससे सस्ता ईंधन प्राप्त होगा। पेट्रोल, डीजल पर निर्भरता कम होगी। ईंधन के स्रोत अरब मुल्क नहीं, हमारे अन्नदाता किसान होंगे। इससे किसानों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि भ्रष्टाचार पर प्रहार के लिए तकनीक को अपनाया जाना चाहिए। गन्ना विभाग ने तकनीक के माध्यम से गन्ना किसानों को लाभान्वित किया है। हमारी सरकार से पूर्व गन्ना क्षेत्र में माफिया और बिचौलिया सक्रिय थे। अब गन्ना पर्ची स्मार्ट फोन के माध्यम से प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चीनी मिलों के पुनरोद्धार की कार्यवाही आगे बढ़ायी जा रही है। नयी चीनी मिलों तथा जर्जर चीनी मिलों की क्षमता विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार ने नये.नये उद्यम लगाने का कार्यक्रम प्रारम्भ किया है। वर्तमान में चीनी मिल के चीनी, शीरा, बगास आदि सभी का उपयोग हो रहा है। यह चीनी मिल की आमदनी बढ़ाने में सहायक है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार लगभग 10 चीनी मिलों को केन्द्र में रखकर उनके पुनरोद्धार की कार्यवाही करने जा रही है। यह कार्यक्रम आगामी एक-दो वर्षों में आगे बढ़ेगा। इसके बाद चरणबद्ध ढंग से प्रत्येक चीनी मिल की क्षमता विस्तार, जर्जर चीनी मिलों के स्थान पर नयी चीनी मिलों की स्थापना तथा पीपीपी मोड पर भी कुछ कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी समय में यह आशंका नहीं होगी कि चीनी मिल बन्द हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना किसानों को नये बीज और नयी तकनीक को अपनाने की दिशा में अग्रसर होना होगा। वर्तमान में प्रदेश में 150 से 175 कुन्तल प्रति एकड़ गन्ना का उत्पादन होता है। राज्य की धरती में 300 से 500 कुन्तल प्रति एकड़ गन्ना उत्पादन की क्षमता है।

## बिकरू कांड में शहीद दारोगा की पत्नी को ओएसडी की नौकरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** के बहुचर्चित बिकरू कांड में शहीद हुए दारोगा अनूप सिंह की शहादत के दो साल बाद उनकी पत्नी को नौकरी मिल गई है। शासन ने उन्हें पुलिस मुख्यालय, लखनऊ में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के पद पर तैनाती प्रदान की है। सोमवार को उन्होंने नौकरी ज्वाइन भी कर ली है। दारोगा अनूप सिंह की शहादत के बाद अभी पिछले दिनों ही उनके परिजनों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सरकारी नौकरी के संबंध में मांग की थी। सीएम ने उन्हें जल्द से जल्द नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। परिजन इससे पहले भी एक बार इसी सिलसिले में सीएम से मिल चुके थे। उल्लेखनीय है कि दो साल पूर्व कानपुर के बिकरू गांव में माफिया सरगना विकास दुबे ने पुलिस दबिश के दौरान अधाधुंध फायरिंग कर एक सीओ सहित कई पुलिस कर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना में अनूप सिंह भी शहीद हुए थे। वह उस समय बिठूर थाने की मंधना चौकी इंचार्ज थे। अनूप सिंह प्रतापगढ़ जिले के मान्धाता थानान्तर्गत ग्राम बेलखरी के रहने वाले थे। परिवार में उनकी पत्नी नीतू सिंह और बेटी गौरी सिंह व पुत्र सूर्यांश हैं। नीतू ने पुलिस मुख्यालय में ओएसडी के पद पर नौकरी ज्वाइन कर ली है। उनका कहना है कि नौकरी से उनको व पूरे परिवार को बहुत मदद मिलेगी।

## दो पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने दो पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन पीसी मीना की ओर से जारी आदेश के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक पीटीएस गोरखपुर डॉ. विजयलक्ष्मी पांडेय को पुलिस उपाधीक्षक एसआईटी कॉपरेटिव सेल, लखनऊ और सहायक सेनानायक 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ मोनिका यादव को सहायक पुलिस आयुक्त, वाराणसी नगर के पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

# मातृशक्ति के कृषि कौशल से सुधर रहा ग्रामीण जीवन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बताया की उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की कड़ी में महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना एवं कृषि आजीविका योजना संचालित की जा रही है, इससे मातृशक्ति कृषि कायों में विशेष हुनर हासिल कर जहां अपने आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठा रही हैं, वहीं अपने स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं और अपनी खेती को भी बहुत ही अच्छी तरीके से करते हुये उत्पादन को भी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही हैं।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिशन के तहत कृषि आजीविका एवं महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 से अब तक 22 जनपदों के 25 विकास खण्डों में महिला किसानो को सतत् कृषि पद्धतियों एवं गुणात्मक पशुपालन पर प्रशिक्षण दिया गया है। एक महिला किसान के साथ कम से कम 2 वर्षों तक कार्य कर क्षमता विकास किया जाता है। महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना के अन्तर्गत अब तक 87500 के लक्ष्य के सापेक्ष कुल 107993 महिला किसानों को 22 जनपदों के 25 विकास खण्डों में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# योगी ने परखीं स्वतंत्रता सप्ताह की तैयारियां

- लगभग 2 करोड़ 68 लाख घरों और 50 लाख कार्यालयों पर होगा ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले स्वतंत्रता सप्ताह की तैयारियों को परखा। इस दौरान उन्होने अधिकारियों से कहा कि हमारा लक्ष्य हो कि स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान कम से कम 2 करोड़ 68 लाख घरों और सभी 50 लाख सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों तथा औद्योगिक इकाइयों पर ध्वजारोहण हो। सभी में अमृत सरोवरों पर झंडा फहराया जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को आयोजन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 11 से 17 अगस्त की अवधि को स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में आयोजित किया जाना है। यह विशेष अवसर है। स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत हर घर तिरंगा का विशेष आयोजन किया जाए। इसमें हर प्रदेशवासी को सहभाग करना चाहिए। अमीर-गरीब का भेद मिटाकर सभी लोग समरस भाव से इस आयोजन से जुड़ें। उन्होने कहा कि हर घर तिरंगा राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। हर भारतवासी को इससे जुड़ना चाहिए। लोग अपने फहराए तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सकते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्कूलों में स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता कराई जाए। स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाल कर आयोजन के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए। झंडा गीत झंडा ऊंचा रहे हमारा के रचयिता श्यामलाल गुप्त कानपुर के ही निवासी थे। इस गीत की प्रतियां आमजन को उपलब्ध कराई जाएं। राष्ट्रभक्ति के गीतों को संकलित लोगों को उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने कहा कि स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम तैयार किए जाएं। परिषदीय विद्यालयों में नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रभात फेरी आयोजित हो। राष्ट्रभक्ति के गीत,कविताओं की प्रतियोगिता कराई जाए। योगी ने कहा कि प्रत्येक विकास खंड में 75-75 पीआरडी जवान तिरंगा लिए साइकिल रैली निकालें। पीआरडी जवान अपने गणवेश में हों। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व मंगल दलों द्वारा मैराथन का आयोजन होना चाहिए। हर कृषि विज्ञान केंद्र पर न्यूनतम 75 किसान को पौधा और तिरंगा भेंट किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को अमृत महोत्सव से जोड़ें।

# 100 दिनों में 37 हजार करोड़ के ऋण बांटे गए: सुरेश खन्ना

- वित्त मंत्री ने सरकार के 100 दिन पूरे होने पर बतायी विभागीय उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार के सौ दिन पूरे होने पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विभागीय उपलब्ध्यिों को ब्योरा देते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा फसली ऋण का वितरण, मुद्रा योजना और स्वयं सहायता समूहों को ऋण मुहैया कराने में 100 दिन के अंदर सरकार ने 176 फीसदी ऋण बांटे जाने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। तय लक्ष्य 21000 करोड़ रुपये के मुकाबले 37000 करोड़ रुपए ऋण के रूप में बांटे गए। अगले छह महीने में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन नियमावली 1976 में संशोधन कर आज की मांग के मुताबिक व्यवहारिक बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है।

लोकभवन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विशेष ऋण प्रवाह अभियान के तहत 100 दिन में 21000 करोड़ रुपये ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया था जिसके मुकाबले 176 फीसदी ऋण वितरित किया गया। राज्य में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान तथा बैंकों के माध्यम से स्वरोजगार संगम कार्यक्रम चलाते हुए 21000 युवाओं को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के मुकाबले 22319 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि एक मई को मुख्यमंत्री ने ई-पेंशन पोर्टल का शुभारंभ किया था। अब पेंशन से लेकर भुगतान आदेश तक की समस्त प्रक्रिया आनलाइन हो गई है। इसका लाभ पुरानी पेंशन योजना वाले चार लाख कार्मिकों को होगा। मार्च से जून के बीच 5297 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए थे। इनमें से 4535 मामलों में पेंशन भुगतान आदेश जारी किया जा चुका है। वित्त मंत्री ने बताया कि कोषागारों के डाटाबेस को सुरक्षित रखने के लिए डाटा रिकवरी सेंटर की स्थापना एनआईसी भुवनेश्वर में की जा चुकी है।

# निवेश व रोजगार सृजित करने को नई अवासनियां की गईं स्थापित: नितिन

- आबकारी राज्यमंत्री ने गिनाए 100 दिवस की कार्ययोजना के तहत किए गए कार्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने योगी सरकार के 100 दिवस की कार्ययोजना के अन्तर्गत विभाग द्वारा किए गए कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग के क्रियाकलापों में राजस्व के साथ औद्योगिक विकास का भी महत्वपूर्ण स्थान है। कार्ययोजना के तहत तीन नई आवसनियों को स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में मेसर्स रेडिको खेतान लिमिटेड सीतापुर, मेसर्स करीमगंज बायोफ्यूल मुरादाबाद तथा मेसर्स क्रिस्टल बालाजी मुजफ्फरनगर को स्थापित किए जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इनकी स्थापना से 793.37 करोड़ का निवेश तथा 3600 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

आबकारी राज्यमंत्री सोमवार को लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने बताया कि तीन नई आवसनियों में उत्पादन प्रारम्भ होने के उपरान्त लगभग 6070 करोड़ रुपए का राजस्व राज्य सरकार को तथा 25 करोड़ का राजस्व केन्द्र सरकार को वार्षिक रूप से प्राप्त होगा जिसका 50 प्रतिशत राज्य सरकार को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार 3 आसवनियों का कन्स्ट्रक्शन पूर्ण कराकर उत्पादन प्रारम्भ कराये जाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें गंग डिस्टलरी हरदोई, मेसर्स आरती डिस्टलरी कानपुर देहात, मेसर्स द्वारिकेश शुगर इण्डस्ट्रीज बरेली द्वारा आसवनी निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन आसवनियों में लगभग 605 करोड़ का निवेश तथा लगभग 1000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। इसके साथ ही लगभग 3.859 करोड़ का राजस्व राज्य सरकार को तथा 11 करोड़ का राजस्व केन्द्र सरकार को वार्षिक रूप से मिलेगा। उन्होंने बताया कि एथनाल ब्लेण्डिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत एथनाल उत्पादन में उत्तर प्रदेश का प्रमुख स्थान रहा है और प्रदेश वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में आयल डिपो को एथनाल की आपूर्ति करने के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों को भी एथनाल की आपूर्ति कर रहा है।

प्रदेश में फाइन डाइनिंग कान्सेप्ट के अन्तर्गत 100 दिवस में 3 नई माइक्रोब्रेवरी रेस्टोबार के साथ खोले जाने की कार्य योजना बनाई गई जिसमें शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है। इसी प्रकार इस अवधि में 10 रेस्टोबार अनुज्ञापनों को निर्गत किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष अब तक 13 रेस्टोबार का लाइसेंस प्रदान करते हुए 130 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गयी है। 100 दिवस की कार्ययोजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग तथा माडल शाप की दुकानों का व्यवस्थापन पूर्ण कर लिया गया है।

इसी प्रकार 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत अवैध शराब के निर्माण बिक्री तथा तस्करी की रोकथाम के पहले अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 30010 छापे मारे गए, 4319 अभियोग दर्ज किए गए, 25 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई तथा तस्करी में प्रयुक्त 25 वाहन पकड़े गए व 417 अभियुक्तों को जेल भेजा गया। दूसरे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 31175 छापे मारे गये तथा 4278 अभियोग दर्ज करते हुए 117771 लीटर अवैध शराब की बरामदगी की गई। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 1230 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 412 अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

# ओम प्रकाश राजभर ने बदले सुर, कहा मैं राष्ट्रपति चुनाव में सपा के साथ

- बीते दिनों एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के रात्रिभोज में हुए थे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रपति** पद के लिए 18 जुलाई को होने वाले चुनाव में मतदान को लेकर सुभासपा की भूमिका पर असमंजस बना हुआ है। पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह अखिलेश यादव से मुलाकात करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अखिलेश के करीबी उदयवीर सिंह से फोन पर बात की और अपनी मंशा बताई। उन्होंने कहा कि अखिलेश से मिलकर पूछेंगे कि विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित क्यों नहीं किया गया। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करने वाले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर नया सियासी खेल शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रपति चुनाव में मैं समाजवादी पार्टी के साथ हूं। उन्होंने कहा कि यह सही बात है मैं एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के डिनर में गया था। द्रौपदी मुर्मू का मेरे पास फोन आया था। द्रौपदी मुर्मू ने मिलने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा कि मैं तो राष्ट्रपति चुनाव में मैं सपा के साथ हूं। समाजवादी पार्टी के साथ हमारा गठबंधन है। इससे पहले ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने कहा था कि उनके पिता सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एनडीए की राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी के रात्रिभोज पर मुख्यमंत्री के सरकारी आवास नहीं गए थे।

# दलित वर्ग के कल्याण को 35 फीसद निधि खर्च करेंगे रालोद के विधायक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने पार्टी के नेता, विधानमंडल दल और बुढ़ाना क्षेत्र से विधायक राजपाल बालियान को पत्र लिख कर विधायक निधि की 35 फीसद धनराशि दलित वर्ग के कल्याण पर खर्च करने को कहा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय लोकदल के सभी कार्यकर्ता सामाजिक न्याय में अटूट विश्वास रखते हैं और हमारा मानना है कि जब तक समाज के कमजोर वंचित तबके तक अधिक से अधिक सरकारी योजना का लाभ न पहुंचे, तब तक बड़े सामाजिक सुधार एवं सकारात्मक परिवर्तन संभव नहीं है। इसी उद्देश्य से मैंने विचार किया है कि हमारे दल के विधायकों की जो क्षेत्रीय विकास निधि है, 35 फीसद से अधिक सभी अपने क्षेत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए खर्च करेंगे। पत्र में जयंत ने लिखा है कि मैं यह भी चाहता हूं कि आप विधानमंडल दल के अध्यक्ष के नाते खुद प्रयास करें और सभी राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों को निर्देशित करें कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के मुद्दे लगातार सदन में उठाने का कार्य करें। उन पर होने वाले उत्पीड़न पर पैनी नजर बनाए रखें।

## मुलायम की पत्नी साधना गुप्ता के पार्थिव शरीर को दी गई मुख्याग्नि

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व रक्षा मंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना गुप्ता के पार्थिव शरीर का रविवार दोपहर को पिपराघाट स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बेटे प्रतीक यादव ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस मौके पर मुलायम सिंह के अलावा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में सपा नेता, कार्यकर्ता व परिजन मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उनके अंतिम दर्शन कर मुलायम सिंह यादव व उनके परिवार को सांत्वना दी। साधना गुप्ता का शनिवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। निधन के उपरान्त उनके पार्थिव शरीर को लखनऊ लाया गया। जिसे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। साधना गुप्ता के निधन की सूचना मिलते ही शनिवार शाम से ही मुलायम के आवास पर सपा कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों का जमावड़ा शुरू हो गया था उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी रविवार को उनके अंतिम दर्शन किए। भाजपा नेता रीता बहुगुणा जोशी भी साधना गुप्ता को अंतिम विदाई देने के लिए मुलायम के आवास पर पहुंचीं। इसके पहले शनिवार को सीएम योगी ने ट्वीट कर शोक व्यक्त किया।

## परिषदीय विद्यालयों में इस बार 40 लाख से अधिक नए बच्चों का हुआ नामांकन: संदीप सिंह

**लखनऊ।** सीएम योगी द्वारा 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ 4 अप्रैल, 2022 को किया गया। इस सम्बन्ध में कक्षा एक से आठ तक नामांकन हेतु 2.0 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसके सापेक्ष अब तक 1.9 करोड़ लगभग (95 प्रतिशत) बच्चों का नामांकन पूर्ण हो चुका है। 40 लाख से अधिक नये बच्चों का नामांकन किया गया है। विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया गतिमान है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालयों में नामांकित सभी बच्चों का प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकरण और उनका आधार प्रमाणीकरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही उल्लेखनीय है कि 1.48 करोड़ माता पिता/अभिभावकों का आधार-प्रमाणन कराया जा चुका है। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक संसाधन केन्द्र को विभाग द्वारा दो-दो आधार किट उपलब्ध करायी गई है, जिनसे आधार कार्ड विहीन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड बनवाये जा रहे हैं। अब तक 1.66 करोड़ बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा चुका है तथा अवशेष बच्चों का आधार कार्ड बनवाने का कार्य प्राथमिकता पर गतिमान है। पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 1.10 करोड़ बच्चों का आधार सफलतापूर्वक प्रमाणित हो चुका है।

# प्रकृति, संस्कृति और रोमांच का संगम बनेगा यूपी

- ईको टूरिज्म बनेगा इसका जरिया, शीघ्र गठित होगा ईको टूरिज्म बोर्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्राकृतिक,** ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत के लिहाज से उत्तर प्रदेश की धरती बेहद संपन्न है। इन सारे क्षेत्रों में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। अगर पर्यटन के लिहाज से इन क्षेत्रों के विकास के दौरान प्रकृति को केंद्र में रखा जाय तो ईको टूरिज्म की संभावनाएं और बढ़ जाती हैं। नेचर, कल्चर और एडवेंचर के संगम के ये स्थल देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इसके लिए सरकार ईको टूरिज्म प्रोत्साहन नीति बनाने में जुट गई है। इस तैयारी में पर्यटन विभाग के साथ सिंचाई, वन, आयुष, ग्राम्य विकास और अन्य संबंधित विभागों की अहम भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जुलाई को इस बाबत संबंधित विभागों को समन्वित पहल करने का निर्देश भी दे चुके हैं।

एक आकलन के अनुसार, छुट्टियों पर आने वाले पर्यटकों में से लगभग 35 प्रतिशत ईको-हॉलिडे पर जाना पसंद करते हैं। शर्त यह है कि उनके हिसाब से संबंधित जगहों पर जरूरी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हों। और संयोग से उत्तर प्रदेश में खबसूरत प्राकृतिक नजारे वाली ढेरों जगहें हैं। मसलन, प्रदेश का तराई का क्षेत्र जैविक विविधता के लिहाज से बेहद संपन्न है। दुधवा, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और कर्तनिया घाट के जंगल जैविक विविधता के भंडार हैं। हर वर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक इस जैविक विविधता का दीदार करने आते हैं। इसी तरह मानव जीवन के शुरुआत का इतिहास संजोए सोनभद्र का फॉसिल (जीवाश्म) पार्क भी प्रकृति का इतिहास जानने में दिलचस्पी रखने वाले पर्यटकों को खूब लुभाता है। यहां के 150 करोड़ वर्ष पुराने जिवाश्म दुनिया के लिए शोध का विषय हैं। लगभग 25 हेक्टेयर में फैला ये फॉसिल्स पार्क अमेरिका के यलो स्टोन पार्क से भी बड़ा है। इसी नाते इसका शुमार दुनिया के सबसे बड़े फॉसिल्स पार्क में होता है।

**ये भी होंगे ईको टूरिज़्म के आकर्षण के केंद्र:** बखिरा सैंक्चुरी, चंद्रप्रभा वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी, हस्तिनापुर वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी, कैमूर सैंक्चुरी, किसनपुर वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी, महावीर स्वामी सैंक्चुरी, नेशनल चंबल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी, पार्वती आगरा बर्ड सैंक्चुरी, रानीपुर सैंक्चुरी, सोहगीबरवा सैंक्चुरी, विजय सागर सैंक्चुरी, सुरहा ताल सैंक्चुरी, सुहेलदेव सैंक्चुरी आदि जगहों पर भी प्राकृतिक पर्यटन की भरपूर संभावनाएं हैं। टूरिज्म पॉलिसी 2018 में इन सबका उल्लेख भी है। पर्यावरण के लिहाज से बेहद समृद्ध इन सभी जगहों के विकास के लिए योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में आई पर्यटन नीति-2018 में जिन 12 परिपथों का जिक्र था, उनमें वाइल्डलाइफ एंड ईको टूरिज्म परिपथ भी एक था। इस परिपथ में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए शुरू कार्यों का सिलसिला योगी-2.0 में भी जारी रहेगा। ये स्थान लोगों का ध्यान खींचें, इसके लिए इनके प्रचार-प्रसार पर भी पूरा जोर होगा। इस क्रम में जैव विविधता दिवस 22 मई को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राज्य स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया था।

**ब्रज का सौभरि वन क्षेत्र भी पर्यटकों को लुभाएगा:** शीघ्र ही ब्रज क्षेत्र के राधा-कृष्ण, कृष्ण और ग्वाल-बालों की याद दिलाने वाले सौभरि वन का भी लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर कहते हैं कि प्रकृति और परमात्मा की उत्तर प्रदेश पर असीम अनुकंपा है। इन्हीं संभावनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने 10 जुलाई की बैठक में ईको टूरिज़्म बोर्ड के गठन के बारे में जरूरी निर्देश दिए। इसके पहले भी दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के चंद रोज बाद ही मंत्रिमंडल के समक्ष नगर विकास सेक्टर से संबंधित विभागों के प्रस्तुतिकरण के दौरान अपनी इस बात को दोहराते हुए उन्होंने कहा था कि संभावनाओं को आकार देने के लिए ईको टूरिज्म बोर्ड का गठन किया जाए।

मिश्रिख वासियों को सासंद ने दी विकास की राह

# सीताकुंड तीर्थ परिसर का होगा सुंदरीकरण

● अशोक कुमार रावत ने किया भूमि पूजन और शिलान्यास



**संवाददाता।** मिश्रिख सीतापुर

**विश्व विख्यात** महर्षि दाधीच की तपोस्थली मिश्रिख क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय के निकट सीताकुंड तीर्थ का जीर्णोद्धार की मंजूरी मिल जाने के बाद पर्यटन विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया जिसके लिए एक करोड़ 25 लाख के लगभग बजट निर्धारित कर सीताकुंड तीर्थ का जीर्णोधार हेतु मंजूरी मिल गई जिसमे हैंड पंप यात्री भवन/सत्संग भवन, समर सेबुल, इंटरलॉकिंग, टाइल्स पेंटिंग आदि से सीताकुंड तीर्थ का सुंदरी करण किया जाएगा, सोमवार को मिश्रिख के सांसद अशोक कुमार रावत ने फीता काटकर शिलान्यास पूजन किया आपको बता दें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ट्वीट कर कहा है मिश्रिख नैमिष के सभी कुंडो का संपूर्ण विकास होना चाहिए उन्होंने मिश्रिख नगरपालिका का विस्तार किए जाने की भी बात कही है इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी भास्कर मिश्रा मनोज पांडे देवेंद्र नंद प्रदीप दीक्षित ,आदित्य अवस्थी ,दीपू अवस्थी, विशाल गुप्ता प्रदीप गुप्ता सुनील कश्यप, सुशील, रंजीत रावत, उूदन रावत, शिवेंद्र प्रताप उर्फ निक्की, कोतवाल मिश्रिख राकेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे सांसद आज बूथ सशक्तिकरण अभियान में मरेली अमतामऊ , कुनेरा नगवा पेडी, ब्रहमावली हरिहरपुर उत्तर थोक ,जरीगवां ,धवरपारा , भाऊपुर, में भाग लेंगे।

## 864.90 लाख की लागत से राजघाट का होगा विकास

**नैमिषारण्य स्थित** राजघाट पर मिश्रिख सांसद अशोक रावत द्वारा 846.90 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यो का आज शिलान्यास किया, सांसद ने बताया राजघाट पर मंडप हाल, कैफेटेरिया, वेदी मंडप, आदि निर्माण कार्य होंगे , आने वाले समय मे पर्यटकों के लिए सुविधाजनक रहेगा,मेरी इच्छा है की गोमती के उस पार भी अमर गंज में घाट का निर्माण जिससे इसकी और सुंदरता बढ़ जाएगी नैमिषारण्य तीर्थ विकास के लिए हमारे प्रधानमन्त्री, और मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकता मे है, मैंने इस तीर्थ के विकास के लिए हर मंच पर प्राथमिकता से बात रखता हूँ। इस अवसर जिलाउपाध्यक्ष रोहित सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी, रंजीत रावत, प्रदीप दीक्षित, सभासद मुकुल दीक्षित सभासद पप्पू श्रीवास्तव और यूपीसीएल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## 13 जुलाई को होगी कोर्ट और कस्टडी रिमांड पर सुनवाई

**मोहम्मदी.खीरी।** एसीजेएम कोर्ट मे न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी ने मोहम्मद जुबैर को 25 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा वही 13 जुलाई को कोर्ट तथा कस्टडी रिमांड पर भी सुनवाई होगी। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट में ने मुकदमों में तीन धाराएं और ब?ायी। मो जुबैर के अधिवक्ताओं मेहरजीत सिंह सुरेंद्र कुमार कुलदीप सिंह क्रांति कुमार सिंह ने बहस की। वही वादी की ओर से बीके त्रिवेदी ने बहस की। बेल प्रार्थना पत्र भी डाला तथा डिमांड का विरोध किया। गौरतलब है कि मोण् जुबैर सीतापुर जेल मे धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोप में अल्ट न्यूज के संपादक मोहम्मद जुबेर कि आज एटीजीएम कोर्ट में पेशी होनी थी। गौरतलब है कि मोहम्मदी के एक स्थानीय पत्रकार ने मोहम्मद जुबेर के खिलाफ156 ए3 के माध्यम से कोतवाली मोहम्मदी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी आधार पर कोतवाली पुलिस ने एसीजेएम कोर्ट से वारंट वी जारी कराया थाए आज सुबह से ही एसीजीएम कोर्ट के बाहर और अंदर पुलिस बल का जमाव?ा देखने को मिला। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह मुस्तैद नजर आए। वही सीतापुर जेल से न्यायिक मजिस्ट्रेट ऑनलाइन केसी कराई एकोर्ट बाहर और अदर काफी हलचल देखने को मिली।

## एमडीएम में सड़ा आलू बनने से ग्रामीणों ने काटा हंगामा!

**संवाददाता।** सीतापुर

● रेउसा के उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरी में सड़े आलू की बन रही सब्जी

● विद्यालय में ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**रेउसा के उच्च** प्राथमिक विद्यालय इटौरी में सड़े आलू की सब्जी बनाने को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा काट दिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरी में मीनू के अनुसार भोजन न बनना, भोजन में सब्जी के आलू का सड़ा होना, दूध में पानी की मिलावट व अध्यापक के विद्यालय समय से ना आने की शिकायत को लेकर अभिभावकों ने विद्यालय में हंगामा काट दिया। अभिभावकों का आरोप था कि विद्यालय में मध्यान भोजन में अनियमितता बरती जा रही है, सब्जी के लिए लाए गए सड़े आलू दिखाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे आलू की सब्जी बच्चों को दी जाती है, जिससे यह बीमार भी पड़ सकते है। ग्रामीणों की सूचना पर काफी देर में विद्यालय पहुंची इंचार्ज प्रधानाध्यापक मधु पंत ने सहमति जताते हुए बताया कि रसोईया बुजुर्ग है विकलांग है जिसके चलते खाने में कमियां रह सकती हैं साथ ही सड़े आलू व खराब खाद्यान्न मिलने पर उन्होंने उच्चाधिकारियों को भी सूचित करने की बात कही, देर से आने का कारण उन्हीने बताया की वह लखनऊ से आती हैं जिसकी वजह से उन्हें देर हो जाती है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार उच्चाधिकारी बच्चों को मिलने वाले मध्यान भोजन की कमियों को दूर करेंगे या शिक्षकों के आने की समस्या पर भी कोई कार्यवाही करेंगे।

## ईएमटी ने एम्बुलेंस में कराया सकुशल प्रसव, जच्चा-बच्चा सब हैं सकुशल

**संवाददाता।** अटरिया सीतापुर

**एम्बुलेंस** 108 सेवा लगातार गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रही है। महिला प्रसव के लिए जाते समय बीच रास्ते में ही नवजात शिशु को जन्म दिया। यूपी 32 ई जी 4546 एम्बुलेंस सेवा 108 एम्बुलेंस कर्मचारी ईएमटी सुषपाल व चालक कौशल कुमार ने बताया कि ग्राम परेवाज़ल थाना अटरिया निवासिनी रुकसाना पत्नी मो अकील को प्रसव पीड़ा होने पर महिला को लेकर वह निकले ही थे कि रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ गई। गाड़ी रोकर कर ईएमटी, चालक व आशा बहू की सूझबूझ से एम्ब्बुलेंस में ही प्रसव कराया गया। रुकसाना ने एक सुंदर बच्चे को जन्म्म दिया। एम्ब्बुलेंस में ही सामान्य्य प्रसव से परिवारीजन काफी खुश नजर आए और एम्ब्बुलेंस कर्मियों को धन्य्यवाद दिया। इसके बाद दोनों को सीएचसी इंटौंजा लखनऊ में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्ट्टर ने जच्चा व बच्चा को सुरक्षित व स्व्वस्थ्थ बताया है।वहीं बीती रात एम्बुलेंस संख्या यूपी 32ई जी 4546 के कर्मचारी ईएमटी सुषपाल व चालक कौशल कुमार ने बताया कि ग्राम नउवाखेड़ा थाना अटरिया निवासिनी सहनाज़ पत्नी मो इसराइल को प्रसव पीड़ा होने पर अस्प्पताल ले जाने के लिए कॉल आई थी, कुछ ही देर में वह एम्ब्बुलेंस लेकर सहनाज़ के घर पहुंच गए, महिला को लेकर वह निकले ही थे कि रास्त्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ गई। ईएमटी चालक व आशा बहू की सूझबूझ से एम्ब्बुलेंस में ही प्रसव कराया गया। सहनाज ने एक सुंदर बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद दोनों को सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया गया जहां डॉक्ट्टर ने जच्चा व बच्चा को सुरक्षित व स्वस्थ्थ बताया है।

## शिक्षा की बदौलत भारत मजबूत स्थिति में: अजय मिश्र

**तिकुनियां.खीरी।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली फेज.2 का शुभारंभ किया। कस्बा स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से सुबह 10 बजे रैली को रवाना किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पधारे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि विद्या धन से ब?ा कोई धन नहीं है हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा है देश की जनसंख्या हमारी पूंजी है और हम अपने बच्चों को तकनीकीए गैर तकनीकीए शोध परक हर तरह की शिक्षा देकर वर्ष 2040 तक नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के स्तर कोआगे बढ़ाने मैं कामयाब होंगे। ऐसी शिक्षा भारत को मजबूत करने में मदद करेगी। आज शिक्षा के बदौलत ही भारत मजबूत स्थिति में खड़ा है। खंड विकास अधिकारी राकेश सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।बच्चों की रैली महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज होते हुए कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। रैली का समापन महाराजा इंटर कॉलेज में किया गया यहां बच्चों को भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम में नामांकन लक्ष्य पूरा करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दिया गयाए और सभी लोगो ने खड़े होकर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। एसडीआई ने आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह खंड विकास अधिकारी राकेश सिंह पवन जैनए प्रतीक दीक्षित अजय गर्ग पंकज मिश्र हैप्पी कुंछल राहुल भदौरिया आशीष गर्ग परसराम महावर राहुल देव जितेंद्र कुमार वैभव पांडे पवन मिश्रा अरुण यादव विनोद तिवारी योगेंद्र मिश्र रूप सिंह यादव निर्मल चतुर्वेदी सीएल सोनकर रमेश राही रामनरेश सहित तमाम शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद रही।

## ग्राम बुढ़ानापुर में सम्पन्न हुई श्रीराम इंटरप्राइजेज की सुरक्षा-संरक्षा गोष्ठी

**संवाददाता।** सीतापुर

**हिंदुस्तान पेट्रोलियम** की प्रमुख गैस वितरक एजेंसी श्रीराम इंटरप्राइजेज पुलिस लाइन सीतापुर की उज्ज्वला गैस कनेक्शन वितरण एवं सुरक्षा-संरक्षा गोष्ठी का आयोजन विकास खंड पर्सेंदी की ग्राम पंचायत गुजरा के मजरा बुढानापुर में रविवार को ग्राम प्रधान एवं ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह संजय की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी मुन्ना लाल राजवंशी के मुख्यातिथ्य में किया गयाद्य गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्ना लाल राजवंशी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने घर घर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराकर घरों व परिवारों को प्रदूषणमुक्त बनाने का कार्य किया है। इस गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कवि एवं रंगकर्मी ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक ने कहा कि श्री राम इंटरप्राइजेज पुलिस लाइन सीतापुर बरसों से उपभोक्ताओं की अच्छी सेवा कर रही हैद्य गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग कराने के साथ ही उनके घरों पर गैस सिलेंडर भेजने का काम श्रीराम इंटरप्राइजेज (एचपी गैस) कर रही है। इस गोष्ठी को बीडीसी सदस्य पप्पी देवी आशा बहू रज़िया देवी ग्राम पंचायत सदस्य शिव कुमार शिवलाल अशोक कुमार प्रजापति आदि ने संबोधित कर एचपी गैस की सेवाओं को उत्कृष्ट बतायाद्य गोष्ठी का सफल संचालन पीआरओ रविन्द्र कुमार रिंकू ने कियाद्य गोष्ठी के अंत में उज्ज्वला योजना अंतर्गत सात महिलाओं को गैस कनेक्शन देकर उन्हें गैस चूल्हा सिलेंडर निशुल्क उपलब्ध कराया गया।

## क्विक न्यूज

### फांसी पर लटका हुआ मिला विवाहिता का शव

संडीला(हरदोई)। एक विवाहिता का शव फांसी पर लटका हुआ पाया गया। मृतका के परिजन ने मौके पर पहुंचकर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और पुलिस को तहरीर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कटियामऊ निवासी नरेश की 24 वर्षीय पत्नी रंजना का शव उसके कमरे से फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। इस घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे रंजना के परिजन ने हंगामा शुरू कर दिया। मृतका के भाई सुनील पुत्र तुलसी ने आरोप लगाया कि रंजना के ससुरालीजन प्राप्त दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वह मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंनें रंजना का उत्पीड़न शुरू कर दिया। इस बारे में रंजना ने कई बार उन्हें बताया भी था। सुनील के अनुसार उसने रंजना के पति एवं अन्य ससुरालीजन को काफी समझाने बुझाने की कोशिश की लेकिन उनपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और यह उत्पीड़न लगातार जारी रहा और अंततः रंजना को गला दबाकर मार डाला गया और फांसी पर लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। मृतका के भाई की तहरीर पर मृतका के पति समेत नौ ससुरालीजन को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज की गयी है तथा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### दो सड़क दुर्घटनाओं में दो मरे, दो घायल

**संडीला(हरदोई)।** दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक और एक युवती की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। प्रथम दुर्घटना लखनऊ हरदोई रोड पर ग्राम मतुआ के पास हुई। बताया जाता है कि ग्राम मोहईल मजरे पतसेनी देहात निवासी 25 वर्षीय संजीव पुत्र पारसनाथ अपनी मोटरसाइकिल से ससुराल जा रहा था। जब वह मतुआ मोड के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरी दुर्घटना लखनऊ हरदोई रोड पर आंसूसरांय तिराहे के पास हुई। बताया जाता है कि ग्राम बेगमगंज निवासी 20 वर्षीय प्रिया पुत्री दिनेश सिंह अपने भाई सूरज और मामा विशाल सिंह के साथ अपनी मौसी के यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। वापस लौटते समय जब उनकी मोटरसाइकिल आंसूसरांय तिराहे के पास पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों ही लोग घायल हो गए। आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां से तीनों को ट्रामा सेंटर भेजा गया है। इलाज के दौरान प्रिया की मौत हो गयी जबकि दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### दरगाह सहित सभी मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**बरेली ।** फतेहगंज पश्चिमी में रविवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार उत्साह के साथ मनाया ।ईद की नमाज सुबह सात बजे से साढ़े नौ तक अदा की गई नमाज अदा कर एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी इसी कड़ी में ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, कादरी मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई ।देश में अमन व चौन के लिए हजारों हाथों से दुआ की गइ ।पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हुए थे सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे । थाना प्रभारी संजय सिंह दल वल के साथ क्षेत्र में गश्त करते नजर आए। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार यह पर्व मीठी ईद के ठीक दो महीने के बाद इस्लामिक कैलेंडर के सबसे आखिरी महीने में 10 तारीख को मनाई जाती है।

### हाजियोंको मिली,5 लीटर जमजम लाने की इजाजत कल हज के सभी अरकान मुकम्मल हुए

**बरेली।** हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खाँ वारसी ने बताया कि सऊदी अरब से मिली जानकारी के मुताबिक किंग अब्दुल अजीज इंटरनेशनल एयरपोर्ट जद्दा ने जमजम लाने की इजाजत दे दी है अब सभी देशों सहित भारत के हाजी भी अपने साथ 5 लीटर जमजम केन ला सकते हैं।इससे पहले सऊदी ने जमजम साथ लाने पर प्रतिबंध लगा दिया था।इस बार अराफात के मैदान में हज ए अकबरी हुआ जिसमें दुनियाभर के देशों से 10 लाख हाजी शामिल हुए थे वहीं भारत से 79,237,जिसमे उत्तर प्रदेश से 7528 हाजी और बरेली सरकारी कोटे से 342 और प्राइवेट टूर से 50 हाजियों ने हज किया हैं आज हज के सभी अरकान भी मुकम्मल हो गये है,हज के आखिरी अरकान में बाद नमाज ए फजर तीनों शैतानो को 7 --7 कंकरी मारने के बाद हज मुकम्मल हुआ।अब हाजी वतन वापसी की तैयारी में लगेंगे,14 जुलाई से लेकर 27 जुलाई तक हज यात्रियों की वतन वापसी हो जाएगी,बरेली के ज्यादातर हाजी की फ्लाइट 17 जुलाई को जद्दा से लखनऊ पहुँचेगी।इधर हाजियो के अजीजदारो ने भी इस्तकबाल की तैयारियां शुरू कर दी है।

## कोतवाल की कार्यशैली से आक्रोशित पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** लहरपुर सीतापुर



**स्थानीय कोतवाली** प्रभारी राजीव सिंह की भ्रष्ट कार्यप्रणाली एवं दमनकारी कार्यशैली के विरुद्ध आक्रोशित पत्रकारों ने आदर्श पत्रकार एकता एसोसिएशन यू.पी. (रजि.) के बैनर तले एकत्रित होकर मुख्यमंत्री को संदर्भित एक ज्ञापन लहरपुर उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा को सौंपा गया । ज्ञापन में मांग की गई है कि पत्रकार अभिनव त्रिवेदी व पत्रकार देशप्रीत सिंह के विरुद्ध शाजिसन दर्ज किए गए मुकदमे की जांच कर मुकदमे में गलत तरीके से सम्मिलित नाम को हटाया जाए व पत्रकार अभिनव त्रिवेदी के छोटे भाई विकास त्रिवेदी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाए ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त दोनों पत्रकारों ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में घटित घटनाओं एवं समस्याओं को लेकर अपने अपने समाचार पत्रों में खबरों का प्रकाशन किया था जिसमें लहरपुर पुलिस की लापरवाही को उजागर किया गया था जिससे नाराज कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह केसरीगंज चौराहे पर स्थित पत्रकार अभिनव त्रिवेदी के छोटे भाई के होटल पर बीती 9 जुलाई को रात 9रू00 बजे घटित मारपीट की घटना में दोनों पत्रकारों के मौके पर ना होने के बावजूद भी खबरों के प्रकाशन को लेकर नाराज चल रहे कोतवाल राजीव सिंह ने मौका देख कर उक्त घटना में आईपीसी की धारा 325, 323, 504, 506 के तहत एक तरफा मुकदमा पंजीकृत कर दिया जबकि पत्रकार अभिनव त्रिवेदी के छोटे भाई विकास त्रिवेदी द्वारा दी गई तहरीर पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सकीय परीक्षण करा लेने के बाद भी प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई । ज्ञापन में कुल प्रकरण की निष्पक्ष जांच करा कर घटना में ना मौजूद दोनों पत्रकारों के नाम हटवाए जाने व विपक्षियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर न्यायोचित कार्रवाई की जाने की मांग के साथ साथ साजिशकर्ता कोतवाल राजीव सिंह के विरुद्ध भी कुल प्रकरण की जांच कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से आदर्श पत्रकार एकता एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य, वरिष्ठ पत्रकार पंकज शुक्ला, अभिनव त्रिवेदी, देशप्रीत सिंह, अविनाश दीक्षित, रियाजुद्दीन अंसारी, एहतिशाम बेग, जगतपाल वर्मा, शैलेश त्रिवेदी, अमित शुक्ला, बलराम मिश्रा, गोविंद गोपाल सिंह, मनोज कुमार, बंटी शुक्ला, वीरेश तिवारी, विपिन तिवारी, मोहम्मद हाशिम अंसारी ,असलम अंसारी, धर्मेंद्र पांडे, विनय कटियार, निर्मल पांडे ,आकाश सिंह, रिंकू विश्वकर्मा ,रमाकांत शुक्ला, दिनेश शुक्ला, पंकज नाग, ओमकार वर्मा, सिंपू वर्मा, अवधेश कुमार, मानसिंह, अमित कुमार सहित तहसील क्षेत्र के लगभग आधा सैकड़ा पत्रकारगण शामिल रहे।

## जिले भर में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ईदुल अजहा

**लखीमपुर.खीरी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर मैलानी मे व ग्रामीण क्षेत्रों मे ईदुल अ?हा ;बकरीदद्ध का त्यौहार बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने तयशुदा वक्त पर ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की। इसके बाद एक.दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। मैलानी संवाददाता के अनुसारए नगर पंचायत विभाग के अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी व नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती के निर्देश पर सारे नगर के ईदगाहए मस्जिदों में तथा गली स?कों पर सफाई की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखाई दी। साथ ही पेयजल की भी व्यवस्था भी उपलब्ध रही। मुकर्रर वक्त पर अदा की नमाज अदायगी के उपरान्त लोग के दूसरे के गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पति नरेश यादव व नगर पंचायत सत्य वती दिलशाद हुसेन राहुल स्थानीय लेखपाल देवेन्द्र कुमार लियाकत अली बब्लू शाह असफाक मंसुरी वारिस अली तथा शान्ति वयवस्था रखने हेतु मैलानी थाना प्रभारी निरिक्षक राम लखन पटेल उप निरिक्षक कौशल किशोर आरक्षी शोभित कुमार आरक्षी जितेन्द्र कुमार चौरसिया सहित तमाम पुलिस कर्मी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### आबादी में अगले साल...

मध्य और दक्षिणी एशिया में 2.1 बिलियन लोग हैं जो कुल विश्व जनसंख्या का 26 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की आबादी 2030 में लगभग 8.5 बिलियन और 2050 में यह 9.7 बिलियन तक बढ़ सकती है। वैश्विक जनसंख्या 1950 के बाद से सबसे धीमी दर से बढ़ रही है, जो 2020 में एक प्रतिशत से कम हो गई है।

### सांसदों के स्वागत को...

प्रधानमंत्री ने निर्माण स्थल पर एक धार्मिक कार्यक्रम में भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान संसद भवन के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से भी बातचीत की और उनसे कहा कि उन्हें अपने काम पर गर्व होना चाहिए। मोदी ने कहा कि वे राष्ट्र के गौरव में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मेरी संसद भवन के निर्माण में लगे श्रमजीवियों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमें उनके प्रयासों पर गर्व है और हमारे देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जब एक श्रमिक ने प्रधानमंत्री के निर्माण स्थल पर आगमन पर प्रसन्नता जताते हुए उत्साहवश कहा कि यह भगवान राम के शबरी की कुटिया में आने जैसा है तो मोदी ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, वाह, वाह। यह आपकी कुटिया है। फिर उन्होंने कहा कि देश के हर गरीब व्यक्ति को भी यही लगना चाहिए कि यह उनकी कुटिया है। उन्होंने कहा, आपने बहुत अच्छी बात कही है। जब उन्होंने मजदूरों से पूछा कि उन्हें क्या लगता है, वे एक भवन बना रहे हैं या इतिहास? तो उन्होंने सामूहिक रूप से कहा, इतिहास। प्रधानमंत्री ने श्रमिकों से संसद भवन के निर्माण में और अन्य किसी परियोजना के निर्माण में शामिल होने के अंतर के बारे में भी पूछा। श्रमिकों ने कहा कि उन्हें नए संसद भवन में काम करते हुए गौरव की अनुभूति होती है।

### विपक्ष ने की राष्ट्रीय प्रतीक...

भाजपा ने ओवैसी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह हमेशा नकारात्मक मानसिकता से प्रभावित रहते हैं और अपनी पार्टी चलाने के लिए लगातार देश के राजनीतिक, नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संवैधानिक मूल्यों पर हमला करते हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि वह आदतन ऐसा करते हैं। राकांपा नेता मजीद मेमन ने सवाल किया कि सरकार ने राष्ट्रीय प्रतीक का अनावरण करने के लिए आयोजित कार्यक्रम से विपक्षी नेताओं को दूर क्यों रखा। माकपा ने इस मौके पर आयोजित एक धार्मिक समारोह को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि ऐसे प्रतिष्ठानों को धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) महासचिव डी राजा ने कहा कि संसद सभी की है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि वहां किस प्रकार एक निजी, व्यक्तिगत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जवाहर सरकार ने सवाल किया कि इस प्रक्रिया में सांसदों से सलाह-मशविरा क्यों नहीं किया गया। कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसके एक नेता और भाजपा के पूर्व सांसद उदित राज ने संसद भवन परिसर में हिंदू रीति-रिवाजों का मुद्दा उठाया।

### उद्धव खेमे के विधायकों...

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कपिल सिब्बल के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों पर गौर किया, जिनमें कहा गया था कि उद्धव ठाकरे धड़े की ओर से दायर अनेक याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है जिन्हें सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना है। सिब्बल ने कहा, अदालत ने कहा था कि याचिकाओं को 11 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। मैं अनुरोध करता हूं कि मामले में यहां निर्णय होने तक अयोग्यता संबंधी कोई फैसला ना किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बागी विधायकों ने जब शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था तो उन्हें संरक्षण प्रदान किया गया था। सिब्बल ने कहा कि हमारी अयोग्यताओं संबंधी याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष कल सुनवाई करने वाले हैं, मामले पर सुनवाई पूरी होने तक किसी को अयोग्य नहीं ठहराया जाना चाहिए। इन मामलों पर यहां (शीर्ष अदालत में) फैसला होना चाहिए। पीठ ने कहा, श्रीमान मेहता (राज्यपाल की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता), आप कृपया विधानसभा अध्यक्ष को सूचित करें कि वह इस संबंध में कोई सुनवाई ना करें। मामले पर सुनवाई हम करेंगे। इसके बाद, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि वह विधानसभा अध्यक्ष तक यह संदेश पहुंचा देंगे। अदालत ने कहा कि पीठ का गठन करके मंगलवार के बाद मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

### गोवा कांग्रेस के 'लापता' पांच...

वे (कांग्रेस नेता) दोबारा संवाददाता सम्मेलन करना चाहते थे, जिसकी जरूरत नहीं थी, इसलिए हम उसमें शामिल नहीं हुए। लोबो की पत्नी डिलायला भी कांग्रेस से विधायक हैं। लोबो ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता है और वे पार्टी के साथ हैं। लोबो ने नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाए जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्होंने पार्टी को बता दिया था कि उन्हें इस पद पर बने रहने में कोई दिलचस्पी नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री कामत और उनके सहयोगी राजेश फलदेसाई ने भी कहा कि वे पार्टी के साथ है। दोनों नेताओं ने कहा कि वे निजी प्रतिबद्धताओं के चलते रविवार को पार्टी के कार्यालय में मौजूद नहीं थे। कामत ने विधानसभा परिसर के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह कांग्रेस के साथ हैं। उन्होंने कहा, मैंने शनिवार को दिनेश गुंडु राव से मुलकात की थी। मैंने उन्होंने बताया था कि पार्टी में मेरे साथ जो बर्ताव हुआ है उससे मैं आहत हूं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके भाजपा में शामिल होने की अफवाह तो 2017 से चल रही हैं। कामत ने कहा मैं कांग्रेस में ही हूं। (इस साल के शुरू में) विधानसभा चुनावों में मैंने कांग्रेस का नेतृत्व किया था लेकिन चुनाव के बाद मुझे नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं दिया गया। विधायक फलदेसाई ने भी कहा कि वह पार्टी के साथ हैं।

### पलानीस्वामी बने अन्नाद्रमुक...

जिनको पार्टी के सदस्यों से समर्थन नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह खेदजनक है कि समन्वयक पद पर काबिज नेता के पास सदस्यों का विश्वास हासिल करने के बजाय बार-बार अदालत आने और हस्तक्षेप का अनुरोध करने का समय है। न्यायाधीश ने कहा, आवेदक जो हासिल नहीं कर पा रहा है, वह अदालत के जरिए उसे पाना चाहता है, लेकिन अदालत सिर्फ एक या दो सदस्यों के कहने पर पार्टी के हजारों अन्य सदस्यों के हितों के खिलाफ पार्टी के निजी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक में जारी कलह और उठापटक के मद्देनजर जहां सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) चुनावी लिहाज से काफी फायदेमंद स्थिति में है, वहीं फिलहाल हाशिए पर खड़ी भाजपा चुनावी राजनीति में अधिक हिस्सेदारी की आकांक्षा पाल सकती है। हालांकि, अन्नाद्रमुक के अधिकतर पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी कद्दावर नेता ई.के पलानीस्वामी के समर्थन में खड़े दिखते हैं, लेकिन तमिलनाडु के चुनिंदा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं के कई धड़ों में निष्कासित नेता ओ पनीरसेल्वम का भी प्रभाव है। ठीक इसी समय वीके शशिकला, दिवंगत पार्टी दिग्गज जे जयललिता की भरोसेमंद, भी दिवंगत नेता की विरासत पर दावा कर रही हैं। शशिकला ने ऐलान किया है कि पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी, दोनों ही छाया मात्र हैं, जबकि वह एक मात्र सच हैं। यानी वह खुद को वास्तविक नेता बता रही हैं। पलानीस्वामी ने बैठक में अपने भाषण में कहा कि एकल नेतृत्व पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों की इच्छा के अनुरूप है। उन्होंने ओपीएस पर हमला करते हुए उन्हें मतलबी करार दिया और आरोप लगाया कि पूर्व पार्टी समन्वयक ने सत्ताधारी द्रमुक के साथ सांठगांठ करके अन्नाद्रमुक के मुख्यालय पर हमले का ताना-बाना बुना। हालांकि, द्रमुक ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विपक्षी दल के मामलों से उसका कोई लेना-देना नहीं है।

### दिल्ली में महंगी हुई...

फिलहाल पीपीएसी 25 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है। जब बिजली खरीद की कीमतों में अचानक वृद्धि होती है तब डिस्कॉम को पीपीएसी यानी पावर परचेज एडजेस्टमेंट कॉस्ट लेने की अनुमति दी जाती है। मौजूदा समय में बिजली उत्पादन केंद्रों में बन रही बिजली की कीमतों में इजाफा हुआ है। बिजली उत्पादन के लिए देशी कोयले के साथ-साथ इंपोर्टेड कोयला मिलाने की जरूरत होती है। महंगी इंपोर्टेड कोयले की वजह से बिजली उत्पादन की लागत में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा गैस की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई और साथ ही पावर एक्सचेंज में भी बिजली की कीमतों में इजाफा हुआ है। इन कारणों से डिस्कॉम को अधिक कीमतों पर बिजली उपलब्ध हुई इसी वजह से दिल्ली में बिजली कंपनियों को पीपीएसी बढ़ाने की अनुमति दी गई है।

# शिवसेना ने ठाकरे गुट के विधायकों पर न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना ने** सोमवार को उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले पार्टी गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग पर सुनवाई न करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में शिवसेना के विधान परिषद सदस्य एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल परब ने कहा कि राज्य विधानमंडल ने शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दाखिल किया था। उनके मुताबिक, हलफनामे में कहा गया था कि विधानसभा का एक नया अध्यक्ष चुन लिया गया है और उसके पास विधायकों को अयोग्य ठहराने की अर्जी पर सुनवाई करने का अधिकार है।

परब ने कहा, नए अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में हमें लगा कि हमें इन्साफ मिलने की गुंजाइश बहुत कम है। शिवसेना नेता के मुताबिक, हमने उच्चतम न्यायालय में कहा कि जब तक हमारी तीन याचिकाओं पर सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक ठाकरे गुट के विधायकों को अयोग्य घोषित करने के मुद्दे पर फैसला नहीं लिया जाना चाहिए। परब के अनुसार, इसलिए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि जब तक अदालत में कोई निर्णय नहीं हो जाता, तब तक अध्यक्ष को कोई फैसला नहीं लेना चाहिए। इसका मतलब यह है कि अध्यक्ष विधायकों को किसी भी तरह से अयोग्य नहीं ठहरा सकेंगे। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र विधानमंडल के सचिव ने राज्य के कुल 55 शिवसेना विधायकों में से 53 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इनमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े के 39 और ठाकरे गुट के 14 विधायक शामिल हैं। ठाकरे गुट के 14 में से एक विधायक संतोष बांगर ने चार जुलाई को राज्य विधानसभा में विश्वास मत पर मतदान के दिन शिंदे गुट का दामन थाम लिया था। परब ने कहा कि ठाकरे गुट को लगता है कि शिंदे गुट के 39 विधायकों ने शिंदे सरकार के शक्ति परीक्षण और अध्यक्ष नार्वेकर के चुनाव के दौरान पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया। उन्होंने दावा किया कि ऐसे में अध्यक्ष का चयन अपने आप में गलत है। शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के ज्यादातर विधायकों के राज्य में सरकार बनाने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने को लेकर ठाकरे गुट ने शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की हैं। परब ने कहा, अगर अदालत हमारे पक्ष में फैसला सुनाती है तो शक्ति परीक्षण को अमान्य माना जाएगा। ठाकरे गुट ने तीन और चार जुलाई को हुई विधानसभा की कार्यवाही की वैधता को भी चुनौती दी है, जिसके तहत सदन का नया अध्यक्ष चुना गया था और शक्ति परीक्षण में शिंदे के नेतृत्व वाले गठबंधन ने बहुमत साबित किया था। ठाकरे गुट ने मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाले विधायकों के नए पार्टी सचेतक भरत गोगावले को मान्यता देने के नार्वेकर के फैसले के खिलाफ भी एक याचिका दायर की है। इससे पहले, ठाकरे गुट के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने शिंदे और उनके समूह के 15 विधायकों को विधानसभा से निलंबित करने की मांग को लेकर शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिनके खिलाफ अयोग्यता से संबंधित याचिकाएं लंबित हैं। उच्चतम न्यायालय की अवकाशकालीन पीठ ने 27 जून को शिंदे गुट को अंतरिम राहत देते हुए उनके गुट के 16 शिवसेना विधायकों को भेजे गए अयोग्यता नोटिस पर जवाब दाखिल करने की समयसीमा 12 जुलाई तक बढ़ा दी थी।

## तेदेपा राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी

**भाषा।** अमरावती

**तेलुगु देशम** पार्टी (तेदेपा) ने सोमवार को घोषणा की कि वह राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी। पार्टी ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने पार्टी की रणनीति समिति की बैठक में इसकी घोषणा की।

नायडू ने कहा, तेदेपा हमेशा सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है। उसने इससे पहले राष्ट्रपति पद के लिए के. आर. नारायणन और ए. पी. जे. अब्दुल कलाम का समर्थन किया था। विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी उसी भावना से मुर्मू का समर्थन कर रही है, जो सर्वोच्च संवैधानिक पद के लिए चुनी जाने वाली पहली आदिवासी महिला होंगी। तेदेपा के राज्यसभा में एक और लोकसभा में तीन सदस्य हैं, जबकि आंध्र प्रदेश विधानसभा में उसके 23 सदस्य हैं। इससे पहले, आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसी पार्टी ने मुर्मू को समर्थन देने की घोषणा की थी।



बादल फटने की घटना के बाद एक बार फिर से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई, भाग लेते श्रद्धालु

## राघव चड्ढा अस्थाई सलाहकार समिति के अध्यक्ष नियुक्त, विपक्षी दलों ने की आलोचना


**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब सरकार** ने आप आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा को अस्थाई सलाहकार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया जिसके बाद पार्टी विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को अस्थाई सलाहकार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति सरकार को जनता से जुड़े मुद्दों पर सलाह देगी।

आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार ने कुछ दिन पहले समिति के गठन को लेकर एक अधिसूचना जारी की थी और तब भी विपक्षी दलों ने इसके गठन की वैधता पर सवाल उठाए थे। अधिसूचना के अनुसार, अस्थाई समिति के प्रमुख अध्यक्ष होंगे और इसके सदस्य किसी भी मुआवजे, पारिश्रमिक या अनुलाभों के हकदार नहीं होंगे। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने सोमवार को भगवंत मान नीत सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह समिति के जरिए चड्ढा को अत्यधिक शक्ति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चड्ढा को सलाहकार समिति का अध्यक्ष नियुक्त करना उन्हें पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने के समान है। उन्होंने ट्वीट किया, पंजाब ने इस बदलाव के लिए मतदान नहीं किया था। ऐसा प्रतीत होता है कि भगवंत मान जी ने पंजाब सरकार को ठेके पर दे दिया है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने भी आप सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस कदम से सरकार चलाने वाले राघव चड्ढा को आधिकारिक तौर पर एक मंच प्रदान कर दिया गया है। पार्टी ने ट्वीट किया, ... सर्कस मास्टर ने पर्दा हटाकर असली खेल चलाने वाले राघव चड्ढा को आधिकारिक तौर पर मंच प्रदान कर दिया है। वस्तुत: मुख्यमंत्री चड्ढा का औपचारिक रूप से महानियंत्रक के रूप में पदभार ग्रहण करना, पंजाबियों के लिए कोई खबर नहीं है। उन्हें हमेशा से पता था कि भगवंत मान के कठपुतली नाच की डोर किसके हाथ में है। अब पर्दा हट गया है और वह दंतहीन शेर सामने है जिस पर पंजाबियों ने भरोसा जताया था।

## जम्मू : धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर गोवध की तस्वीर प्रसारित कर, कथित रूप से एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थानामंडी क्षेत्र के हस्योत गांव के आरोपी इमरान मीर ने रविवार को उस समय सोशल मीडिया पर जानबूझ कर पशु वध की तस्वीर प्रसारित की, जब लोग ईद-उल-अजहा मना रहे थे। उन्होंने बताया कि मीर के खिलाफ थानामंडी थाने में मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। मामला संवेदनशील होने के कारण थाना व अनुमंडल स्तर पर आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानूनी औपचारिकताओं के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे जांच की जा रही है। एसएसपी मो. असलम ने कहा कि किसी को भी, किसी भी समुदाय के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।



आर्टीफिशिल इंटेलिजेंस इन डिफेंस प्रदर्शनी का उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट

## बंगाल में मंत्रियों की पीए बनकर लोगों को ठगने वाली महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के पास सोनारपुर से एक महिला को कुछ लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है जो स्वयं को पश्चिम बंगाल के दो मंत्रियों की निजी सहायक बताती थी और लोगों को अपार्टमेंट दिलाने का वादा करके उनसे कथित तौर पर पैसे ऐंठती थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला परिवहन मंत्री फिरहाद हाकिम और वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के जाली लैटर-हैड का इस्तेमाल करती थी और लोगों से पैसे ऐंठती थी।

उन्होंने कहा कि टॉलीगंज थाने की एक टीम ने रविवार शाम को महिला को दक्षिण 24 परगना में सोनारपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी ने उसके विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारी ने कहा, अब तक वह कम से कम 10 से 12 लोगों को ठग चुकी है। उसने लोगों अपार्टमेंट दिलाने के नाम पर रकम ठग ली। वह अन्य लोगों के साथ मिलकर काम कर रही थी। अधिकारी के मुताबिक महिला के साथियों की तलाश है और इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। प्रदेश सरकार में मंत्री भट्टाचार्य ने कहा कि लोगों को ऐसे मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा, हां, मैंने सुना और पत्र भी देखा। साफ तौर पर दस्तखत मेरे नहीं थे। मैंने इस बारे में पुलिस से बात की है। लोगों को सतर्कता बरतनी चाहिए थी क्योंकि पत्र बहुत भ्रामक है। कोई मंत्री क्यों इस बात की पुष्टि करेगा कि किसी को ऋण की राशि स्वीकृत कर दी गई है।

## पंजाब के पूर्व विधायक बैंस ने दुष्कर्म मामले में अदालत में आत्मसमर्पण किया

**लुधियाना।** लोक इंसाफ पार्टी के प्रमुख और पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस ने दुष्कर्म के एक मामले में यहां की एक अदालत के समक्ष सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। बैंस (52) ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरसिमरन जीत सिंह की अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया। गौरतलब है कि 44 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार के मामले में बैंस मुख्य आरोपी हैं। एक स्थानीय अदालत के निर्देश पर बैंस और उनके दो भाइयों सहित पांच लोगों के खिलाफ 16 जुलाई 2021 को मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने बैंस और अन्य आरोपियों को आदतन अपराधी घोषित किया था क्योंकि वे कार्वाई में शामिल नहीं हो रहे थे। महिला ने अपनी शिकायत में कहा था कि उसने संपत्ति से जुड़े एक मामले में मदद के लिए पूर्व विधायक से संपर्क किया था, जिसके बाद पूर्व विधायक ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

# मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी : अदालत ने राहुल को पेश होने की छूट 28 तक बढ़ाई

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च** न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर मानहानि की शिकायत के सिलसिले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक स्थानीय अदालत में पेश होने से मिली छूट सोमवार को 28 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति पी. डी. नाइक की एकल पीठ ने मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत को मानहानि याचिका पर सुनवाई 28 जुलाई से आगे की तारीख तक टालने का निर्देश दिया।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले महेश श्रीश्रीमल ने कहा था कि राहुल गांधी ने राफेल लड़ाकू युद्धक विमान सौदे को लेकर 2018 में प्रधानमंत्री के खिलाफ कमांडर-इन-थीफै शब्द का इस्तेमाल किया था। स्थानीय अदालत ने दायर मानहानि की शिकायत के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पिछले साल 25 नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। उसके बाद राहुल गांधी ने मामले में खुद को जारी समन को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। पिछले साल नवंबर में, उच्च न्यायालय ने मजिस्ट्रेट अदालत को मानहानि शिकायत पर सुनवाई स्थगित करने का निर्देश दिया था। इसका मतलब था कि कांग्रेस नेता को मजिस्ट्रेट अदालत के सामने पेश होने की आवश्यकता नहीं थी। न्यायमूर्ति नाइक की एकल पीठ ने सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने याचिका पर सुनवाई स्थगित करते हुए मजिस्ट्रेट अदालत को सुनवाई 28 जुलाई से आगे टालने का निर्देश दिया।मजिस्ट्रेट अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ अगस्त 2019 में आपराधिक कार्यवाही शुरू की थी। हालांकि, कांग्रेस नेता ने उच्च न्यायालय में अपनी याचिका में दावा किया कि उन्हें इस बारे में जुलाई 2021 में पता चला। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राहुल गांधी ने सितंबर, 2018 में राजस्थान में एक रैली में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मानहानिकारक बयान दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मानहानिकारक बयान के चलते सोशल मीडिया मंचों पर मोदी को ट्रोल किया गया और विभिन्न समाचार चैनलों पर भी उस बयान का प्रसारण किया गया। शिकायत के मुताबिक, चार दिन बाद राहुल ने कथित तौर पर एक वीडियो पर टिप्पणी की और इसे अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत के कमांडर-इन-थीफ के बारे में दुखद सच्चाई। शिकायतकर्ता ने यह आरोप भी लगाया है कि राहुल, मोदी के खिलाफ मानहानिकारक बयान दे रहे थे और उन्हें कमांडर-इन-थीफ कह कर कांग्रेस नेता ने भाजपा के सभी सदस्यों तथा मोदी से जुड़े भारत के नागरिकों के खिलाफ सीधे तौर पर आरोप लगाया। वहीं, राहुल गांधी ने अपने वकील कुशल मोर के जरिए उच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा है कि यह शिकायत शिकायतकर्ता के राजनीतिक एजेंडा को आगे बढ़ाने से प्रेरित तुच्छ व प्रताड़ित करने का एकमात्र उद्देश्य रखने वाला वाद है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि शिकायतकर्ता का यह मामला दायर करने का कोई अधिकार नहीं बनता है। उन्होंने मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया है।

## चीन की बढ़ती घुसपैठ और पीएम की चुप्पी देश के लिए बहुत हानिकारक: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय क्षेत्र मेंै बढ़ती चीनी घुसपैठै और उस संबंध में प्रधानमंत्री कीै चुप्पी देश के लिएै बहुत हानिकारकै है। राहुल ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री के पांच सच को साझा किया और आरोप लगाया कि वह चीन से डरते हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के कुछ सच: 1. चीन से डरते हैं, 2. जनता से सच छिपाते हैं, 3. सिर्फ़ अपनी छवि बचाते हैं, 4. सेना का मनोबल गिराते हैं, 5. देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं। राहुल ने अपने ट्वीट में कहा, चीन की बढ़ती घुसपैठ और प्रधानमंत्री की चुप्पी, देश के लिए बहुत हानिकारक है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भारतीय क्षेत्र में चीनी घुसपैठ और इस मुद्दे से निपटने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते रहे हैं। कांग्रेस अक्सर आरोप लगाती रही है कि चीन ने भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है और इसे वापस हासिल करने के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया है।

# केरल यह पता लगाने आया हूं कि क्या केंद्रीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है: जयशंकर

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि वह केरल में 2024 के आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए या वादे करने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की पहल के तहत यह पता लगाने के लिए आए हैं कि क्या विभिन्न योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। केरल के तीन दिवसीय दौरे पर आए जयशंकर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की एक बैठक में बोल रहे थे। कार्यक्रम में अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्री, खुद प्रधानमंत्री की तरह, विभिन्न योजनाओं के तहत लाभों के वितरण के संबंध में जमीनी स्तर पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए हमेशा लोगों से



मिलते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रतिनिधि लोगों के पास आते रहेंगे, भले ही कोई भी आगामी चुनाव हो, क्योंकि वे देश की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए हर हफ्ते या हर महीने हर दिन काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जयशंकर ने कहा, यह कार्य-उन्मुख सरकार है जो आपकी सेवा में है। बाद में, विदेश मंत्री ने तिरुवनंतपुरम में श्री नारायण गुरु के जन्म स्थान चेम्पाझंथी गुरुकुलम का भी दौरा किया।

## नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दस लाख रुपए के इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा और अन्य पुलिस अधिकारियों के सामने नक्सली मड़कम हिड़मा और उसकी पत्नी कुराम हुंगी ने आत्मसमर्पण कर दिया।

उन्होंने बताया कि दंपती ओडिशा के कालाहांडी-कंधमाल-बउद्ध-नयागढ़ (केकेबीएन) डिवीजन नक्सल गतिविधियों को अंजाम देने में लगे थे। उन्होंने बताया कि उन दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सली दंपती ने जिले में चल रहे पूना नर्कोम (नई सुबह, नई शुरूवात) अभियान से प्रभावित होकर तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने से तंग आकर सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि नक्सली मड़कम हिड़मा के खिलाफ सुकमा जिले के बुरकापाल में वर्ष 2017 में हुए नक्सली हमले में शामिल होने का आरोप है। इस घटना में सुरक्षा बल के 25 जवान शहीद हुए थे, वहीं नक्सली कुराम हुंगी के खिलाफ वर्ष 2020 में मिनपा गांव के करीब सुरक्षा बलों पर हमले की घटना में शामिल होने का आरोप है, इस घटना में 17 जवान शहीद हुए थे।

# तमिलनाडु सरकार ने अन्नाद्रमुक के मुख्यालय को सील किया

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु में** अन्नाद्रमुक के दो विरोधी नेताओं इडापड्डी के पलानीस्वामी और ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थकों द्वारा पार्टी के कार्यालय के अंदर और बाहर हिंसा तथा तोड़ फोड़ किए जाने के बाद अधिकारियों ने सोमवार को पार्टी के मुख्यालय को सील कर दिया। पन्नीरसेल्वम को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है और उन्होंने कहा कि वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे, कानूनी कार्वाई करेंगे और कार्यकर्ताओं के बीच न्याय मांगने जांगे। इसके साथ ही वह पार्टी कार्यालय से निकल गए। राजस्व अधिकारियों ने अन्नाद्रमुक मुख्यालय एम जी आर मालिगई को सील कर दिया।



अधिकारियों ने कहा कि यह कार्वाई हिंसा के मद्देनजर की गई है, पार्टी कार्यालय में मौजूद सभी लोगों को पुलिस ने बाहर निकाल दिया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और राजस्व अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच हिंसा हुई और इसके बाद उन्होंने अवाई षणमुगम सलाई में अन्नाद्रमुक के मुख्यालय में तोड़फोड़ की। पलानीस्वामी ने पन्नीरसेल्वम को सत्तारुढ़ दल द्रमुक की कठपुतली बताया और उन्हें हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहाराया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पन्नीरसेल्वम ने पार्टी के कार्यालय से और पार्टी की दिवंगत प्रमुख जे जयललिता के कार्यालय कक्ष से सभी कागजात निकाल लिए हैं। अन्नाद्रमुक के नेता डी जयकुमार ने कहा कि पुलिस को पहले ही पार्टी कार्यालय की सुरक्षा की अर्जी दी गई थी और अब उनका डर सच साबित हुआ है। उन्होंने हिंसा के लिए पन्नीरसेल्वम और उनके समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया तथा पार्टी का कार्यालय सील करने के लिए सरकार की आलोचना की।

## एक और धर्म युद्ध के लिए पन्नीरसेल्वम तैयार

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के निष्कासित नेता ओ. पन्नीरसेल्वम ने 2017 में पार्टी में अपनी पुरानी स्थिति प्राप्त करने के लिए धर्म युद्ध की शुरुआत की थी और एक बार फिर वह उसी रास्ते की ओर बढ़ते प्रतीत हो रहे हैं। सोमवार को उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया और इस बार वह धर्म युद्ध 2.0 के लिए कमर कसते दिख रहे हैं। पन्नीरसेल्वम ने संवाददाताओं से कहा कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे, कानूनी कार्वाई करेंगे और अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के दो विरोधी नेताओं ई. के. पलानीस्वामी और पन्नीरसेल्वम के समर्थकों द्वारा पार्टी के कार्यालय के अंदर और बाहर हिंसा तथा तोड़ फोड़ किए जाने के बाद अधिकारियों ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय को सील कर दिया। पन्नीरसेल्वम को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। इससे पहले पनीरसेल्वम ने वी. के. शशिकला के खिलाफ सालों पहले संघर्ष किया था और वह तथा पलानीस्वामी - दोनों धड़े एक साथ हो गए थे। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि मौजूदा संघर्ष में, इस तरह के कदमों के नतीजे अनिश्चित हैं। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी भी अब तमिलनाडु में आक्रामक है और उसने अन्नाद्रमुक की आपसी कलह को लेकर अभी तक अपना रुख साफ नहीं किया है। तीन बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद 2017 में पनीरसेल्वम उपमुख्यमंत्री बनने के लिए तैयार हो गए थे। पिछले साल विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम की जीत के बाद, उन्होंने विधानसभा में पार्टी का उपनेता बनने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया था जबकि पलानीस्वामी विपक्ष के नेता बने।

## उदयपुर हत्याकांड के अभियुक्त के साथ संबंधों के आरोपों पर रुख स्पष्ट करें भाजपा नेता: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के अभियुक्त के उनकी पार्टी के साथ संबंध होने के आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। गहलोत ने इस हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त के भाजपा नेताओं के साथ कथित संबंधों की मीडिया रिपोर्ट की ओर इशारा करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त के किनसे संबंध हैं.. उसके भाजपा के साथ किस रूप में और किस स्तर के संबंध रहे हैं, सबको यह मालूम है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हाल में खबर आई कि इस कांड का मुख्य अभियुक्त जिस किराए के कमरे में रहता था, उसके मकान मालिक ने पुलिस में शिकायत की थी कि वह (आरोपी) उसे तंग करता है। गहलोत ने कहा कि मकान मालिक ने शिकायत की थी कि पता नहीं कौन-कौन लोग मेरे (मकान मालिक के) घर पर आते हैं[8230] धमकाते हैं और वे किराया नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ पुलिस कार्वाई से पहले ही भाजपा नेताओं ने थाने में फोन कर दिया कि वह (आरोपी) उनका कार्यकर्ता है, इसलिए उसे तंग न किया जाए। गहलोत ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि भाजपा नेताओं को इन आरोपों पर अपना जवाब देना चाहिए और स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा, [8230] जिस व्यक्ति ने इतना जघन्य अपराध किया है, वह किन लोगों की गोद में बैठा हुआ था[8230] उसके किन लोगों के साथ संबंध थे, यह बात जगजाहिर हो चुकी है।

# श्रीलंका में सर्वदलीय सरकार बनाने की कवायद

## ● राजनीतिक दलों ने उठाए कदम



भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका के** राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने अपनी घोषणा के अनुसार बुधवार को इस्तीफा देने के अपने इरादे की पुष्टि की, वहीं श्रीलंका के राजनीतिक दलों ने सर्वदलीय सरकार बनाने तथा 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव करने की दिशा में सोमवार को कदम उठाए ताकि देश को और अराजकता की ओर बढ़ने से रोका जा सके। श्रीलंका के राष्ट्रपति राजपक्षे ने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को बताया कि वह 13 जुलाई को इस्तीफा दे देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुछ दिन पहले ही प्रदर्शनकारी देश के आर्थिक संकट को संभाल नहीं पाने पर दोनों नेताओं के घरों में घुस गए थे। प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि नई सर्वदलीय अंतरिम सरकार बनते ही समूचा मंत्रिमंडल इस्तीफा दे देगा और नई सरकार को अपनी जिम्मेदारी सौंप देगा। राष्ट्रपति राजपक्षे और प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे के इस्तीफा देने पर सहमत होने के बाद विपक्षी दलों ने रविवार को वार्ता की और सर्वदलीय अंतरिम सरकार बनाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि मंत्रिमंडल के सभी सदस्य नई सर्वदलीय सरकार बनते ही अपनी जिम्मेदारी सौंपने पर सहमत हो गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, चर्चा में भाग लेने वाले सभी मंत्रियों की राय थी कि जैसे ही सर्वदलीय सरकार बनाने का समझौता होता है, वे उस सरकार को अपनी जिम्मेदारी सौंपने के लिए तैयार हैं। राजपक्षे ने शनिवार को एक अज्ञात स्थान से संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने को सूचित किया कि वह बुधवार को इस्तीफा दे देंगे। इससे पहले हजारों प्रदर्शनकारी कोलंबो के उच्च सुरक्षा वाले फोर्ट इलाके में राष्ट्रपति आवास में घुस गए थे और उन्होंने राष्ट्रपति के पद छोड़ने की मांग की। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को सूचित किया है कि वह पहले की घोषणा के मुताबिक इस्तीफा देंगे। श्रीलंका की संसद 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव करेगी। संसद अध्यक्ष अभयवर्धने ने सोमवार को यह घोषणा की। यह फैसला आज हुई एक महत्वपूर्ण सर्वदलीय बैठक में लिया गया। राजपक्षे का इस्तीफा प्राप्त करने के बाद 15 जुलाई को संसद की बैठक होगी और राष्ट्रपति पद रिक्त होने की घोषणा की जाएगी। इसके बाद राष्ट्रपति पद के नामांकन प्राप्त करने के लिए 19 जुलाई को सत्र फिर आयोजित किया जाएगा।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति राजपक्षे 13 जुलाई को देंगे इस्तीफा, आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री को दी जानकारी

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को बताया कि वह 13 जुलाई को इस्तीफा दे देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। श्रीलंका के राष्ट्रपति राजपक्षे ने कहा कि वह बुधवार को इस्तीफा दे देंगे। राष्ट्रपति राजपक्षे ने इस्तीफे की घोषणा ऐसे समय में कि जब प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को उनके आधिकारिक आवास पर धावा बोल दिया था और देश के गंभीर आर्थिक संकट से निपटने में नाकाम रहने पर उनसे पद छोड़ने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान मे कहा, राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को बताया कि वह 13 जुलाई को इस्तीफा दे देंगे। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में व्यापक स्तर पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे ने नौ मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

## ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस प्रधानमंत्री पद की दौड़ में हुईं शामिल

**लंदन।** ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और नए प्रधानमंत्री के तौर पर बोरिस जॉनसन की जगह लेने की दौड़ में सोमवार को विदेश मंत्री लिज ट्रस ने भी दावेदारी पेश कर दी ।भारतीय मूल के ब्रिटिश तथा पूर्व मंत्री ऋषि सुनक भी इस शीर्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में ट्रस के सहायक मंत्री रहे रहमान चिश्ती भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं। वह ब्रिटेन में जन्मे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद के बाद इस पद की स्पर्धा में शामिल हुए पाकिस्तानी मूल के दूसरे मंत्री हैं। प्रधानमंत्री पद के लिए अब तक 11 लोग दावेदारी पेश कर चुके हैं जिनमें भारतवंशी अटॉर्नी जनरल सुएला ब्रेवरमैन, इराकी मूल के नादिम जहावी, नाइजीरियाई मूल की केमी बेदानोक, कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य टॉम टुगैनडैट, पूर्व विदेश मंत्री जेरेमी हंट, व्यापार मंत्री पेनी मोरडॉंट और परिवहन मंत्री ग्रांट शेप्स भी शामिल हैं।

## रूसी हमले पूरी तरह से आतंकवाद : यूक्रेन

**खारकीव।** रूस की सेना ने सोमवार को तड़के यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव को मिसाइलों से निशाना बनाया। स्थानीय प्रशासक ने हमलों को पूरी तरह से आतंकवाद करार दिया। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओले सिनेहुबोव ने टेलीग्राम पर कहा कि रूसी सेना ने पूर्वोत्तर शहर पर तीन मिसाइलें दागीं और इनसे केवल नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। सिनेहुबोव ने कहा, सभी (तीनों) मिसाइलें विशेष रूप से नागरिक बहुल इलाकों पर दागी गईं। यह पूरी तरह से आतंकवाद है। उन्होंने कहा कि एक मिसाइल ने एक स्कूल को नष्ट कर दिया, दूसरी ने एक आवासीय भवन को तबाह किया, जबकि तीसरी मिसाइल एक गोदाम के पास गिरी। उन्होंने कहा कि नवीनतम सूचना यह है कि हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दो दिन पहले रूस का एक रॉकेट पूर्वी यूक्रेन में अपार्टमेंट इमारत पर गिरा था जिसमें कम से कम 19 लोग मारे गए थे। उन्होंने बताया कि कुल आठ लोगों को बचाया गया। शनिवार देर रात के हमले में चासिव यार नगर के एक आवासीय इलाके में तीन इमारतें नष्ट हो गईं। उनमें रहने वाले ज्यादातर लोग पास के कारखानों में काम करते हैं।

## बम विस्फोट की साजिश रचने के दोषी अलकायदा आतंकवादी के पिता को अमेरिका से अफगानिस्तान भेजा गया

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क मेट्रो को 2009 में बम से उड़ाने की साजिश रचने के दोषी अलकायदा के एक आतंकवादी के पिता को अमेरिका से अफगानिस्तान भेज दिया गया है। मोहम्मद वली ज़ाज़ी (66) को फरवरी 2012 में वीज़ा धोखाधड़ी, न्याय में बाधा डालने आदि का दोषी ठहराया गया था। एक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट (आईसीई)के इंफोर्समेंट एंड रिमूवल ऑपरेशंस (ईआरओ) डेनवर फील्ड ऑफिस ने 13 जून को ज़ाज़ी को देश से अफगानिस्तान भेज दिया।

ज़ाज़ी का बेटा, नजीबुल्लाह ज़ाज़ी अलकायदा से जुड़ा है और उसे 2009 में न्यूयॉर्क मेट्रो पर बमबारी की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था।

ज़ाज़ी अगस्त 1990 में अमेरिका आया था और अक्टूबर 2007 में यहां का नागरिक बन गया था। न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायाधीश द्वारा फरवरी 2012 में उसे दोषी ठहराया गया था और उसे 54 महीने की कैद की सजा सुनाई गई थी। ज़ाज़ी की नागरिकता नवंबर 2018 में समाप्त कर दी गई थी।

## फ्रांस विश्वास मत फ्रांस की संसद के निचले सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**पेरिस।** फ्रांस के सांसदों ने सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की जिसे पेश करने का अनुरोध वाम गठबंधन ने किया है। प्रस्ताव के जरिए वाम गठबंधन सरकार और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की आर्थिक नीतियों के प्रति अपना विरोध जताना चाहता है। वाम गठबंधन नुप्स ने हाल के संसदीय चुनाव के बाद प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न के नेशनल असेंबली में पहले बड़े भाषण के मद्देनजर औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का अनुरोध किया। इस प्रस्ताव को सांसदों द्वारा स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है, क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव को मंजूरी के लिए आधे से अधिक सांसदों (कम से कम 289 सांसदों) से मंजूरी मिलनी चाहिए। इसका मतलब यह है कि अगर कई विपक्षी सांसद अनुपस्थित रहते हैं, जबकि मैक्रों के गठबंधन के सदस्य इसके खिलाफ मतदान करते हैं, तो 289 की सीमा तक नहीं पहुंचा जा सकता। संसद के निचले सदन में 147 सांसदों के साथ नुप्स सबसे बड़ा विपक्षी गठबंधन है।

## लेबनान में मारा गया सऊदी अरब के एक विपक्षी दल का नेता

भाषा। बेरूत

**सऊदी** अरब के एक विपक्षी दल ने रविवार को कहा कि लेबनान की राजधानी बेरूत में उसके एक संस्थापक सदस्य की हत्या कर दी गई। नेशनल असेंबली पार्टी ने कहा कि उसके संस्थापक सदस्य माने अल-यामी संदिग्ध परिस्थितियों में मारे गए हैं। पार्टी ने एक बयान में कहा , हत्या की खबर के बाद से पार्टी और जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। पार्टी इस देश के लोगों को खतरे में डालने, उन्हें निर्वासन में और असुरक्षित वातावरण में रहने के लिए मजबूर करने के लिए सऊद्दी अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराती है। लेबनान के आंतरिक सुरक्षा बलों ने एक बयान जारी कर कहा कि अल-यामी के दो भाइयों ने शनिवार शाम दक्षिणी बेरूत के उपनगर दहियाह में चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी।

# जापान में सत्तारूढ़ दल को चुनाव में भारी जीत

भाषा। तोक्यो

**जापान की** सत्तारूढ़ पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगी को रविवार को हुए संसदीय चुनाव में भारी जीत हासिल हुई है। लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसकी सहयोगी कोमैतो को 248 सदर्स्इय सदन में 146 मत हासिल हुए जो बहुमत के आंकड़े से काफी अधिक हैं।

इस जीत से स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री फूमिओ किशिदा वर्ष 2025 तक पद पर बने रहेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा दीर्घकालिक नीतियों पर काम जारी रखेंगे। संसद के उच्च सदन के लिए हुए चुनाव में भारी जीत मिलने पर किशिदा ने सबका आभार व्यक्त किया, लेकिन इस दौरान वह गमगीन दिखाई दिए। आबे की हत्या से उबरने और पार्टी को एकजुट रखने की बड़ी जिम्मेदारी उन पर है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, पार्टी की एकता किसी भी चीज़ से अधिक ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से निपटना, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से जुड़े मसले और बढ़ती कीमतें उनकी प्राथमिकताएं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह संविधान में सुधार की दिशा में तेजी से काम करेंगे। आबे की हत्या और उसके बाद हुए चुनाव के परिणामों के नए मायने हैं। देश के सभी नेताओं ने अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र को हिंसा से बचाने की जरूरत पर जोर दिया है। किशिदा ने कहा, हम चुनाव जीते, इसके काफी मायने हैं। लोकतंत्र को बचाने की हमारी कोशिश जारी रहेगी। गौरतलब है कि जापान के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार आबे की शुक्रवार को एक चुनाव सभा के दौरान भाषण देते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माने जाने वाले जापान में इस घटना ने लोगों को स्तब्ध कर दिया, जहां बंदूक नियंत्रण संबंधी कड़े कानून हैं। आबे (67) पर देश के पश्चिमी हिस्से के नारा में भाषण शुरू करने के कुछ मिनटों बाद हमलावर ने गोली चलाई थी। आबे को विमान से एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी सांस नहीं चल रही थी और उनकी हृदय गति तब तक रुक चुकी थी।

### ब्लिंकन ने आबे की मृत्यु पर जताया शोक

**तोक्यो।** सप्ताहांत के दौरान हुए चुनावों में मिले नए जनादेश से उत्साहित जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की, जिन्होंने प्रभावशाली दिवंगत नेता शिंजो आबे की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और एक मजबूत द्विपक्षीय गठबंधन का आश्वासन दिया। किशिदा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसकी सहयोगी कोमैतो को 248 सदर्स्इय सदन में 146 सीटों पर जीत हासिल हुई जो बहुमत के आंकड़े से काफी अधिक हैं। इस जीत से स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा वर्ष 2025 तक पद पर बने रहेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा दीर्घकालिक नीतियों पर काम जारी रखेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को गोली लगने के समय 20 विदेश मंत्रियों के समूह की बैठक जी-20 में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया में थे। उन्होंने किशिदा को राष्ट्रपति जो बाइडन का एक पत्र आबे के परिवार के लिए सौंपा। ब्लिंकन ने किशिदा से कहा हम बस उन्हें यह बताना चाहते हैं कि हम व्यक्तिगत स्तर पर भी इस नुकसान की गहराई को महसूस करते हैं। उन्होंने कहा दरअसल मैं यहां इसलिए हूं क्योंकि अमेरिका और जापान सहयोगी से कहीं अधिक हैं- हम दोस्त हैं। ब्लिंकन ने कहा आबे ने अमेरिका और जापान के बीच संबंधों को नई उंचाइयों पर ले जाने के लिए बहुत काम किया।



## करदाताओं के लिए डीआईएन की इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली लाने की अपील पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने करदाताओं को राज्य कर अधिकारियों की तरफ से भेजी जाने वाली सभी सूचनाओं के लिए एक दस्तावेज पहचान संख्या (डीआईएन) इलेक्ट्रॉनिक ढंग से जारी करने की व्यवस्था लागू करने की जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। डीआईएन सरकार की तरफ से करदाताओं को भेजी जाने वाली सभी तरह की सूचनाओं के साथ अंकित 20 अंक का एक पहचान कोड होता है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति बी एन नागरत्न की पीठ ने सोमवार को जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा। वित्त मंत्रालय, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), जीएसटी परिषद और अन्य से जवाब दाखिल करने को कहा गया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रदीप गोयल ने एक जनहित याचिका दायर कर यह अपील की है

## खानों की सफल नीलामी करने वाले राज्यों को प्रोत्साहन देगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कहा कि खानों की सफल नीलामी करने और संभावित खनिज ब्लॉकों की पहचान करने वाले राज्यों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, यह प्रोत्साहन उन राज्यों को दिया जाएगा जिन्होंने संभावित खनिज ब्लॉकों को चिह्नित किया है। यह कदम अन्य राज्यों को भी खनन क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने सोमवार को यहां खान मंत्रालय के आजादी का अमृत महोत्सव सप्ताह का उद्घाटन करने के दौरान यह बात कही। खान मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, जोशी ने कहा कि सफल राज्यों को कल राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खान तथा खनिज सम्मेलन के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।


## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एमसीएलआर में 0.35 प्रतिशत तक कटौती की

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने सोमवार को कहा कि उसने विभिन्न अवधि के लिए सीमांत लागत पर आधारित उधार दर (एमसीएलआर) में 0.35 प्रतिशत तक कटौती की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शेयर बाजार को बताया कि एमसीएलआर की समीक्षा 11 जुलाई 2022 से प्रभावी है। बैंक ने कहा कि एक साल की अवधि के एमसीएलआर को 7.70 प्रतिशत से घटाकर 7.50 प्रतिशत कर दिया गया है, जो ज्यादातर उपभोक्ता ऋणों के लिए मानक है। इसी तरह, छह महीने की अवधि के लिए एमसीएलआर में 0.20 प्रतिशत की कमी हुई है और यह अब 7.40 प्रतिशत है। बैंक ने बताया कि तीन महीने की अवधि के लिए दर को 0.35 प्रतिशत घटकर 7.20 प्रतिशत कर दिया गया है।

## चीन में पहली छमाही में कारों की बिक्री 3.4 प्रतिशत की सुस्त रफ्तार से बढ़ी

**बीजिंग।** चीन में 2022 की पहली छमाही के दौरान कारों की बिक्री में सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, यह उम्मीद से कम रफ्तार से बढ़ी है। उद्योग के अनुसार, जून में कार बिक्री ने रफ्तार पकड़ी है। चीन के वाहन विनिर्माताओं के संघ (सीएएएम) के अनुसार, जनवरी-जून के दौरान चीन में कारों की बिक्री बढ़कर 1.04 करोड़ इकाई पर पहुंच गई। वहीं, जून 2022 में यह सालाना आधार पर 41.2 प्रतिशत बढ़कर 22 लाख इकाई रही। सीएएएम ने सोमवार को बताया कि कोविड-19 महामारी संबंधी प्रतिबंधों में ढील के बाद कारों की बिक्री में सुधार आया है। आंकड़ों के अनुसार, ट्रक और बस समेत कुल वाहन बिक्री मौजूदा वर्ष की पहली छमाही में 6.6 प्रतिशत घटकर 1.21 करोड़ इकाई रही। जबकि जून, 2022 में कुल वाहन बिक्री 23.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25 लाख इकाई पर पहुंच गई।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 87 अंक टूटा



भाषा। मुंबई

## ● आईटी कंपनियों में रही गिरावट

**शेयर बाजार में** पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लग गया और दोनों मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच टीसीएस के वित्तीय परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने से सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के बीच बाजार नीचे आया। डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी जोखिम क्षमता पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स नुकसान के साथ खुला। लेकिन दोपहर कारोबार में तेज लिवाली देखी गई। हालांकि यह तेजी कायम नहीं रही और मानक सूचकांक अंत में 86.61 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,395.23 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 4.60 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 16,216 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल को सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत का नुकसान हुआ। टीसीएस का वित्तीय परिणाम बाजार की उम्मीदों के अनुरूप नहीं होने से इसका शेयर 4.64 प्रतिशत टूट गया। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक टीसीएस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 5.2 प्रतिशत बढ़कर 9,478 करोड़ रुपए रहा। सालाना वेतनवृद्धि ओर पदोन्नति से कंपनी के मार्जिन पर असर पड़ा। टीसीएस का अन्य आईटी कंपनियों पर भी असर पड़ा। एचसीएल टेक, इन्फोसिस, विप्रो और टेक महिंद्रा 4.10 प्रतिशत तक नीचे आए। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज लैब, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। इनमें 3.04 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार का ध्यान अब कंपनियों के तिमाही नतीजों पर है।

## सेबी ने भेदिया कारोबार में इस्तेमाल होने वाले फर्जी खातों पर कसा शिकंजा

भाषा। नई दिल्ली

**बाजार नियामक** सेबी ने नवीनतम प्रौद्योगिकी की मदद से बड़ी संख्या में भेदिया कारोबार के मामलों का खुलासा किया है। ऐसे मामलों में फर्जी खातों का इस्तेमाल किया जा रहा है। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि नियामक अब मुख्य दोषियों को पकड़ने की प्रक्रिया में है, जिनमें से कई पूंजी बाजार और कॉरपोरेट जगत के बड़े नाम हो सकते हैं। हाल के महीनों में भेदिया कारोबार से संबंधित मामलों पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कई आदेश जारी किए हैं। इसके लिए कुछ लोगों ने कोविड-19 महामारी में घर से काम के दौरान बाजार मध्यवर्तियों मसलन ब्रोकरों और म्यूचुअल फंड द्वारा निगरानी के मोर्चे पर कथित चूक को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि ज्यादातर आदेश बेहद कम समय में पारित किए गए, और इसका मुख्य कारण सेबी द्वारा निगरानी तंत्र में नवीनतम प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल है। ऐसे में सेबी की निगरानी लगभग 100 गुना अधिक प्रभावी हो गई है। एक सूत्र ने समझाया, हम उच्च प्रौद्योगिकी वाले एल्गोरिदम, कृत्रिम मेधा, बिग डेटा और बहुत कुछ का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, हम अब सभी डेटा सेट का अधिक कुशलता से और बहुत तेज गति से विश्लेषण कर सकते हैं। हम डेटा विश्लेषण से बहुत स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि भेदिया कारोबार हो रहा है या नहीं, लेकिन अब भी अपराधियों का दोष साबित करने में वक्त लग रहा है। एक अन्य सूत्र ने कहा, समस्या यह है कि धोखेबाज भी नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। वे सामान्य फोन कॉल और संदेशों का उपयोग नहीं कर रहे हैं, क्योंकि कॉल डेटा के रिकॉर्ड से आसानी से संबंध स्थापित किए जा सकते हैं। वे सभी उन्नत मैसेजिंग मंच का उपयोग कर रहे हैं, जो पूरी तरह से कूट रूप में हैं और इसलिए हमें संबंध स्थापित करने के अन्य तरीकों पर विचार करना होगा।

## पेटीएम का ऋण वितरण नौ गुना बढ़कर 5,554 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** डिजिटल वित्तीय सेवा फर्म पेटीएम का ऋण वितरण अप्रैल-जून तिमाही मे लगभग नौ गुना बढ़कर 5,554 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस दौरान 84.78 लाख लेनदेन हुए और ऋण वितरण की वार्षिक दर 24,000 करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई। कंपनी ने एक साल पहले की इसी अवधि में कुल 632 करोड़ रुपए के 14.33 लाख ऋण दिए थे। कंपनी ने कहा कि जून 2022 तिमाही के दौरान उसके द्वारा दिए गए ऋण की संख्या सालाना आधार पर 492 प्रतिशत बढ़कर 85 तक पहुंच गई।

## घरेलू दवा उद्योग के 8-11 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीदः अल्केम लैब

**नई दिल्ली।** अल्केम लैबोरेट्रीज ने कोविड-19 महामारी के बाद गतिविधियों के सामान्य होने के बीच घरेलू दवा फार्मा उद्योग के आठ से 11 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई है। अल्केम ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 मे कहा कि मुद्रास्फीतिक दबाव और नियामकीय नियमो मे बदलाव जैसे पहलू बाजार की वृद्धि के रास्ते मे प्रमुख जोखिम होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, अनुकूल जनसांख्यिकी, बढ़ती आय और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की बढ़ती पहुंच के साथ घरेलू दवा उद्योग मे अपार संभावनाएं है।

## लगातार तीसरी तिमाही में भारतीय कंपनियों का मुनाफा मार्जिन घटने की आशंका

### ● क्रिसिल ने कहा

भाषा। मुंबई

**भारतीय** कंपनियों का मुनाफा मार्जिन लगातार तीसरी तिमाही (अप्रैल-जून-2022) में घटने की आशंका है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक इकाई ने सोमवार को यह बात कही। क्रिसिल रिसर्च ने वित्तीय सेवाओं और तेल तथा गैस क्षेत्र को छोड़कर 300 कंपनियों का विश्लेषण करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला। एजेंसी ने कहा कि जून तिमाही के लिए परिचालन मुनाफा मार्जिन में सालाना आधार पर 2-3 प्रतिशत अंक की गिरावट आ सकती है। इस दौरान 47 क्षेत्रों में से लगभग आधे में मार्जिन घटने की आशंका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों के राजस्व में सालाना आधार पर 30 फीसदी की अच्छी वृद्धि दर्ज का अनुमान है। ऐसा कीमतों में बढ़ोतरी और मामूली रूप से मात्रा में हुई वृद्धि के चलते है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान भू-राजनीतिक तनाव और भारतीय रुपए में रिकॉर्ड गिरावट जैसे विपरीत हालात का सामना करना पड़ा। इसका असर तिमाही नतीजों पर पड़ा। एजेंसी ने कहा कि निर्माण से जुड़े क्षेत्रों में परिचालन लाभ मार्जिन में सबसे अधिक 9.90 प्रतिशत से अधिक की गिरावट की आशंका है। इसके बाद निवेश से जुड़े खंड में 2.60 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ सकती है।

## चमड़ा निर्यात चालू वित्त वर्ष में छह अरब डॉलर को पार कर जाएगाः सीएलई

भाषा। नई दिल्ली

**वैश्विक** बाजारों में चमड़े के उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण वर्ष 2022-23 में देश से चमड़े और चमड़े के उत्पादों का निर्यात बढ़कर छह अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। सीएलई ने सोमवार को यह जानकारी दी। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के अध्यक्ष संजय लीखा ने कहा कि महामारी के कारण वैश्विक बाजार की गतिशीलता में बदलाव आया है और इस क्षेत्र के लिए निर्यात के बड़े अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार के उभरते अवसरों के साथ ही व्यापार समझौतों और सरकार के सक्रिय समर्थन से इस साल के बाकी महीनों में निर्यात वृद्धि तेज बनी रहेगी। लीखा ने कहा, इन कारकों को ध्यान में रखते हुए, उद्योग को इस साल छह अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात मूल्य को पार करने का भरोसा है। वित्त वर्ष 2021-22 में इस क्षेत्र से निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़कर 4.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

# परमेश्वरन ने नीति आयोग के सीईओ का कार्यभार संभाला



भाषा। नई दिल्ली

**स्वच्छ भारत** मिशन के कार्यान्वयन की अगुवाई करने वाले परमेश्वरन अय्यर ने सोमवार को नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार अय्यर ने सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के साथ काम किया है। वह उत्तर प्रदेश कैडर के 1981 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। अय्यर 2016-20 के दौरान पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय में सचिव थे। बयान में कहा गया, जल और स्वच्छता क्षेत्र में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ अय्यर ने भारत के 20 अरब डॉलर के स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन का नेतृत्व किया, जिसने 55 करोड़ लोगों को सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच प्रदान की। बयान के मुताबिक, अय्यर ने कहा कि वह नीति आयोग के सीईओ के रूप में देश की सेवा करने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। अय्यर ने यह भी कहा कि वह एक नए भारत की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करने का एक और मौका देने के लिए उनके आभारी हैं।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Mahindra Kumar Chawla S/o Damodar Dass Chawla, Cont. 9810720499, Email: advocate12nm@gmail.com, R/o. 15/38, 2nd Floor Old Rajinder Nagar New Delhi, is the owners of DDA Plot No-342, Block-A Pocket-02 Sector-34 Areameasuring-60.00 AQ Mtrs Rohini Delhi in INA Market New Delhi, has applied conversion of aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. Original Demand Letter, DDA Possession Letter, Site Possesssion Slip, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 19/06/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB Rohini) C - block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

Notice of withdrawal of 'WILL' from the partnership deed dt. 8/9/2016 and dissolution of firm "M/s J.J Home Decor" situated at SCO-40, Ground Floor, HUDA, Market, Sector-56, Gurugram, Haryana created therefrom; by the applicant, with effect from - 6/7/2022.

The applicant invites for settlement of issues from public, if any.

The applicant shall not entertain any unclaimed issue after 11/8/2022.

**For further query contact +91 9996742417.**

Applicant
Karan Jawa
Partner
M/s JJ Home Decor
Advocate
Sukreet Singh

# एक्सप्रेस-वे से बदलेगी बुंदेलखंड के विकास की तस्वीर

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों के साथ मीटिंग में कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के दिये निर्देश



**उरई** (जालौन)। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैलीकाप्टर से पहुंचे जहां पर उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की साथ ही 16 जुलाई को प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों के बारे में जायजा लिया। इसीक्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कैथेरी में बने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पर पहुंचकर उन्होंने प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 16 जुलाई को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करना है। निरीक्षण करने के बाद एक्सप्रेस वे के टोल प्लाजा पर ही मीटिंग हॉल में शासन तथा जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई संबंधित को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने की पूरी कोशिश की जाए। एक्सप्रेस वे बुंदेलखंड के विकास के लिए नया आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पिछड़ा इलाका माने जाने वाले बुंदेलखंड को यह एक्सप्रेस-वे मील का पत्थर साबित होगा। चित्रकूट से दिल्ली की दूरी मात्र 6 घंटे में तय की जा सकेगी इस एक्सप्रेस-वे से बुंदेलखंड के साथ ही साथ कानपुर तथा उससे जुड़े प्रदेश के अन्य नगरों को भी बड़ी उड़ान मिलेगी। प्रधानमंत्री के आगमन पर बुंदेलखंडी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास की धुरी बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा 16 जुलाई को किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने फरवरी 2020 में इस एक्सप्रेस की आधारशिला रखी थी मार्च 2020 में कोरोना आने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश सरकार ने समय सीमा के पहले ही बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर लिया है यह लगभग 300 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन 16 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा पूरे देश के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ करेंगे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जालौन, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, बांदा आदि जनपद में इंडस्ट्रियल क्लस्टर भी विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन कोरिडोर प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी परियोजना है इसके दो महत्वपूर्ण जिले चित्रकूट और झांसी बुंदेलखंड में आते हैं। एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड के विकास की आधारशिला तो बनेगी ही विकास के अभियान के साथ-साथ देश की राजधानी से जोड़कर और भी आसान बनाने का काम होगा। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घघाटन करेंगे जिसको भव्य और दिव्य बनाने के लिए मीटिंग में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूक्ष्म एवं मध्यम राज्यमंत्री भानु प्रसाद वर्मा, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, एडीजी जोन कानपुर भानु भास्कर, मंडलायुक्त अजय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार आदि जनप्रतिनिधि सहित मौजूद रहे।

## ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक जुबैर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

**लखीमपुर खीरी** । लखीमपुर खीरी की एक अदालत ने ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को दुश्मनी को बढ़ावा देने के 2021 में दर्ज एक मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है। सहायक अभियोजन अधिकारी अवधेश यादव ने सोमवार को बताया कि मोहम्मद जुबैर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) की अदालत में पेश किया गया और उन्हें 11 जुलाई से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष ने 14 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की थी, और जुबैर के अधिवक्ता ने इसके खिलाफ दलीलें पेश की। यादव ने कहा कि जुबैर मोहम्मद के पुलिस रिमांड पर सुनवाई के लिए अदालत ने 13 जुलाई की तारीख मुकर्र की है। ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को सीतापुर में दर्ज एक मामले में उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के तुरंत बाद लखीमपुर पुलिस ने एक अन्य मामले में शुक्रवार को वारंट तामील कराया था।

## मोहिनी चाय का ट्रिपल धमाका ड्रा 2022 संपन्न



**कानपुर।** मोहिनी टी लीव्स प्र. लि. की ओर से सोमवार को डिस्ट्रीब्यूटरों के लिए चलाई गई मोहिनी टी विटर ईनामी धमाका स्कीम का लकी ड्रा संपन्न हुआ। इसमें यूपी और उत्तराखंड के लगभग ल400 से अधिक वितरकों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम पुरस्कार रिनाल्ट क्विड, दूसरे में गोल्ड नेकलेस और तीसरा ईनाम स्पिल्ट एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, फूड प्रोसेसर व अन्य पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के निदेश दिनेश चंद्र एवं सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। इस दौरान मुख्यय अतिथि पुलिसस कमिश्नर विजय सिंह मीना ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंत कंपनी के निदेशकों ने विजेता वितरकों को बधाई दी।

## पहली तिमाही में 8.5 मिलियन ऋण वितरित किए

**लखनऊ।** डिजीटल भुगतान और वित्तीय सेवा कम्पनी पेटीएम ने वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही के लिए अपने मासिक व्यापार संचालन प्रदर्शन अपडेट साझा किया है। कम्पनी का ऋण व्यवसाय अब 24ए000 करोड़ रुपए से अधिक की वार्षिक रन रेट से बढ़ रहा हैए जिसमें जून को समाप्त तिमाही में 8०5 मिलियन ऋण ;वर्ष.दर.वर्ष 492 प्रतिशत वृद्धि वितरित किए गए हैं। यह 5ए554 करोड़ रुपये ;703 मिलियन अमेरिकन डॉलर से अधिकद्ध के ऋण मूल्यए के समान है जो कि वर्ष दर वर्ष 779 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।पेटीएम के अनुसार उसने जून 2022 तक 3०8 मिलियन से ज्यादा डिवाइसेज को लागू कर ऑफ़लाइन भुगतान में अपने नेतृत्व को और मजबूत किया है। कम्पनी ने जून 2022 को समाप्त तिमाही में औसत मासिक लेनदेन करने वाले उपयोगकर्ताओं ;एमटीयूद्ध के साथ अपने उपयोगकर्ता जुड़ाव में 74०8 मिलियन की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है जो कि 49 प्रतिशत की वर्ष.दर.वर्ष वृद्धि को प्रदर्शित करता है। अकेले जून महीने में यह एमटीयू 75०9 मिलियन रहा। इसी प्रकार आलोच्य तिमाही के लिए सकल व्यापारिक मूल्य ;जीएमवीद्ध भी 2०96 लाख करोड़ रुपए ;37 बिलियन डॉलरद्ध रहा जो 101 प्रतिशत वर्ष.दर.वर्ष वृद्धि को दर्शाता है।

### जारी गांव में मातम माहौल

## मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख आर्थिक मदद का ऐलान



**बांदा।** तहसील के जारी गांव में रविवार के दिन शोक का मातम माहौल सन्नाटा पसरा । पुलिसके मुताबिक चित्रकूट के रौली कल्याणपुर गांव में बारात के दौरान सड़क हादसे में चार लोगों की मौत के बाद उनकी अंतिम विदाई का। हादसे में जारी गांव के रहने वाले चार लोगों की मौत हो गई थी। मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो.दो लाख रुपए की आर्थिक मदद करने का ऐलान किया है।रविवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जिलाधिकारी अनुराग पटेल भी मातहतों के साथ जारी गांव पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। बता दें कि जारी गांव से रौली कल्याणपुर गई बारात के दौरान शनिवार की सुबह तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बारातियों को रौंद दिया था। जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी और दो बाराती घायल हो गए थे। मृतकों में नरेश पुत्र शिवरतनए रामरूप पुत्र रामप्यारेए रोहित उर्फछक्का पुत्र मातादीनए भानू पुत्र बच्चू जारी गांव के निवासी थे। शनिवार की दोपहर जब चारों शव गांव पहुंचे तो शोक की लहर दौड़ गई। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने गांव में पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना जताई। डीएम ने कहा कि सरकार की ओर से दी जाने वाली समस्त आर्थिक सहायता मृतकों के परिजनों तक शीघ्र ही पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार सदर पुष्पकए सहायक श्रमायुक्त राजेश गुप्ताए राजस्व निरीक्षक व लेखपाल सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

### बोले ओमप्रकाश राजभर, पूछेंगे अखिलेश से

## यशवंत सिन्हा के कार्यक्रम में हमें क्यों नहीं बुलाया



**राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 18 जुलाई को होना है, मतदान में सुभासपा की भूमिका को लेकर असमंजस बना हुआ है क्योंकि पार्टी प्रमुख ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं**

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को कहा कि वह सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात करके पूछेंगे कि विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित क्यों नहीं किया गया। राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 18 जुलाई को होना है। मतदान में सुभासपा की भूमिका को लेकर असमंजस बना हुआ है क्योंकि पार्टी प्रमुख ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उनकी नजदीकी की अटकलें तेज हो गई हैं और यह भी कयास लग रहे हैं कि राजभर सपा से दूर हो सकते हैं। सोमवार को राजभर ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकार के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर उनके पिता के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। सुभासपा अध्यक्ष ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि वह अखिलेश यादव से मुलाकात करना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने रविवार को सपा नेता उदयवीर सिंह (अखिलेश यादव के करीबी) से फोन पर बात की और उन्हें अखिलेश से मुलाकात व बातचीत की अपनी मंशा से अवगत कराया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की बृहस्पतिवार को पत्रकार वार्ता हुई थी। सपा ने इस पत्रकार वार्ता में गठबंधन के एक अन्य सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत सिंह को तो बुलाया था, लेकिन सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर इसमें नजर नहीं आए थे। राजभर ने कहा कि वह सपा प्रमुख से मिलकर यह जानना चाहते हैं कि आखिरकार उन्हें विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के कार्यक्रम में आमंत्रित क्यों नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि वह 12 जुलाई तक अखिलेश के रुख का इंतजार करेंगे और फिर अपने निर्णय की घोषणा करेंगे।

उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इंकार किया। राजभर ने कहा कि चुनाव में अभी समय है। हालांकि उन्होंने मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि वह राजनीति में अति दलित व पिछड़े वर्ग की लड़ाई लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर बी आर आंबेडकर, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मंशा थी कि राजनीति में हाशिए पर रहे लोगों को आगे लाया जाए। यह पूछे जाने पर कि क्या वह द्रौपदी मुर्मू की प्रशंसा कर राजग उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रहे, राजभर ने कहा कि जो सही है, वह वही बोल रहे हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राजग के सांसदों और विधायकों से अपने लिए समर्थन मांगा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पांच कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर मुर्मू के सम्मान में रात्रिभोज आयोजित किया था, जिसमें भाजपा के सहयोगी दलों के नेताओं के अलावा ओमप्रकाश राजभर भी शामिल हुए थे। हालांकि, बाद में राजभर ने दावा किया था कि वह मुर्मू के बुलावे पर गए थे। शनिवार को बलिया में सुभासपा नेता ने सपा से गठबंधन को लेकर यह भी कहा था हमारी तरफ से कोई दरार नहीं है। सुभासपा गठबंधन धर्म के निर्वहन के लिए कटिबद्ध है। हम सपा के साथ गठबंधन में हैं और रहेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अगर गठबंधन तोड़ेंगे, तब फिर हम निर्णय करेंगे।

उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में राजभर की पार्टी के छह विधायक हैं। उन्होंने हाल ही में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव सपा के नेतृत्व वाले विपक्षी समूह के सहयोगी के रूप में लड़ा था। 2017 के विधानसभा चुनाव में सुभासपा, भाजपा के साथ थी और राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद सत्ता में शामिल भी हुई थी लेकिन बाद में पार्टी सरकार से अलग हो गई थी। राजभर ने पिछले सोमवार को जारी एक बयान में यह भी दावा किया था कि वह 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ ही रहेंगे। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि योगी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में भाजपा ने सिर्फ नफरत फैलाने का काम किया है। राजभर ने सोमवार को परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह से मुलाकात की। वह बिहार के बक्सर जिले में स्थित सिंह के पैतृक गांव राजपुर पहुंचे। राजभर ने ट्वीट कर कहा कि परिवहन राज्य मंत्री सिंह के पिता विंध्याचल सिंह जी के निधन पर उनके राजपुर स्थित आवास पर श्रद्धांजलि देकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। माना जाता है कि राजभर और दया शंकर सिंह के बीच अत्यंत मधुर रिश्ता है। दयाशंकर ने पिछले दिनों बलिया में बयान दिया था कि वह राजभर का भाजपा में स्वागत करने को तैयार हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भी राजभर ने दयाशंकर सिंह के साथ जाकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की थी।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के कादीपुर कोतवाली इलाके में रविवार की रात एक युवक को कुछ अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। युवक को लखनऊट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कोतवाली कादीपुर क्षेत्रान्तर्गत कस्बा कादीपुर के रहने वाले गौरव सिंह (22) को रविवार की रात में टीचर्स कालोनी के पास कुछ अज्ञात लोगों ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सिंह को उचित इलाज के लिए जिला अस्पताल से लखनऊके लिए रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक छानबीन में पता चला है कि गौरव सिंह के ऊपर नाबालिग से दुष्कर्म समेत चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा व्यक्तिगत रंजिश से लेकर सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष से अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**बच्ची के साथ नाबालिग ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज:** बलिया । जिले के उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पांच साल की बच्ची के साथ उसके 12 वर्षीय नाबालिग पड़ोसी द्वारा कथित रूप से बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को रविवार को पकड़ लिया है। उभांव के प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह ने सोमवार को बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पांच वर्षीया बच्ची के साथ उसके पड़ोसी 12 वर्षीय किशोर द्वारा रविवार को दोपहर अपने घर के छत पर कथित रूप से बलात्कार किया गया। उन्होंने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर पर रविवार की रात्रि किशोर के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धारा में मामला दर्ज किया गया।

## सोशल मीडिया पर योगी की आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने पर छात्र गिरफ्तार

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने के आरोप में जिले की तालग्राम थाना पुलिस ने एक छात्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। तालग्राम थाना प्रभारी हरिश्याम सिंह ने बताया कि तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया निवासी इंटर के छात्र 18 वर्षीय आशीष यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने तालग्राम थाना पहुंच कर बंद कमरे में छात्र से पूछताछ की।

इंटर के छात्र आशीष यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी जिस पर कुछ लोगों ने ट्वीट करके पुलिस महानिदेशक को शिकायत की थी। इसके बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए कार्वाई की।

## बाइक सवार दो दलित युवकों को ट्रैक्टर से रौंदा, एक की मौत

सहारनपुर (उप्र), 11 जुलाई (भाषा) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के थाना गागलहेडी के एक गांव में कथित तौर पर ट्रैक्टर पर स्टंट कर रहे दबंग युवकों ने कथित रूप से बाइक सवार दो दलित युवकों को कुचल दिया जिससे इस घटना में एक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृत युवक के चाचा की तहरीर पर चार युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। सहारनपुर के देहात पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने पीटीआईभाषा को बताया कि मृतक के चाचा सतवीर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरा भतीजा मुलायम (28) और उसका दोस्त विशाल (27) रविवार की शाम को देहरादून से बाइक पर बैठ कर माल्ली गांव आ रहे थे, तभी रास्ते में दबंग युवकों ने ट्रैक्टर लेकर अपना स्टंट दिखाना शुरू कर दिया। सतवीर ने आरोप लगाया कि दोनों ने जब रास्ता छोड़ने को कहा तो ट्रैक्टर पर स्टंट दिखाने वाले युवकों ने इनकी बाइक को रौंद दिया, जिससे मुलायम और विशाल गम्भीर रूप से घायल हो गए। तहरीर में लगाए गए आरोप के मुताबिक दोनों को अधमरा छोड़कर हमलावर फरार हो गए, दोनों को जब गांव वाले अस्पताल ले गए तो चिकित्सकों ने मुलायम को मृत घोषित कर दिया जबकि विशाल की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक गुर्जर समाज के हैं और मामले की संवेदनशीलता देखते हुए भारी पुलिस बल गांव में तैनात किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्र की गोली मारकर हत्या एक हिरासत में

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के स्याना कोतवाली इलाके में दसवी कक्षा के एक छात्र की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना रविवार की है और मामला दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस बीच घटना के विरोध में सोमवार को मृतक के घरवालो और अन्य लोगो ने बुलंदशहर-गढ़मुक्तेश्वर राजमार्ग पर जाम लगा दिया। स्याना की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) वंदना शर्मा ने सोमवार को बताया कि रविवार को दसवी कक्षा के छात्र लक्ष्य (16) की हत्या कर देने की सूचना उसके साथी ने दी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और इस संबंध मे भादंवि की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। सीओ ने बताया कि मृतक के घरवालो ने जाम लगा दिया था लेकिन उन्हें समझा बुझाकर आगे की कार्यवाही के लिए बता दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक संदिग्ध हिरासत मे है और उससे पूछताछ मे कुछ और लोगों के घटना में शामिल होने का पता चला है। सीओ के मुताबिक लक्ष्य को पार्टी मे ले जाने की बात कहकर आरोपी उसे उसके घर से ले गए और घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि छात्रो मे दो तीन दिन पहले किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था, मामले की छानबीन के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं।

## प्रतापगढ़ में टैक्सी चालक की गला रेत कर हत्या

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर कुंडा थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह एक टैक्सी चालक का शव पाया गया, जिसकी धारदार हथियार से गला रेत कर कथित तौर पर हत्या की गई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा ने बताया कि आज सुबह सूचना मिलने पर कुंडा क्षेत्र के मनगढ़ डिग्री कालेज के पास से 57 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया, जिसकी किसी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर मृतक की पहचान प्रेम चंद्र यादव, निवासी गोमती नगर, लखनऊ के रूप में की गई है। मृतक ओला टैक्सी चालक था। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मिश्रा ने बताया कि पुलिस घटना के संबंध में जांच कर रही है।

**बलरामपुर में सरयू नहर में डूबकर दो युवकों की मौत, तीन को बचाया:** बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के पचपेड़वा थानाक्षेत्र में सोमवार को सरयू नहर में नहाने गए पांच युवक डूबने लगे जिसमें से तीन को बचा लिया गया लेकिन दो की डूबकर मौत हो गई। यह जानकार पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार जुडिकुइया गांव के पास बह रही सरयू नहर में सोमवार को पांच युवक नहाने गए थे और अचानक तेज धारा में पांचों युवक बहने लगे। पुलिस के अनुसार चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने तीन युवकों को कड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया लेकिन सोनू (24) और फैजान (28) की डूबकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष आलोक राय ने बताया कि दोनों युवकों के शव बरामद करके एवं पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक एस पी यादव ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात करके उन्हें हर सम्भव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

**गोंडा में विवाहिता की संदिग्ध मौत, पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप:** गोंडा। तरबगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। तरबगंज के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने सोमवार को बताया कि उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया चरौथा निवासी शिव नारायण दूबे की पुत्री प्रतिभा उर्फ बिंदु (25) की शादी करीब दो वर्ष पूर्व स्थानीय थाना क्षेत्र के सरांवा गांव के निवासी लाल मणि उर्फ लल्लू के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में बिंदु की मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचने पर बिंदू का शव चारपाई पर पड़ा देखा।उन्होंने बताया कि मृतका के पिता दूबे की सूचना पर पहुंचे भानुपुर चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पूरे जोश के साथ वनडे में उतरेगी टीम इंडिया

## ● एकदिवसीय श्रृंखला आज से, भारत व इंग्लैंड तैयार

**भाषा।** लंदन



**इंग्लैंड के खिलाफ** टी20 श्रृंखला में आक्रामक रुख अख्तियार करने का भारत को फायदा हुआ लेकिन मंगलवार से शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में बल्लेबाज पहली गेंद से ही बड़ा शॉट लगाने से बचेंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम को अपने आक्रामक रूख को बनाए रखना चाहिए। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में अपने आक्रामक खेल से एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। टीम को इसका फायदा 2019 विश्व कप खिताब के साथ मिला था। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी की टी20 प्रारूप में भारत का रूख इंग्लैंड से प्रेरित है। इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए रोहित ने कहा कि सफेद गेंद के प्रारूप में टीम का हर मैच अब अहम होगा। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के बाद कहा, हमारे लिए सभी मैच अहम हैं। हम यह सोचकर नहीं खेल सकते कि एकदिवसीय प्राथमिकता नहीं है, लेकिन हमें प्रत्एक खिलाड़ी के कार्यभार को ध्यान में रखना होगा। हम कुछ बदलाव करेंगे लेकिन हमारा लक्ष्य मैच जीतना है। अब 50 ओवर के मैच को टी20 का विस्तारित प्रारूप माना जाता है। भारतीय टीम का ओवल में वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र होगा जिसमें टी20 से एकदिवसीय श्रृंखला में हुए बदलाव से सामंजस्य बैठाने पर जोर देना होगा। यह श्रृंखला सिर्फ एकदिवसीय प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे शिखर धवन जैसे खिलाड़ी के लिए काफी अहम होगी क्योंकि आगामी वेस्टइंडीज दौरे पर उन्हें टीम का नेतृत्व करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीमित मौके मिलने के बाद भी बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। धवन एकदिवसीय खेलें या इंडियन प्रीमियर लीग उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। भारतीय प्रशंसकों को हालांकि विराट कोहली के लय में लौटने का इंतजार है। इस दौरे पर टेस्ट और टी20 में उनके बल्ले से रन नहीं निकले। टीम के नए रूख को देखते हुए उन पर पहली ही गेंद से रन बनाने का दबाव होगा। एकदिवसीय प्रारूप होने से हालांकि लय हासिल करने का उनके पास थोड़ा अधिक समय होगा। रविवार को टी20 मैच में छह गेंद की पारी में उन्होंने शानदार चौका और छक्का जड़ा लेकिन ज्यादा आक्रामक रूख अपनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इयोन मोर्गन के संन्यास के बाद इंग्लैंड के पूर्णकालिक कप्तान के तौर पर जोस बटलर की यह पहली एकदिवसीय श्रृंखला होगी। टीम टी20 श्रृंखला की निराशा को यहां दूर करना चाहेगी। खुद कप्तान भी खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर लय हासिल करना चाहेंगे। टीम को हालांकि बेन स्टोक्स, जो रूट और जॉनी बेयरस्टो जैसे दिग्गजों के आने से काफी मजबूती मिलेगी।

## कोहली को ग्रोइन की चोट, पहले मैच से हो सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली।** खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज विराट कोहली को तीसरे टी20 मैच के दौरान ग्रोइन में चोट लगी जिससे इंग्लैड के खिलाफ मंगलवार को ओवल पर पहले वनडे मे उनका खेलना संदिग्ध है। कोहली की चोट के बारे मे विस्तार से पता नही चल सका है लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन उन्हे पहले मैच मे ब्रेक दे सकता है ताकि वह अगले दो मैचो के लिए उपलब्ध रहें जो क्रमशः 14 जुलाई और 17 जुलाई को खेले जाने है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , विराट को पिछले मैच के दौरान ग्रोइन की चोट लगी है। अभी यह पता नही चल सका है कि यह बल्लेबाजी के दौरान लगी या क्षेत्ररक्षण के दौरान। वह संभवतः कल का मैच नही खेलेगा। पता चला है कि कोहली टीम बस में नॉटिंघम से लंदन नही आए हैं। इसके पीछे मेडिकल चेक अप एक वजह हो सकती है। सोमवार को सिर्फ वनडे टीम के लिए चुने गए खिलाड़ियों शिखर धवन, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र मे हिस्सा लिया। यही वजह है कि वेस्टइंडीज और अमेरिका में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम का चयन अब मंगलवार को किया जाएगा। भारतीय खेमे के करीबी सूत्रों ने बताया कि कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पूरी श्रृंखला से आराम मांगा है। इस बीच बीसीसीआई ने कोरोना संक्रमण के खतरे के कारण मैनचेस्टर से वेस्टइंडीज टीम चार्टर्ड विमान से भेजने का फैसला किया है।

# उमेश काउंटी के बचे हुए सत्र के लिए मिडलसेक्स में शाहीन शाह की जगह लेंगे

**भाषा।** लंदन



**भारत के** अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव इंग्लिश काउंटी सत्र के शेष बचे सत्र में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह मिडलसेक्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस 34 साल के तेज गेंदबाज ने 52 टेस्ट, 77 एकदिवसीय और सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सभी प्रारूपों में 273 अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किए हैं। अफरीदी श्रीलंका दौरे के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए स्वदेश लौट आए हैं, जिसके बाद काउंटी क्लब ने उमेश को टीम से जोड़ा है। क्लब से जारी बयान के मुताबिक, मिडलसेक्स क्रिकेट को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज उमेश कुमार यादव ने क्लब के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। वह 2022 के शेष सत्र के लिए टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। मिडलसेक्स ने बताया उमेश मौजूदा सत्र में काउंटी चैम्पियनशिप के साथ रॉयल लंदन कप (सीमित ओवर की घरेलू श्रृंखला) अभियान में भी टीम का हिस्सा होंगे। मिडलसेक्स पुरुष क्रिकेट के प्रमुख एलेक्स कोलमैन ने कहा, वह (उमेश) काफी अनुभवी है और उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार खुद को साबित किया है। वह टीम के चैंपियनशिप अभियान के शेष सत्र और रॉयल लंदन कप में हमारी संभावनाओं के लिए एक बड़ा अंतर बना सकते हैं। वह हमारे गेंदबाजों के लिए एक बेहतरीन रोल मॉडल भी होंगे। उमेश से पहले मौजूदा सत्र में अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के साथ ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर तथा कुणाल पांड्या काउंटी टीमों से जुड़े है। सुंदर और कुणाल ने क्रमशः लंकाशर और वारविकशर के साथ करार किए है। पुजारा ससेक्स के लिए खेलते है।

## रोनाल्डो बिकाऊ नहीं हैं: मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर

**बैंकॉक।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर एरिक टेन हैग ने सोमवार को कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो बिक्री के लिए नही उपलब्ध नही है। टीम सत्र पूर्व दौरे के लिए थाईलैंड मे है और क्लब मे अपने भविष्य को लेकर संदेह के बीच 37 साल के रोनाल्डो पारिवारिक मुद्दे के कारण यहां नही आए है। टेन हैग ने यहां संवाददाता सम्मेलन मे कहा, वह हमारे साथ नही है और यह व्यक्तिगत मुद्दों के कारण है। हम इस सत्र के लिए रोनाल्डो के साथ योजना बना रहे है। मै उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी ने कथित तौर पर यूनाइटेड छोड़ने की इच्छा जताई थी। टेन हैग ने कहा, उन्होंने मुझसे ऐसा कुछ नही बताया है। मैने इस बारे में कहीं पढ़ा है लेकिन मै कहना चाहता हूं कि क्रिस्टियानो बिक्री के लिए नही है।

## वीनेंडाल चोट के कारण यूरो से बाहर

**द हेग।** नीदरलैंड फुटबॉल टीम की कप्तान और गोलकीपर सारी वैन वीनेंडाल स्वीडन के खिलाफ ग्रुप सी के अपने शुरुआती मैच में चोटिल होने के कारण यूरोपीय चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। गत चैम्पियन नीदरलैंड ने एक-एक के ड्रॉ के साथ मौजूदा टूर्नामेंट में अपने अभियान को शुरू किया। डच (नीदरलैंड) फुटबॉल संघ ने कहा कि वैन वीनेंडाल सोमवार को नीदरलैंड लौटेंगी और उनकी जगह टीम मे गोलकीपर जेसिंथा वीमर लेंगी। नीदरलैंड के कोच मार्क पार्सन्स ने कहा, यह सिर्फ सारी के लिए नही बल्कि हमारी पूरी टीम के लिए बहुत बुरी खबर है। वह हमारी टीम मे एक खिलाड़ी से कहीं अधिक है। हमे उनकी कमी खलेगी।

## रूस के सट्टेबाजों से सट्टा लगवाने वाली फर्जी टी20 क्रिकेट लीग का भंडाफोड़

**मेहसाणा।** पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो यहां गुजरात मे फर्जी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा था और मुकाबलों का सीधा प्रसारण करके रूस के सट्टेबाजो से सट्टा लगवा रहा था। पुलिस अधिकारियो ने सोमवार को बताया कि गिरोह के चार सदस्यो को गिरफ्तार किया गया है। मेहसाणा के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के इंस्पेक्टर भावेश राठौड़ ने बताया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े टूर्नामेंट की छवि पेश करने के लिए मुख्य आरोपी शोएब दावड़ा ने किराए के खेत में क्रिकेट का मैदान तैयार किया और लगभग 20 मजदूरों और स्थानीय बेरोजगार युवाओं की सेवाएं ली। शोएब ने इन लोगों को फर्जी टीम की जर्सी पहनाकर मैच मे खिलाया।

## खिलाड़ियों को प्रदेश ईकाइयों में मताधिकार दे सकता है एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ प्रदेश स्तर पर भारत के पूर्व खिलाड़ियों को अधिक भागीदारी देने की क्वायद मे चुनाव मे मतदान अधिकार भी दे सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पहले ही प्रदेश ईकाइयों मे पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार दिया है।अब एआईएफएफ भी बीसीसीआई की तर्ज पर फैसला ले सकता है। एआईएफएफ ने एक सर्कुलर मे भारत के सभी पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों का ब्यौरा मांगा है जो देश के लिए कम से कम पांच मैच खेल चुके है और कम से कम दो साल पहले फुटबॉल को अलविदा कह चुके है। एक सूत्र ने बताया , प्रशासन में अधिक पूर्व खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए यह किया जा रहा है।

# रोहित ने विशेषज्ञों पर निशाना साधा

## ● कोहली के स्तर पर सवाल नहीं उठा सकते

**भाषा।** नॉटिंघम



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 टीम में विराट कोहली के स्थान पर सवाल उठाने वाले विशेषज्ञों पर निशाना साधते हुए कहा कि इस स्टार बल्लेबाज के स्तर पर संदेह नहीं किया जा सकता और टीम प्रबंधन उनका समर्थन जारी रखेगा। नवंबर 2019 के बाद किसी भी प्रारूप में शतक जड़ने में नाकाम रहे कोहली इंग्लैंड के खिलाफ दो टी20 में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। खेल के सभी प्रारूपों में कोहली की फॉर्म पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच महीने बाद वापसी की थी। कोहली की गैरमौजूदगी में दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ियों को मौका मिला जिन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में शानदार प्रदर्शन के बावजूद हुड्डा को कोहली की वापसी पर अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। भारत की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन जैसे विशेषज्ञों ने कोहली की लंबे समय से चल रही खराब फॉर्म पर चर्चा की। रविवार को तीसरे टी20 के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए रोहित ने कहा कि विशेषज्ञों को नहीं पता कि टीम के अंदर क्या हो रहा है। टीम कोहली की फॉर्म को कैसे देख रही है इस बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, यह हमारे लिए बिलकुल भी मुश्किल नहीं है क्योंकि हम बाहर की बातों पर ध्यान नहीं देते। साथ ही मुझे नहीं पता कि ए कौन विशेषज्ञ हैं और उन्हें विशेषज्ञ क्यों कहा जाता है। मुझे समझ में नहीं आता। कपिल ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रतिष्ठा के आधार पर नहीं चुना जाना चाहिए और खिलाड़ी का चयन मौजूदा फॉर्म के आधार पर होना चाहिए। वॉन ने कोहली को खेल से तीन महीने का ब्रेक लेने की सलाह दी थी। वे चीजों को बाहर से देख रहे हैं, उन्हें नहीं पता कि टीम के अंदर क्या चल रहा है। हमारे सोचने की एक प्रक्रिया है, हम टीम बनाते हैं, हम बहस करते हैं और चर्चा करते हैं और इस बारे में काफी सोचते हैं। उन्होंने कहा, जिन खिलाड़ियों को हम चुनते हैं उनका समर्थन करते हैं, उन्हें मौके दिए जाते हैं। बाहरी लोगों को इस बारे में पता नहीं होता। इसलिए यह अधिक महत्वपूर्ण है कि हमारी टीम के अंदर क्या चल रहा है, मेरे लिए यही महत्वपूर्ण है। कोहली के नाम 70 अंतरराष्ट्रीय शतक दर्ज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनसे अधिक शतक रिकी पोंटिंग (71) और सचिन तेंदुलकर (100) ने ही बनाए हैं। रोहित का मानना है कि इस स्टार बल्लेबाज के स्तर पर सवाल नहीं उठाए जा सकते। उन्होंने कहा, साथ ही अगर आप फॉर्म की बात कर रहे हैं तो सभी की फॉर्म में उतार चढ़ाव आता है। खिलाड़ी का स्तर खराब नहीं होता। इस तरह की टिप्पणी करते हुए हमें हमेशा ध्यान रखना होता है। रोहित ने कहा, ऐसा मेरे साथ हुआ, ऐसा किसी के भी साथ होता है। इसमें कुछ भी नया नहीं है।

## क्रॉसओवर मैच में स्पेन के खिलाफ हार के साथ भारत का विश्व कप में खिताब का सपना टूटा

**टेरेसा (स्पेन)।** भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां क्रॉसओवर मैच में कड़े मुकाबले में सहमेजबान स्पेन के खिलाफ 0-। की शिकस्त के साथ एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। तीन क्वार्टर तक दोनों टीम के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन निर्धारित समय खत्म होने से सिर्फ तीन मिनट पहले मार्ता सेगु ने रिबाउंड पर गोल दागकर भारत को खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। पूरे टूर्नामेंट की तरह क्रॉसओवर मैच में भी भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। भारत को स्पेन के तीन के मुकाबले चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इनमें से एक को भी गोल में नहीं बदल सकी। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर आठवें मिनट में मिला लेकिन भारतीय खिलाड़ी स्पेन के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। पहले क्वार्टर में दोनों टीम के खेल में हिचकिचाहट दिखी और दोनों टीम ने इस दौरान गलतियां की। इस दौरान गोल करने के काफी कम मौके बने।

# फेडरर को 25 साल में पहली बार रैंकिंग नहीं

## जोकोविच सातवें स्थान पर

**भाषा।** विंबलडन



**रोजर फेडरर** सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग (पुरुष एकल) से पिछले 25 वर्षों में पहली बार बाहर हो गए जबकि अपना सातवां विंबलडन खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच चार स्थान की गिरावट के साथ सातवें पायदान पर खिसक गए। विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस इस रैंकिंग में 40वें से 45वें पायदान पर फसल गए। जोकोविच और किर्गियोस शानदार प्रदर्शन के बाद भी रैंकिंग में सुधार नहीं कर सकें क्योंकि रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण एटीपी और डब्ल्यूटीए ने विंबलडन में खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं देने का फैसला किया था। फेडरर सितंबर 1997 में 16 साल की उम्र में पदार्पण करने के बाद से हर सप्ताह एकल रैंकिंग में जगह बनाने में सफल रहे है। वह रैंकिंग में 803 वें स्थान से अपना सफर शुरू करने के बाद शीर्ष तक पहुंचे। रैंकिंग में सबसे अधिक समय तक पहले स्थान पर रहने का उनका रिकॉर्ड जोकोविच ने तोड़ा था। विंबलडन शुरू होने से पहले फेडरर 97वें स्थान पर थे लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब में टूर्नामेंट खत्म होने के बाद उनके पास एक भी रैंकिंग अंक नहीं बचा। रैंकिंग खिलाड़ियों के पिछले 52 सप्ताह के प्रदर्शन पर आधारित होती है और फेडरर ने पिछले साल विंबलडन क्वार्टर फाइनल के बाद कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। उस मैच के बाद फेडरर को दाएं घुटने का ऑपरेशन करना पड़ा था और वह अब तक खेल में वापसी नहीं कर सके है। विंबलडन टूर्नामेंट से रैंकिंग अंक नहीं मिलने का खामियाजा महिला वर्ग में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने वाली एलेना रिबाकिना के भी उठाना पड़ा। वह पहले की तरह 23वें स्थान पर बनी हुई है। शनिवार के फाइनल में रिबाकिना से हार का सामना करने वाली ओन्स जाबेर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। पिछले साल की उपविजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा आठ स्थान नीचे 15 वें पायदान पर फिसल गई। ऑस्ट्रेलियन ओपन की उपविजेता डेनियल कोलिन्स सातवें, अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडुकानु 10वें और फ्रेंच ओपन उपविजेता कोको गॉ 11वें स्थान पर हैं। लगातार 37 जीत के बाद हार का सामना करने वाली फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक शीर्ष महिला खिलाड़ी बनी हुई है।रूस के दानिल मेदवेदेव पुरुषों में शीर्ष खिलाड़ी है। उन्हें हालांकि विंबलडन में खेलने का मौका नहीं मिला।

## बांग्लादेश ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज के हराकर दौरे की पहली जीत दर्ज की

**जॉर्जटाउन ( गयाना )।** बांग्लादेश ने पहले वडनडे में छह विकेट की जीत के साथ वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे पर रविवार को पहली जीत दर्ज की। मैदान गीला होने के कारण मैच को 41 ओवर का कर दिया गया था। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिसने निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर 149 रन बनाए। टीम की ओर से शामरा ने 66 गेंद में सर्वाधिक 33 रन बनाए। एंडरसन (नाबाद 21) और जेडन (नाबाद 16) ने अंतिम विकेट के लिए 39 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 150 रन के करीब पहुंचाया।

# अर्जुन बबूता को 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण

## ● विश्व कप निशानेबाजी

**भाषा।** चांगवन



**युवा** भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता ने सोमवार को यहां तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता लुकास कोजेंस्की को पछाड़कर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता और आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में देश के पदक का खाता खोला।

स्वर्ण पदक के मुकाबले में अर्जुन ने अमेरिका के कोजेंस्की को आसानी से 17-9 से हराया।यह अर्जुन का सीनियर टीम के साथ पहला स्वर्ण पदक है। उन्होंने अजरबेजान के गबाला में 2016 जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। पंजाब के 23 साल के अर्जुन 2016 से भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पहले वह रैंकिंग दौर में 261.1 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहे थे। कोजेंस्की ने 260.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई जबकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे इजराइल के 33 साल के सर्गेई रिक्टर ने 259.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय पार्थ मखीजा 258.1 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें स्थान के साथ रैंकिंग दौर में जगह बनाई थी। फाइनल में अर्जुन ने कोजेंस्की को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने एक शॉट की सात सीरीज के बाद 10-4 की बढ़त बनाई। प्रत्एक सीरीज के विजेता को दो अंक मिलते हैं और टाई होने पर अंक बांटे जाते हैं। पहले 16 अंक जुटाने वाले निशानेबाज को विजेता घोषित किया जाता है। अमेरिकी खिलाड़ी ने हार नहीं मानी लेकिन अर्जुन ने महत्वपूर्ण मौकों पर 10 से अधिक अंक जुटाए और स्वर्ण पदक के साथ प्रतियोगिता में भारत के पदक का खाता खोला।

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 39 रन से हराया

**गॉल।** अनुभवी दिनेश चांदीमल के नाबाद दोहरे शतक और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या के दोनों पारियो में छह-छह विकेट से श्रीलंका दूसरे टेस्ट मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया को पारी और 39 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैचों की श्रृंखला एक-एक से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया की टीम दिन के आखिरी सत्र में नौ विकेट गंवा कर एक दिन का खेल बाकी रहते मैच हार गई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका की यह पारी से पहली जीत है। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी मे 554 रन बनाने के बाद 190 रन की बढ़त ली और फिर ऑस्ट्रेलिया को 151 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया को सलामी बल्लेबाजो ने दूसरी पारी मे अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन रमेश मेंडिस ने डेविड वार्नर (24) को पगबाधा कर उस्मान ख्वाजा (29) के साथ उनकी 49 रन की साझेदारी को तोड़ा इसके बाद जयसूर्या ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को क्रीज पर रुकने का मौका नही दिया।

## न्यूजीलैंड ने अंतिम ओवर में रिकॉर्ड 24 रन बनाकर आयरलैंड को हराया

मालाहाइड (आयरलैंड)। माइकल ब्रेसवेल ने पांचवी गेंद पर विजई छक्के सहित अंतिम ओवर में 24 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां आयरलैंड को एक गेंद शेष रहते एक विकेट से हरा दिया। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 300 रन बनाए जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 49.5 ओवर में नौ विकेट पर 305 रन बनाकर जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने 22वें ओवर में जब सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल (51) का विकेट गंवाया तो उसका स्कोर पांच विकेट पर 120 रन हो गया और ऐसा लग रहा था कि उसकी हार लगभग तय है लेकिन ब्रेसवेल ने 82 गेंद में नाबाद 127 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के जड़े और अंतिम छक्के से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने 50वे ओवर में 20 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करने नया रिकॉर्ड बनाया।

## चियानसे ने हैदराबाद के साथ करार आगे बढ़ाया

**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलिया के फुटबॉल खिलाड़ी जोएल चियानसे ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी के साथ अपने करार को लगातार तीसरे सत्र में आगे बढ़ाया है। क्लब ने सोमवार को यह घोषणा की। क्लब से 2020 मे जुड़ने वाले चियानसे नए करार के बाद 2022-23 सत्र तक टीम के साथ रहेंगे। क्लब से जारी विज्ञप्ति मे इस 32 साल के खिलाड़ी ने कहा, हमने एक साथ सफलता का स्वाद चखा है और अब यह देखना एक रोमांचक चुनौती है कि क्या हम इसे फिर से दोहरा सकते है। उन्होने टीम के लिए 31 मैचो मे सात गोल किए है और चार गोल करने में साथी खिलाड़ी की मदद की।

## मैनचेस्टर छोड़कर फिर यूवेंटस से जुड़े पोग्बा

**तुरिन।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी पॉल पोग्बा ने सोमवार को इटली के दिग्गज क्लब यूवेंटस मे वापसी की। पोग्बा को दोबारा अपने साथ जोड़ना यूवेंटस के लिए फायदे का सौदा रहा। छह साल पहले पोग्बा को तब की विश्व रिकॉर्ड 10 करोड़ 50 लाख यूरो (11 करोड़ 60 लाख डॉलर) फीस पर मैनचेस्टर यूनाईटेड को देने के बाद यूवेंट्स ने फ्रांस के इस मिडफील्डर को फ्री ट्रांस्फर (मुफ्त स्थानांतरण) पर अपने साथ जोड़ा है। पोग्बा सबसे पहले 2012 में यूवेंटस से जुड़े थे और तब इस किशोर खिलाड़ी के लिए क्लब ने यूनाईटेड को सिर्फ आठ लाख पाउंड (लगभग 10 लाख डॉलर) का भुगतान किया था। अब 29 साल के पोग्बा ने यूवेटस मे वापसी के लिए चार साल का करार किया है और इसके लिए कथित तौर पर उन्होंने अधिक वेतन का पेरिस सेंट जर्मेन की पेशकश भी ठुकरा दी।

# सिंधू व प्रणय सिंगापुर टूर्नामेंट में चुनौती की अगुवाई करेंगे

## ● आज से सुपर 500 मुकाबले शुरू होंगे

**भाषा।** सिंगापुर





**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय मंगलवार को यहां शुरू हो रहे सिंगापुर सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले यह आखिरी टूर्नामेंट है।

सिंधू (तीन) और किदाम्बी श्रीकांत (सात) महिला और पुरूष वर्ग में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं जिन्हें आसान ड्रॉ मिले हैं। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू पहले दौर में बेल्जियम की लियाने टैन से खेलेगी। उन्हें अंतिम आठ में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान से खेलना पड़ सकता है जिनके खिलाफ उनका रिकॉर्ड 17 .1 का है। सेमीफाइनल तक सिंधू की राह आसान हो सकती है लेकिन अंतिम चार में उनकी टक्कर चिर प्रतिद्वंद्वी ताइ जू यिंग से हो सकती है जिसने हाल ही में सिंधू को लगातार छह बार हराया है। अनुभवी साइना नेहवाल अपने अभियान का आगाज मालविका बंसोड़ के खिलाफ करेगी। इसमें विजई रहने वाले का सामना 2018 एशियाई खेल रजत पदक विजेता हि बिंग जियाओ से हो सकता है। इंडोनेशिया ओपन के बाद वापसी कर रहे श्रीकांत को आसान ड्रॉ मिला है जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन ने नाम वापिस ले लिया है। श्रीकांत का सामना पहले दौर में क्वालीफायर से होगा जबकि क्वार्टर फाइनल में वह हमवतन बी साइ प्रणीत से भिड़ सकते हैं। सेमीफाइनल में टक्कर तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपै के चोउ तिएन चेन से हो सकती है जो इंडोनेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे थे। मलेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन में सेमीफाइनल में हारे प्रणय का सामना पहले दौर में थाईलैंड के सित्तिकोम थाम्मासिन से होगा। वहीं पारूपल्ली कश्यप पहले दौर में जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे। समीर वर्मा पहले दौर में चीन के गैर वरीय लि शि फेंग से खेलेंगे। पुरूष युगल वर्ग में सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने नाम वापिस ले लिया है। भारत के लिए कृष्णा प्रसाद गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ तथा ध्रुव कपिला और एम आर अर्जुन खेलेंगे। महिला युगल में पूजा डांडु और आरती सारा पहले दौर में क्वालीफायर से खेलेंगी।

## देविका, अभिवर्धन युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चमके

**चेन्नई।** मौजूदा जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियन देविका घोरपडे और अभिवर्धन शर्मा समेत महाराष्ट्र के सात मुक्केबाज युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में सोमवार को फाइनल में पहुंच गए। हरियाणा की महिला टीम और सेना खेल नियंत्रण बोर्ड पुरूषों की टीम ने भी उम्दा प्रदर्शन किया जिनके 11 मुक्केबाज फाइनल में पहुंचे। देविका ने 52 किलोवर्ग में अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए पंजाब की कुलदीप कौर को हराया। अब उसका सामना हरियाणा की अंजलि से होगा। वहीं 57 किलो फीदरवेट वर्ग में आर्या बारटाके ने राजस्थान की अंजू को हराया। अब वह मिजोरम की नाओम चिंगसानुआमी से खेलेंगी। महाराष्ट्र की शरवरी (75 किलो), नसवीरा (81 किलो), कंचन सुरांसे (81 प्लस किलो) भी फाइनल में पहुंच गई। उनका सामना हरियाणा की मुस्कान, प्रांजल और कीर्ति से होगा।